सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

मंगलवार, 06 अक्टूबर, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 88, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा, निफ्टी 133.80 अंक ऊपर

शेयर बाजार में चार दिन की गिरावट के बाद रौनक लौटी। सेंसेक्स 473 अंक ऊपर बंद हुआ, निफ्टी ने भी 22,550 का आंकड़ा पार किया। } 10

मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था हो रही कमजोर

विदेश मंत्री एस . जयशंकर ने कहा कि मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को लंबे समय तक अमेरिका का भारी समर्थन हासिल था, लेकिन अब उसके बदले हुए रुख से यह व्यवस्था कमजोर हो रही है। } 12



संस्कृत के साथ कंप्यूटर भी समझें विद्यार्थी

आधुनिकता का अर्थ केवल तकनीक या अंग्रेजी नहीं : राजनाथ

जिला संवाददाता

अयोध्या। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक विज्ञान के बीच किसी तरह का विरोध नहीं है। आवश्यकता इस बात की है कि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने के साथ आधुनिक ज्ञान-विज्ञान में भी दक्ष बने। विद्यार्थी संस्कृत के श्लोक समझने के साथ कंप्यूटर कोड पढ़ने और नई तकनीक को समझने की क्षमता भी विकसित करें। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य का निर्माण करना होगा। उक्त विचार रक्षा मंत्री सोमवार को रानोपाली स्थित उदासीन ऋषि आश्रम में आयोजित गुरु पर्व समारोह और संत



सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने रामलला और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। आश्रम पहुंचने पर संतों की समाधियों पर पूजन-अर्चन किया। उन्होंने नारायण संस्कृत महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी किया। राजनाथ सिंह ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स में वैदिक गणित पढ़ाई जाती है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के विद्यालयों में ...शेष पृष्ठ 10 पर

राज्यसभा चुनाव : भाजपा ने जारी की आठ प्रत्याशियों की सूची

विशेष संवाददाता

लखनऊ। भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय चुनाव समिति ने यूपी में 10 सीटों पर होने वाले राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव के लिए 8 प्रत्याशियों की सूची जारी कर दी है। नामांकन के अंतिम तिथि एक दिन पहले जारी सूची में पार्टी ने पुराने चेहरों को दुबारा मौका न देते हुए सभी नए चेहरों को मैदान में उतारा है। इनमें प्रदेश के कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह, पूर्व एमएलसी विद्यासागर सोनकर, प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह, पूर्व सांसद प्रियंका रावत, राधाकांत ओझा, गोपीकृष्ण पांडेय, श्रुति गंगवार और प्रकाश पाल शामिल हैं। इस प्रकार प्रत्याशियों में तीन पिछड़ा, दो-दो दलित व ब्राम्हण और एक राजपूत समाज के लोगों को शामिल किया गया है।

भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय प्रभारी और राज्यसभा सांसद तरुण चुग की ओर से जारी सूची में इस बार पार्टी ने किसी बाहरी के स्थान पर सभी स्थानीय नेताओं को ही मौका दिया है। माना जा



रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने बाहरी को लाकर किसी तरह का विवाद नहीं खड़ा करना चाहती है। खास बात यह है कि पार्टी ने प्रत्याशी चयन में सामाजिक समीकरण के साथ संगठनात्मक सक्रियता को प्राथमिकता देकर पार्टी ने उस राजनीतिक दिशा का संकेत दिया है। सूची में ओबीसी, दलित, ब्राह्मण, ठाकुर और महिला प्रतिनिधित्व को जगह दी गई है। साथ ही संगठन में सक्रिय रहे चेहरों को उच्च सदन भेजने का फैसला किया गया है।

जिन सदस्यों की कार्यकाल 25 नवंबर को खत्म हो रहा है, उनमें भाजपा के बृजलाल, हरदीप सिंह पुरी, बीएल वर्मा, सीमा द्विवेदी, गीता शाक्य, डॉ दिनेश शर्मा, नीरज शेखर और अरुण सिंह, सपा के प्रोफेसर राम गोपाल यादव और बसपा के रामजी गौतम शामिल हैं। देखा जाए तो मौजूदा सदस्यों में दो ओबीसी सदस्य हैं। इस बार इनके स्थान पर तीन ओबीसी चेहरे को मौका दिया गया है। इसी तरह दो महिला के स्थान पर महिलाओं और दो ब्राम्हण के कोटा को कोटा बरकरार रखा गया है। जबकि मौजूदा दो राजपूत सदस्यों के स्थान पर एक चेहरे को मौका मिला है। केंद्र सरकार में मंत्री हरदीप पुरी और बीएल वर्मा को इस बार दोबारा मौका नहीं दिया गया है। ऐसे संवैधानिक व्यवस्था के मुताबिक अब इन दोनों मंत्रियों की केंद्रीय मंत्रिमंडल से छुट्टी होने की अटकले हैं। भाजपा की सूची को केवल राज्यसभा की आठ सीटों के लिए उम्मीदवार चयन के तौर पर नहीं देखा जा रहा है। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की पृष्ठभूमि में पार्टी ने उच्च सदन के लिए चेहरों का चयन करते हुए अलग-अलग सामाजिक समूहों को साधने का संकेत दिया है। ब्राह्मण, राजपूत, ओबीसी, दलित और महिला ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

चोरी का विरोध करने पर शिक्षक दंपती की हत्या

कादीपुर-सुलतानपुर (वीओएल)। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कुंभी डुड़िया स्थित मनराजी शिक्षण संस्थान में शिक्षक दंपती की नृशंस हत्या का सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल खुलासा करते हुए कहा कि चोरी के इरादे से संस्थान में घुसे दो आरोपितों ने विरोध करने पर शिक्षक मुकेश कुमार सिंह और उनकी पत्नी विनीता सिंह पर फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद दोनों आरोपी नकदी और मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के मुताबिक, 28 सितंबर की रात मनराजी शिक्षण संस्थान में शिक्षक दंपती की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। दोहरे हत्याकांड की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों की निगरानी में एसओजी, सर्विलांस समेत कई टीमें गठित की गईं। जांच के दौरान पुलिस ने राकेश कुमार यादव पुत्र स्व. लहुरी यादव और आशीष यादव उर्फ डब्बू यादव पुत्र हरिनाथ यादव निवासी कुंभी डुड़िया को गिरफ्तार किया।

बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

बागपत। बड़ौत स्थित छछरपुर गांव के डीडीए के सेवानिवृत्त कर्मी चंद्रपाल के अविवाहित चाचा इंद्र (92) की रविवार देर रात नलकूप पर कुल्हाड़ी और फरसे से आठ वार करके हत्या की गई। सोमवार सुबह खून से लथपथ उनका शव नलकूप के पास पड़ा मिला। पास में ही हाथ की कटी हुई अंगुली और थोड़ी दूर शराब की खाली बोतलें भी मिलीं। उनके भतीजे चंद्रपाल की तहरीर पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी। छछरपुर गांव के रहने वाले किसान विवेक ने बताया कि सोमवार सुबह करीब छह बजे गूंगाखेड़ी मार्ग पर स्थित खेत में काम करने आया था। गूंगाखेड़ी-छछरपुर मार्ग स्थित नलकूप के पास खेत में खून से लथपथ पड़ोसी किसान इंद्र का शव पड़ा हुआ दिखाई दिया।

फैजुल्लागंज से नैमिष तक नदी पर बनेगा तटबंध

मुख्यमंत्री ने फैजुल्लागंज से नैमिष नगर तक किया हवाई सर्वेक्षण, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी फोन कर जतायी चिंता

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फैजुल्लागंज से नैमिष तक हवाई सर्वेक्षण कर बाढ़ की विभीषिका देखी, फिर बक्शी का तालाब क्षेत्र में बाढ़ प्रभावितों के बीच पहुंचकर उनका दुख-दर्द जाना और राहत सामग्री का वितरण किया। सीएम यहां स्वास्थ्य शिविर में भी पहुंचे और डॉक्टरों से दवाओं/व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी ली। मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठे बाढ़ पीड़ित के पास पहुंचे और शासन से मिली राहत सामग्री, अन्न, चिकित्सा आदि सुविधाओं की हकीकत जानी। उन्होंने बच्चों को पास बुलाकर चॉकलेट भी दी।

मुख्यमंत्री ने अक्टूबर में आई इस बाढ़ विभीषिका पर चिंता जताई। कहा कि गोमती नदी पर तटबंध बनने से काफी हद तक बाढ़ की विभीषिका को रोका जा सकता है। मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव को फैजुल्लागंज से लेकर नैमिष तक नदी



के तट का सर्वे कराते हुए तटबंध बनवाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो गांव तटबंध के बाहर रहे, वहां बरसात का पानी निकालने की उचित व्यवस्था हो। तटबंध बनने के बाद नदी का जलस्तर बढ़े तो अंदर का पानी जमा होकर बीमारी न पैदा करे, बल्कि पंपिंग सेट लगाकर बाहर निकाला जाए। सिंचाई विभाग इन कार्यों का प्रस्ताव बनाकर शीर्घ कार्य प्रारंभ कराए, जिससे आने वाले समय में इस त्रासदी को रोक सकें और बाढ़ की

गांवों की सुरक्षा के लिए तैनात होंगी पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें, होमगार्ड व पीआरडी जवान

मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि ग्रामीणों के बाहर आने पर रात में गांवों की सुरक्षा के लिए चौकीदार, होमगार्ड, पीआरडी, पुलिस की पेट्रोलिंग हो और वहां पेट्रोमैक्स जलाए जाएं। कैंप में पेट्रोमैक्स या सोलर लाइट की व्यवस्था कराई जाए, जिससे लोगों को सुविधा मिल सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि आपदा पीड़ित चिंतित न हों, सरकार निरंतर राहत सामग्री कराएगी। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि आपदा की घड़ी में सरकार हरसंभव मदद करेगी। सीएम ने सभी के सुखी-स्वस्थ होने की कामना की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, विधायक योगेश शुक्ल, डॉ. नीरज बोरा, विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष विजय मौर्य, इटौंजा के नगर पंचायत अध्यक्ष अखिलेश अवस्थी आदि मौजूद रहे।

सीएम योगी ने कहा कि हर व्यक्ति की जान बचाना हमारे लिए महत्वपूर्ण है। बरसात में पानी भरने पर सांप-बिच्छू आदि के काटने का खतरा बढ़ जाता है, इसलिए हर स्वास्थ्य केंद्र में एंटी स्नेक वेनम की व्यवस्था की गई है। एंटी रैबीज इंजेक्शन भी उपलब्ध है। डूबने-आकाशीय बिजली से जनहानि पर ...शेष पृष्ठ 10 पर

विभीषिका पर अंकुश लगाया जा सके। सीएम ने आज सुबह रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के फोन आने के बारे में बाढ़ पीड़ितों को अवगत कराया। बाढ़ को लेकर रक्षा मंत्री की चिंता के विषय में भी जानकारी दी। रक्षा मंत्री ने फैजुल्लागंज से नैमिष तक तटबंध बनने से बाढ़ ...शेष पृष्ठ 10 पर

लापरवाही करने पर मंडी सचिव मुकेश जायसवाल सस्पेंड

लखनऊ। राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज नवीन मंडी स्थल, जंगीपुर (गाजीपुर) का स्थलीय निरीक्षण कर मंडी की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मंडी परिसर में सफाई व्यवस्था अत्यंत खराब एवं असंतोषजनक पाई गई। इसके साथ ही नालों पर कब्जे तथा विभिन्न स्थानों पर अतिक्रमण की स्थिति भी सामने आई।

निदेशक ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री जी के स्पष्ट निर्देश हैं कि प्रदेश की मंडी व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं किसान-केंद्रित बनाया जाए। किसानों को मंडियों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता है। किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि मंडी परिसर की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए संबंधित अधिकारियों को विगत बार-बार निर्देशित किया जा रहा था, इसके बावजूद मंडी सचिव द्वारा अपेक्षित स्तर पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। सफाई, नालों से कब्जे हटाने तथा अतिक्रमण की समस्या के समाधान में बरती गई ...शेष पृष्ठ 10 पर


एसआईआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट सख्त

चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, मुख्य व अन्य चुनाव आयुक्तों से मांगा जवाब

एजेंसी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने वाले 'फॉर्म 6' में बिना तय वैधानिक प्रक्रिया के बदलाव करने और मतदाता सूची संशोधन (एसआईआर) से जुड़े विवाद को लेकर चुनाव आयोग, केंद्र सरकार, मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ यह जांच करेगी कि फॉर्म 6 में बदलाव की प्रक्रिया कानून के तहत अपनाई गई थी या नहीं। हालांकि, अदालत ने इस स्तर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को निलंबित करने की याचिकाकताओं



की मांग को खारिज कर दिया है। दरअसल, यह मामला तब सामने आया जब सुप्रीम कोर्ट उन याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिनमें आरोप लगाया गया है कि रक्कप्रक्रिया से जुड़े कई महत्वपूर्ण फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सर्वसम्मति से नहीं लिए गए। याचिकाओं में विशेष रूप से चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मंजूरी न होने की बात कही गई है, जिनका कई अवसरों पर चुनाव निकाय प्रमुख मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के साथ मतभेद रहा था। याचिका पर सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश ने विशेष रूप से यह सवाल उठाया कि फॉर्म-6 में बदलाव को किसने मंजूरी दी थी? सीजेआई ने कहा, हमने किसी भी मॉडिफाइड फॉर्म 6 को मंजूरी नहीं दी है। यह बात साफ होनी चाहिए। जब रिकॉर्ड पेश किया जाएगा, तो हम देखना चाहेंगे कि इसमें बदलाव किसने किया है। बताते चलें कि इससे पहले पिछले हफ्ते चुनाव आयोग ने ...शेष पृष्ठ 10 पर

दुर्घटनाग्रस्त होने से बची फ्लाईदुबई

नई दिल्ली। फ्लाईदुबई से जुड़ी घटना के बाद अब एक और यात्री विमान में अचानक आई आपात स्थिति आ गई। ब्रिटिश एयरवेज की लंदन से शिकागो जा रही फ्लाइट बीए295 ने आयरलैंड के ऊपर उड़ान के दौरान अचानक तेजी से नीचे उतरना शुरू कर दिया। विमान कुछ ही मिनट में 37 हजार फीट से करीब 9 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इसके तुरंत बाद चालक दल ने 7700 आपात कोड जारी किया। यह विमान में सामान्य आपात स्थिति का संकेत होता है। ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए295 लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट के टर्मिनल-5 से सुबह 11 बजकर 50 मिनट पर शिकागो के ओ'हारे अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए रवाना हुई थी। यह करीब आठ घंटे 40 मिनट की उड़ान थी। विमान ...शेष पृष्ठ 10 पर

बाल विकास में आंगनबाड़ी केंद्रों की अहम भूमिका

आंगन मिलन कार्यक्रम से कम होती है समाज के बीच की दूरी : धामी

प्रमुख संवाददाता

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधम सिंह नगर जिले के खटीमा के गोसीकुआ भुड़ाई स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ समय बिताकर आंगन मिलन कार्यक्रम को आत्मीयता का रंग दिया। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, उनकी गतिविधियों को करीब से देखा और स्वयं भोजन परोसकर उनके साथ सहज संवाद किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने माताओं, गर्भवती महिलाओं और आंगनबाड़ी-आशा कार्यकत्रियों से भी सीधे बातचीत कर स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण से जुड़ी जरूरतों की जानकारी ली।

इस दौरान पांच बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार मुख्यमंत्री ने अपने



हाथों से कराया। उन्होंने 10 गर्भवती महिलाओं को पौष्टिक आहार सामग्री उपलब्ध कराई, जबकि 10 लाभार्थियों को महालक्ष्मी किट वितरित की गईं। उत्कृष्ट कार्य के लिए नौ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और दो आशा कार्यकत्रियों को सम्मानित भी किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आंगन मिलन को केवल सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार ...शेष पृष्ठ 10 पर



आज का मौसम
अधिकतम : 30.06 डिसे.
न्यूनतम : 26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- जर्जर जल संरचनाओं सरकार ने दी मजबूती (पृष्ठ-02)
- भाजपा लखनऊ महानगर की बैठक में बनी रणनीति (पृष्ठ-02)
- सोना और चांदी में आयी भारी गिरावट (पृष्ठ-10)
- केएलएच हैदराबाद बनाएगा एजेंटिक एआई कैंपस (पृष्ठ-10)
- यमन के अहम शहर पर हूतियों का कब्जा (पृष्ठ-10)

विशेष खबर | सर्वाधिक आवास पूर्ण कर यूपी ने हासिल किया प्रथम स्थान, ग्राउंडिंग के मामले में मिला तीसरा

पीएम आवास योजना-शहरी में यूपी को दो राष्ट्रीय पुरस्कार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। विश्व पर्यावास दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी में देशभर में अपनी उपलब्धियों का परचम लहराया। सोमवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित राष्ट्रीय समारोह में प्रदेश को दो प्रतिष्ठित श्रेणियों में पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि प्रदेश में जरूरतमंद परिवारों को पक्की छत उपलब्ध कराने के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों को रेखांकित करती है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आवास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता और लाभार्थी केंद्रित व्यवस्था को मिली यह राष्ट्रीय मान्यता उत्तर प्रदेश की शहरी विकास यात्रा में महत्वपूर्ण उपलब्धि है। प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के लाभार्थी आधारित आवास निर्माण (बीएलसी) घटक में



उत्तर प्रदेश ने देश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। स्वीकृत आवासों के सापेक्ष सर्वाधिक आवास पूर्ण करने पर प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों की श्रेणी में प्रथम स्थान मिला है। वहीं, प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत स्वीकृत आवासों की कुल संख्या के सापेक्ष सर्वाधिक प्रतिशत आवासों की ग्राउंडिंग यानी धरातल पर निर्माण कार्य शुरू कराने के मामले में उत्तर प्रदेश को तृतीय स्थान से सम्मानित किया गया है। दोनों प्रतिष्ठित राष्ट्रीय पुरस्कार केंद्रीय आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय के राज्य मंत्री तोखन साहू द्वारा प्रदान किए गए। इस अवसर पर केंद्र सरकार के शहरी विकास विभाग के सचिव सत्येंद्र सिंह, डी. तारा और संयुक्त सचिव कुमार रविकांत सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश की ओर से राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) के निदेशक महेंद्र बहादुर सिंह ने पुरस्कार ग्रहण किए। पुरस्कार वितरण समारोह में उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे निदेशक सूडा के साथ वित्त नियंत्रक रजनीकांत वर्मा और कार्यक्रम अधिकारी अतुल सिंह चौहान भी उपस्थित रहे। प्रदेश की इस उपलब्धि पर निदेशक सूडा ने विभाग के सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

दीपोत्सव पर 33 लाख दीपों से जगमगायेगी रामनगरी

विशेष संवाददाता

लखनऊ। दीपों की कतारें, रोशनी से जगमगाते मंदिर और सरयू तट पर आस्था का अद्भुत नजारा- अयोध्या एक बार फिर भव्य दीपोत्सव की तैयारियों में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में इस वर्ष 10वां दीपोत्सव पांच से सात नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। राम की पैड़ी सहित करीब दो किलोमीटर क्षेत्र में 33 लाख मिट्टी के दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। आयोजन को भव्य और व्यवस्थित स्वरूप देने के लिए प्रशासन और संबंधित विभागों की तैयारियां तेज हो गई हैं। दीपों की निर्बाध रोशनी के लिए 65 लाख बातियों और 55 हजार लीटर तेल की व्यवस्था की जा रही है। इसके साथ ही दीप प्रज्वलन में इस्तेमाल होने वाली टी-शर्ट, मोमबत्ती, 150 किलो कपूर समेत अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था के लिए प्रक्रिया आगे बढ़ चुकी है। आयोजन की व्यवस्थाओं को लेकर पांच टेंडर जारी किए गए हैं, जिनमें दीप-सामग्री, स्टेज निर्माण, सजावट और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं शामिल हैं। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद की ओर से इस बार भी दीपोत्सव का भव्य आयोजन कराया जाएगा। राम की पैड़ी पर विशेष स्टेज तैयार किया जाएगा, जहां सांस्कृतिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

33 लाख दीयों के लिए 55 हजार लीटर तेल व 65 लाख बातियों की तैयारी

पहले 76, अब 57,600 गांवों तक पहुंची डिजिटल लाइब्रेरी

अब शहर की दूरी से नहीं रुकेगी पढ़ाई, गांव में खुला ज्ञान का डिजिटल द्वार

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को डिजिटल लाइब्रेरी से ग्रामीण क्षेत्रों में आए बदलाव से अवगत कराते हुए कहा कि अब शहर की दूरी पढ़ाई में बाधा नहीं बन सकती। प्रदेश के 57,600 गांवों तक डिजिटल लाइब्रेरी पहुंचने से ज्ञान का डिजिटल द्वार खुला है। संसाधन करीब आए तो सपनों की राह भी आसान हुई है।

मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट 'एक्स' पर 2017 के पहले की स्थिति भी बताई। उन्होंने लिखा कि पहले गांव के किसी बच्चे को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करनी होती थी तो किताबों और बेहतर संसाधनों के लिए शहर की ओर देखना पड़ता था। दूरी समय भी लेती थी और पैसा भी। अब बहराइच के तेजवापुर ब्लॉक के खसहा मोहम्मदपुर में यही दूरी डिजिटल लाइब्रेरी ने कम कर दी है। ग्राम पंचायत सचिवालय में तैयार यह लाइब्रेरी किताब और कंप्यूटर, परंपरागत अध्ययन और आधुनिक तकनीक को



- अब बच्चों के द्वार तक पहुंच रही 'ज्ञान की रोशनी'

एक छत के नीचे जोड़ रही है। यहां कंप्यूटर, प्रिंटर, हाई-स्पीड इंटरनेट, वाई-फाई, स्मार्ट टीवी और सीसीटीवी की सुविधा है। प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों के साथ नेशनल बुक ट्रस्ट का साहित्य भी उपलब्ध है। यानी पढ़ने के लिए पुस्तक चाहिए या तैयारी के लिए डिजिटल कंटेंट, दोनों अब गांव में ही सुलभ हैं। मुख्यमंत्री ने लिखा कि संसाधन करीब आए तो सपनों की राह भी आसान हुई। बच्चे और युवा यहां अध्ययन कर रहे हैं, ई-लर्निंग से जुड़ रहे हैं और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को नई धार दे रहे हैं। जो समय और पैसा पहले शहर आने-जाने में लगता था, वह अब उनकी पढ़ाई में लग रहा है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि यह बदलाव केवल एक गांव तक सीमित नहीं है। 2017 से पहले ई-लाइब्रेरी की पहुंच राज्य और जिला स्तर के लगभग 76 स्थानों तक सीमित थी, आज डिजिटल लाइब्रेरी 57,600 ग्राम पंचायतों तक पहुंच चुकी है। डिजिटल शिक्षा को केवल स्कूलों तक सीमित न रखते हुए लगभग 60 लाख युवाओं को स्मार्टफोन और टैबलेट उपलब्ध कराए गए हैं। आज प्रदेश के 32,000 से अधिक विद्यालयों में स्मार्ट क्लासरूम और 15,000 से अधिक विद्यालयों में आईसीटी लैब के माध्यम से शिक्षा को नई तकनीक से जोड़ा जा रहा है। सीएम ने लिखा कि 2012-16 में पर्याप्त सरकारी निधि होने के बावजूद 6.22 लाख बच्चों को पाठ्यपुस्तकें और 97 लाख बच्चों को यूनिफॉर्म नहीं मिली। शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों की उपलब्धता से लेकर उनकी पहुंच तक, उत्तर प्रदेश ने लंबी दूरी तय की है। अभिभावकों के लिए भी यह बदलाव भरोसे का आधार बना है। उनके बच्चों को आधुनिक शैक्षिक संसाधनों के लिए अब गांव से दूर नहीं जाना पड़ रहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम पंचायत डिजिटल लाइब्रेरी पहल का परिणाम धरातल पर है।

ग्राम पंचायत सचिवालय अब प्रशासनिक सेवाओं के साथ ज्ञान और तकनीक के केंद्र के रूप में भी नई भूमिका निभा रहे हैं। खसहा मोहम्मदपुर की यह डिजिटल लाइब्रेरी बदलाव की जीवंत तस्वीर है। गांव बदल रहा है, पढ़ाई का परिवेश बदल रहा है और ज्ञान की रोशनी अब बच्चों के द्वार तक पहुंच रही है।

उचित समस्या को लेकर दूसरी बार फरियादी आये तो जवाबदेही तय

- कब्जामुक्त करायें जमीन, पीड़ित को न्याय और दोषियों को दिलायें सजा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार सुबह जनता दर्शन में दूरदराज से आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। लोगों को समाधान का भरोसा देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रशासन हर उचित समस्या का समयबद्ध निस्तारण कराए, यदि पीड़ित एक ही समस्या को लेकर दूसरी बार आया और वह समस्या वास्तविक रही तो जवाबदेही तय होगी। पीड़ित की संतुष्टि सरकार का ध्येय है। यदि पीड़ित की समस्या वास्तविक है और समय से उसका निस्तारण नहीं हो पाया, तो यह अक्षम्य है।

मुख्यमंत्री ने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक पहुंचकर उनकी पीड़ा जानी और आश्वस्त किया कि सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और समयबद्ध/पारदर्शी निस्तारण कराएं। इस दौरान कुछ लोगों ने जमीन जबरन कब्जा कर लिए जाने की शिकायत की। इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि किसी दबंग ने किसी गरीब की जमीन हड़पी है तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। जमीन अवैध या जबरन कब्जे से मुक्त होनी चाहिए।

जमीन कब्जामुक्त कराने के साथ जबरन कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। पीड़ित को न्याय और दोषियों को सजा दिलाएं।

जर्जर जल संरचनाओं को योगी सरकार ने दी नयी मजबूती



लखनऊ। प्रदेश में सिंचाई व्यवस्था को मजबूत करने और बाढ़ नियंत्रण को प्रभावी बनाने के लिए योगी सरकार ने पुरानी एवं जर्जर जल संरचनाओं के आधुनिकीकरण पर जोर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने पिछले साढ़े नौ वर्षों में बैराज, बांध, हेड रेगुलेटर और अन्य जल यांत्रिक संरचनाओं के गेटों के निर्माण व प्रतिस्थापन का काम किया है।

प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग ने बताया कि लंबे समय से उपयोग में होने के कारण क्षतिग्रस्त हुए गेटों को प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है। पीलीभीत के चुक्का हेड रेगुलेटर के चारों गेट बदले जा चुके हैं। बुलंदशहर के नरौरा बैराज के 61 में से 13 गेटों का प्रतिस्थापन पूरा हो गया है, जबकि 48 गेटों का कार्य जारी है। लखनऊ के गोमती बैराज के सभी 10 गेट बदल दिए गए हैं। एटा के तातारपुर एलजीसी एवं पीएलजीसी कनेक्टिंग रेगुलेटर और हेड रेगुलेटर के 20 गेट भी बदले जा चुके हैं। दिल्ली के ओखला बैराज के 27 में से 18 गेट बदले गए हैं और तीन स्पेयर गेट तैयार रखे गए हैं।

हरिद्वार के भीमगौड़ा बैराज के 22 में से आठ गेट बदले गए हैं। रामपुर के कैनरी बैराज के 15 में से नौ और गाजियाबाद के हिंडन बैराज के सभी आठ गेटों का प्रतिस्थापन किया गया है। विभाग ने पानी के भीतर गेट बदलने में भी तकनीकी उपलब्धि हासिल की है। ललितपुर के माताटीला बांध, मेजा-जरगो लिंक रेगुलेटर और कचनौदा बांध में करीब 60 से 70 फीट की गहराई पर अंडर-स्लूइस गेटों को विशेषज्ञ गोताखोरों की मदद से बदला गया।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में उत्तर प्रदेश बना देश में नंबर-1

विशेष संवाददाता (vol)

- 8,76,500 से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट लगाकर रचा इतिहास
- प्रतिदिन 1.32 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली उत्पादन की क्षमता

लखनऊ। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में उत्तर प्रदेश ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए 8,76,500 से अधिक रूफटॉप सोलर प्लांट स्थापित कर संचयी इंस्टॉलेशन के मामले में गुजरात को पीछे छोड़ दिया है। इसके साथ ही योजना के तहत संचयी रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन में उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सौर ऊर्जा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए किए जा रहे निरंतर एवं समन्वित प्रयासों का परिणाम है।

उत्तर प्रदेश में पिछले कई महीनों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के तहत रूफटॉप सोलर इंस्टॉलेशन की गति लगातार तेज रही है। जिला स्तर पर नियमित समीक्षा, डिस्कॉम स्तर पर निरीक्षण एवं मीटरिंग की निगरानी, बैंकिंग फॉलोअप, वेंडर समन्वय



तथा लंबित प्रकरणों के समाधान को प्राथमिकता दी जा रही है।

योजना मे यूपीनेडा द्वारा 8000 से अधिक वेंडर्स को इमपैनल्ड कर एक लाख से अधिक लोगों को रोजगार भी दिया गया जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव जनपदों की राष्ट्रीय रैंकिंग मे देखा जा रहा है। प्रदेश के कुल 15 जनपद देश के टॉप 100 मे शामिल है जिसमे उल्लेखनीय रूप से जनपद लखनऊ देश मे प्रथम स्थान एवं जनपद वाराणसी देश मे दसवे स्थान पर है। प्रदेश में स्थापित रूफटॉप सोलर क्षमता 2,942 मेगा वॉट से अधिक हो चुकी है। 4.5 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिदिन के मानक के आधार पर यह क्षमता प्रतिदिन 1.32 करोड़ यूनिट से अधिक स्वच्छ बिजली पैदा करने की क्षमता रखती है। 6.50 प्रति यूनिट के समतुल्य मूल्य पर यह बिजली 8.5 करोड़ से अधिक प्रतिदिन तथा 3,100 करोड़ से अधिक वार्षिक बिजली के बराबर है। इससे लाखों परिवारों को बिजली खर्च में राहत मिलने के साथ प्रदेश की ऊर्जा अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिल रही है। रूफटॉप सोलर की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह है कि बिजली उत्पादन के लिए अलग से बड़े भू-भाग की आवश्यकता नहीं होती क्योंकि यह घरों की छत पर लगाया जाता है।

4 एकड़ प्रति मेगा वॉट के मानक के आधार पर प्रदेश में स्थापित वर्तमान रूफटॉप सोलर क्षमता से 11,700 एकड़ से अधिक भूमि की बचत होती है। इस प्रकार घरों की छतों और उपलब्ध भवन संरचनाओं पर सौर संयंत्र लगाकर बड़े भू भाग के उपयोग की आवश्यकता कम की जा रही है, जिनका उपयोग अन्य व्यावसायिक गतिविधियों के लिए किया जा सकेगा। रूफटॉप सोलर से उत्पादित स्वच्छ बिजली के आधार पर प्रदेश में 34 लाख टन से अधिक वार्षिक कार्बन उत्सर्जन में कमी का अनुमान है। इस पर्यावरणीय लाभ को वृक्ष-समतुल्यता के रूप में देखें तो यह 15 करोड़ से अधिक पेड़ों द्वारा एक वर्ष में अवशोषित कार्बन के बराबर बैठता है। यह वृक्ष-समतुल्यता एक अनुमानात्मक पर्यावरणीय तुलना है। प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना ने प्रदेश में बड़े पैमाने पर ग्रीन जॉब इकोसिस्टम तैयार किया है। 8,000 से अधिक यूपीनेडा वेंडर्स के माध्यम से सोलर सिस्टम की बिक्री, डिजाइन, इंजीनियरिंग, इंस्टॉलेशन, इलेक्ट्रिकल कार्य, कमीशनिंग और आफ्टर-सेल्स सर्विस से जुड़े क्षेत्रों में 1 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं। वहीं योजना का रोजगार प्रभाव केवल वेंडर्स और इंस्टॉलेशन तक सीमित नहीं है।

इस प्रकार योजना ने प्रदेश में युवाओं के लिए ग्रीन स्किल और ग्रीन जॉब्स का एक नया बाजार तैयार किया है। इस योजना के तहत उत्तर प्रदेश में केन्द्रीय सब्सिडी 5,722 करोड़ से अधिक तथा राज्य सब्सिडी 2,000 करोड़ से अधिक की वित्तीय सहायता का प्रभाव सामने आया है। केंद्र और राज्य सरकार की वित्तीय सहायता का प्रत्यक्ष लाभ लाभार्थियों तक पहुंचने से घरेलू उपभोक्ताओं के लिए रूफटॉप सोलर अपनाना अधिक सुलभ हुआ है।

अखिलेश ने दवाई मामले में कसा तंज

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को बयान जारी कर कहा है कि दवाई कंपनियों से कमीशन की शक्कर लेकर शिकंजी बनाकर गटक जाने वाली भाजपा सरकार दवाई कंपनियों पर क्या शिकंजा कसेगी? अखिलेश यादव ने कहा कि जो भाजपाई चंदा-चढ़ावा-दान चोरी तक करने में नहीं शर्माते हैं, निवेश के लिए भी एडवांस कमीशन खाकर अपने काले कारनामों को खुद ही क्लीन चिट दे देते हैं, दूसरों की केयर के नाम पर जमा फंड अपने नाम करके उसे ऑडिटफ्री घोषित कर लेते हैं, वो क्या किसी दवाई कंपनी को छोड़ेंगे? जनता खुद सोचे और बताए। उन्होंने कहा कि जिनके कमीशन ने ही दवाई की कीमत है बढ़ाई, वो हैं मरीजों से दगा करने वाले भाजपाई। भाजपा सरकार में कमीशन खोरी चरम पर है, कमीशन खोरी के कारण महंगाई और भ्रष्टाचार लगातार बढ़ता जा रहा है।

आराधना मिश्रा 'मोना' ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से की मुलाकात



लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष आराधना मिश्रा 'मोना' ने सोमवार को नई दिल्ली में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इसमें उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से भेंट की। आराधना मिश्रा 'मोना' ने शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश में कांग्रेस संगठन का एक एक कार्यकर्ता पूरी मजबूती और एकजुटता के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटेगा, हम सब मिलकर इंडिया गठबंधन को मजबूत करेंगे।

अनकही कहानियां का भावपूर्ण नाट्य मंचन

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर द्वारा चलाए जा रहे नमो सेवा संकल्प अभियान के तहत पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में नमो सेवा की अनकही कहानियां विषय पर नाट्य मंचन कार्यक्रम का आयोजन पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय महिला महाविद्यालय, राजाजीपुरम में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी उपस्थित रहे। नाट्य मंचन के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा यात्रा, संघर्ष, समर्पण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण और राष्ट्रहित के संकल्प को जीवंत रूप प्रदान किया।

श्रमजीवी पत्रकारों को आयुष्मान योजना में शामिल करने की मांग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन ने 60 वर्ष से अधिक आयु के सभी श्रेणी के अवकाश प्राप्त पत्रकारों और उनके परिवारों को आयुष्मान योजना में शामिल किए जाने की मांग की है । अभी तक यह लाभ केवल मान्यता प्राप्त पत्रकारों को ही मिल रहा है।

यूनियन के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उनके अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद को दिया। ज्ञापन में मांग की गई है की अवकाश ग्रहण कर चुके ऐसे पत्रकार जिनकी एक निश्चित अवधि तक मान्यता रही है उन्हें अवकाश ग्रहण करने के बाद भी योजना में शामिल किया जाए। इसके अलावा ऐसे अन्य श्रमजीवी पत्रकार जिनके पास ईपीएफओ का पेंशन पेमेंट ऑर्डर (पीपीओ) हो उन्हें भी योजना में स्थान दिया जाए। अन्य श्रमजीवी पत्रकारों के लिए अलग से नियमावली बनाई जाए।



प्रतिनिधिमंडल में यूनियन के प्रादेशिक महामंत्री देवराज सिंह, लखनऊ मंडल के अध्यक्ष शिवशरन सिंह, अविनाश शुक्ला, शिव विजय सिंह, टी एन मिश्रा, डीपी शुक्ला, अनिल सैनी शामिल थे।

अपर मुख्य सचिव को यूनियन के महोबा में आयोजित प्रादेशिक प्रतिनिधि सम्मेलन में पत्रकारों को पेंशन, पीजीआई सुविधा के सरलीकरण, सस्ती दर पर आवास एवं प्लॉट आवंटन, पत्रकार सुरक्षा कानून और प्रेस मान्यता समिति के गठन की मांग संबंधी प्रस्ताव भी दिए गए। यूनियन के प्रादेशिक अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी ने मान्यता प्राप्त पत्रकारों को आयुष्मान योजना में शामिल किए जाने के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि भारत सरकार 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को आयुष्मान योजना का लाभ दे रही है। ऐसे में यदि 60 वर्ष से अधिक आयु के अवकाश प्राप्त पत्रकारों को योजना में शामिल किया जाता है तो उत्तर प्रदेश देश का पहला ऐसा प्रदेश बन जाएगा। मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने प्रतिनिधिमंडल की मांग पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

कान्ति सिंह और सुशील कुमार ने एमएलसी के लिए दाखिल किया नामांकन

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी से कान्ति सिंह पत्नी सांसद डॉ. एसपी सिंह ने सोमवार को लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी के लिए तथा सुशील कुमार ने लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी पद के लिए मण्डलायुक्त कार्यालय लखनऊ में नामांकन दाखिल किया।

कान्ति सिंह पत्नी डॉ. एसपी सिंह वर्ष 2014 से 2020 तक एमएलसी के रूप में अपनी सकारात्मक और सक्रिय राजनीतिक पारी निभा चुकी हैं। अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, युवाओं के रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तथा जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता दी। कान्ति सिंह शिक्षा को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का एक महत्वपूर्ण माध्यम मानती हैं। उनका मानना है कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, युवाओं के लिए बेहतर अवसर और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही एक मजबूत और प्रगतिशील समाज की आधारशिला है।

एक जनप्रतिनिधि के रूप में कान्ति सिंह



की कार्यशैली हमेशा सकारात्मक, पारदर्शी और जनसरोकारों से जुड़ी रही है। उनका स्पष्ट विजन रहा है कि जनप्रतिनिधित्व केवल राजनीतिक दायित्व नहीं, बल्कि समाज और जनता के प्रति जिम्मेदारी है। एमएलसी के रूप में अपने पूर्व कार्यकाल में उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं को सदन तक पहुंचाने तथा शिक्षा और सामाजिक विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने का प्रयास किया। अब एक बार फिर लखनऊ खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से प्रत्याशी के रूप में वह मतदाताओं के बीच अपने अनुभव, कार्यशैली और विकास के स्पष्ट विजन के साथ उपस्थित हैं।लखनऊ खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से एमएलसी प्रत्याशी सुशील कुमार ने कहा कि वे शिक्षकों की समस्याओं और उनके अधिकारों की आवाज को पूरी मजबूती और प्राथमिकता के साथ उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि शिक्षकों से जुड़ी लंबित समस्याओं, शिक्षकों के लंबित वेतन एवं सेवा संबंधी मामलों और पदोन्नति जैसे मुद्दों के समाधान के लिए प्रभावी पहल की जाएगी। उन्होंने पुरानी पेंशन व्यवस्था, शिक्षकों के स्थानांतरण, रिक्त पदों पर भर्ती तथा शिक्षकों को समय पर मिलने वाले सभी सेवा लाभ सुनिश्चित कराने के लिए संघर्ष का संकल्प व्यक्त किया।

कान्ति सिंह के पति डॉ. एसपी सिंह पटेल वर्तमान में प्रतापगढ़ से लोकसभा सांसद हैं और देश के जाने-माने शिक्षाविदों में शामिल हैं। शिक्षा के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव और योगदान के साथ-साथ कान्ति सिंह का जनप्रतिनिधि के रूप में अनुभव और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण आधार मानी जाती है। इस अवसर पर सपा के वरिष्ठ नेताओं एवं पदाधिकारियों में जिला अध्यक्ष जय सिंह जयंत, नगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी, शब्बीर अहमद खान, राजबाला रावत, सांसद आरके चौधरी, सांसद डॉ. एसपी सिंह, पूर्व विधायक राजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व मंत्री नरेंद्र वर्मा, सुनील सिंह साजन, विधायक अरमान खान, पूर्व प्रत्याशी पूजा शुक्ला, सुशील दीक्षित आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

अब मरीज जान सकेंगे अस्पताल ने दवा कितने में खरीदी और कितने में बेची

वेबसाइट पर लाइसेंस, फार्मासिस्ट और स्टॉक की जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

- अस्पताल फार्मेसियों में अब मरीज जान सकेंगे दवा की खरीद और बिक्री कीमत
- एमआरपी और खरीद मूल्य में भारी अंतर से गुणवत्ता पर भी चिंता
- दवाओं की एमआरपी और खरीद कीमत में भारी अंतर पर एफएसडीए सख्त

लखनऊ। दवाओं की खरीद कीमत और मरीजों को बेचे जाने वाले मूल्य के बीच बड़े अंतर तथा अस्पताल फार्मेसियों में कीमत संबंधी जानकारी की पारदर्शिता की कमी को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उत्तर प्रदेश (यूपीएफएसडीए) ने महत्वपूर्ण पहल की है। विभाग ने प्रदेश की सभी रिटेल फार्मेसियों को अपनी पब्लिक वेबसाइट स्थापित कर उस पर फामेर्सी, लाइसेंस, फार्मासिस्ट और स्टॉक से जुड़ी जानकारी सार्वजनिक करने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, अस्पताल परिसर में संचालित अथवा इन-पेशेंट मरीजों के लिए संचालित ऐसी फार्मेसियों, जहां मरीजों के पास दवा, मेडिकल डिवाइस या न्यूट्रास्युटिकल्स खरीदने का व्यवहारिक विकल्प उपलब्ध नहीं है, उन्हें अपनी वेबसाइट पर दवाओं की



प्राइस टू रिटेल (पीटीआर) और प्राइस टू कंज्यूमर (पीटीसी) संबंधी जानकारी भी प्रदर्शित करनी होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि यह व्यवस्था मूल्य नियंत्रण का आदेश नहीं, बल्कि जनहित में फार्मेसियों द्वारा आवश्यक जानकारी के सेल्फ-डिस्क्लोजर पर आधारित पहल है। ड्रग सेफ्टी, जनहित में गुणवत्तापूर्ण औषधियों की निर्बाध आपूर्ति की दिशा में यह बेहद महत्वपूर्ण पहल है। कमिश्नर, एफएसडीए डॉ. रोशन जैकब ने अपने आदेश में ड्रग प्राइस कंट्रोल ऑर्डर (डीपीसीओ)-2013 के प्रस्तर 25 का उल्लेख करते हुए कहा है कि प्रत्येक रिटेलर और डीलर को निमार्ता अथवा आयातक द्वारा उपलब्ध कराई गई मूल्य सूची को अपनी दुकान या कारोबार की जगह पर ऐसे प्रमुख स्थान पर प्रदर्शित करना होता है, जहां इच्छुक व्यक्ति उसे आसानी से देख सके। यूपीएफएसडीए के अनुसार डीपीसीओ का यह प्रावधान अस्पताल फार्मेसियों सहित सभी फार्मेसियों पर लागू है। हाल के महीनों में विभाग की ओर से की गई प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान सामने आए तथ्यों से यह स्पष्ट हुआ कि कई लाइसेंसी फर्मों द्वारा इस प्रावधान के अनुरूप अपेक्षित कार्रवाई नहीं की जा रही थी। प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान विभाग के संज्ञान में आया कि औषधि निमार्ता, मार्केटिंग फर्म और स्टॉकिस्ट कई अस्पताल स्थित फार्मेसियों को एमआरपी की तुलना में काफी कम दरों पर भारी छूट के साथ दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। विभाग के आदेश के अनुसार कई मामलों में दवाओं की एमआरपी उनके खरीद मूल्य से कई गुना अधिक पाई गई। इसके बावजूद अस्पताल फार्मेसियों द्वारा दवाएं मरीजों को अपने क्रय मूल्य से काफी अधिक कीमत पर उपलब्ध कराई जा रही थीं। विभाग ने इस स्थिति में संस्थागत खरीद पर मिलने वाली भारी छूट का वास्तविक लाभ मरीजों तक पहुंचने को महत्वपूर्ण माना है। इसी को ध्यान में रखते हुए अस्पताल फार्मेसियों के लिए खरीद और मरीज को बिक्री मूल्य की जानकारी सार्वजनिक करने की व्यवस्था की गई है।

अस्पताल परिसर में संचालित अथवा इन-पेशेंट मरीजों के लिए संचालित फार्मेसियों को अपनी वेबसाइट पर संबंधित दवाओं के मैन्युफैक्चरर का नाम, ब्रांड का नाम, जेनरिक ड्रग का नाम, प्राइस टू रिटेल (हॉस्पिटल) और प्राइस टू कंज्यूमर की जानकारी प्रदर्शित करनी होगी। विभाग के अनुसार पीटीआर का अर्थ अस्पताल फामेर्सी द्वारा निमार्ता/मार्केटर से दवा की खरीद दर से है, जबकि पीटीसी वह मूल्य है जिस पर अस्पताल फामेर्सी मरीज को दवा उपलब्ध कराती है। इससे मरीज और उनके परिजन जान सकेंगे कि अस्पताल ने संबंधित दवा किस कीमत पर खरीदी और उसे मरीज को किस कीमत पर उपलब्ध कराया जा रहा है। आदेश के अनुसार प्रत्येक रिटेल फामेर्सी के लिए अपनी पब्लिक वेबसाइट स्थापित करना अनिवार्य होगा। वेबसाइट पर फामेर्सी का नाम, लाइसेंस संख्या, लाइसेंस धारक का नाम और लाइसेंसी परिसर का पता प्रदर्शित करना होगा। इसके अलावा फामेर्सी या अस्पताल की ओर से नियुक्त फार्मासिस्ट का नाम, रजिस्ट्रेशन संख्या और फोटो भी वेबसाइट पर उपलब्ध कराना होगा। फामेर्सी को अपने स्टॉक से संबंधित जानकारी साप्ताहिक आधार पर वेबसाइट पर उपलब्ध करानी होगी और इसे नियमित रूप से अपडेट करना होगा। डिजिटल माध्यम से आम लोगों तक यह जानकारी आसानी से पहुंचाने के लिए सभी फार्मेसियों को अपनी वेबसाइट का यूआरएल फामेर्सी काउंटर पर प्रमुखता से प्रदर्शित करना होगा।

भाजपा लखनऊ महानगर की बैठक में आगामी कार्यक्रमों की बनी रणनीति

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। भाजपा लखनऊ महानगर कार्यालय पर महानगर की मासिक संगठनात्मक बैठक भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में महानगर पदाधिकारियों के साथ सभी मंडल प्रभारी एवं मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए कार्ययोजना तैयार की गई।

महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने संगठनात्मक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के लिए सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। उन्होंने संगठन द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक कार्यकताओं एवं आमजन की सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने 6 अक्टूबर को स्नातक चुनाव के नामांकन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देते बताया कि भाजपा प्रदेश कार्यालय से सुबह 10 बजे उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता नामांकन के लिए प्रस्थान करेंगे।

महानगर अध्यक्ष ने सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को आवश्यक जिम्मेदारियां सौंपते हुए निर्धारित समय पर सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि नमो सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को हजरतगंज स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर ज्योति कलश यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। प्रस्तावित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा लखनऊ महानगर के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

बाढ़ से बेहाल फैजुल्लागंज में राहत को लेकर प्रदर्शन

मिल्लत नगर में सड़क पर उतरे लोग, भोजन-पानी की मांग, दाउदनगर में विधायक की टीम ने घर-घर पहुंचाया राशन

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। गोमती नदी का जलस्तर बढ़ने से राजधानी के फैजुल्लागंज, दाउदनगर, लोहरामऊ, दुबग्गा और आसपास के इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। फैजुल्लागंज के मिल्लत नगर कच्ची ढाल क्षेत्र में राहत सामग्री नहीं पहुंचने से नाराज लोगों ने सोमवार शाम बंधा रोड पर प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में महिला-पुरुष सड़क पर उतर आए और प्रशासन से प्रभावित परिवारों तक तत्काल भोजन, स्वच्छ पेयजल और अन्य जरूरी सुविधाएं पहुंचाने की मांग की। प्रदर्शन के कारण बंधा रोड पर कुछ देर यातायात भी प्रभावित रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई परिवार अब भी बाढ़ के पानी के बीच घरों में फंसे हैं और उन्हें खाने-पीने के सामान तथा साफ पानी की जरूरत है। लोगों ने प्रभावित क्षेत्रों में नियमित रूप से राहत सामग्री और पेयजल पहुंचाने की मांग की।

माल में हजारों बीघा फसल जलमग्न : गोमती का जलस्तर बढ़ने से माल क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में भी बाढ़ का असर बना हुआ है। सोमवार को उपजिलाधिकारी मलिहाबाद अपराजिता आर्यन ने राजस्व टीम के साथ बदइयां, टिकरी, मंझी, निकरोजपुर और भवानीखेड़ा समेत कई गांवों का निरीक्षण किया। उन्होंने फसल और अन्य नुकसान का सर्वे कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। हजारों बीघा फसल जलमग्न हो गई है। एसडीएम ने प्रभावित किसानों को मदद का भरोसा देते हुए गांवों में दवा का छिड़काव कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर फसल नुकसान का आकलन कर नियमानुसार मुआवजा दिलाया जाएगा।

लालजी टंडन वार्ड में टाड़खेड़ा के आसपास बढ़ी मुश्किलें : गोमती के बढ़ते जलस्तर से दुबग्गा के लालजी टंडन वार्ड में टाड़खेड़ा समेत आसपास के क्षेत्रों में भी स्थिति गंभीर बनी हुई है। माध्यमिक विद्यालय समेत तीन निजी स्कूल और एमसी सक्सेना कॉलेज परिसर में पानी भरने से स्कूल बंद कर दिए गए हैं। क्षेत्र में ढाई हजार से अधिक मकानों के बाढ़ की चपेट में आने की बात सामने आई है। जेहटा-माल मार्ग पर जलभराव से आवागमन प्रभावित है। प्रशासन और नगर निगम की टीमें 10 से अधिक नावों के जरिए लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचा रही हैं। जरूरतमंदों तक भोजन और राहत सामग्री भी पहुंचाई जा रही है। स्वास्थ्य टीमों ने सैंथा, गुलमीखेड़ा और सुखलालखेड़ा में 93 घरों में स्वास्थ्य जांच की, जबकि राहत शिविर में 62 लोगों का परीक्षण किया गया।

वैकुंठ धाम व कुडियाघाट के चबूतरों तक पहुंचा पानी

लखनऊ। गोमती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से भैंसाकुंड स्थित वैकुंठ धाम व कुडियाघाट में स्थिति चिंताजनक होती जा रही है। नदी का पानी शवदाह स्थल के चबूतरों तक पहुंच गया है। जलस्तर इसी रफ्तार से बढ़ता रहा तो चबूतरों के पूरी तरह डूबने की आशंका है। इससे अंतिम संस्कार की व्यवस्था प्रभावित होने के साथ परिजनों के सामने राख और अस्थियां सुरक्षित रखने की चुनौती भी खड़ी हो गई है। अंतिम संस्कार के लिए वैकुंठ धाम पहुंचे परिजन दाह संस्कार पूरा होने तक मौके पर डटे हुए हैं। उनका कहना है कि पानी बढ़ने के कारण अंतिम संस्कार के बाद राख और अस्थियां चुनना मुश्किल हो सकता है। परिजन नदी के बढ़ते जलस्तर पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। उनका कहना है कि दाह संस्कार पूरा होने के बाद पानी के बीच से राख और अस्थियां एकत्र करने का प्रयास करेंगे। गोमती का जलस्तर बढ़ने के साथ वैकुंठ धाम के आसपास भी पानी का दबाव बढ़ रहा है। अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। लोगों का कहना है कि यदि जलस्तर और बढ़ा तो यहां अंतिम संस्कार की व्यवस्था भी प्रभावित हो सकती है। कुडियाघाट में पानी भरने से बाहर की ओर से अंतिम संस्कार हो रहे हैं।

नगर आयुक्त ने फैजुल्लागंज-दाउदनगर का किया निरीक्षण : नगर आयुक्त गौरव कुमार ने सोमवार को फैजुल्लागंज, दाउदनगर और लोहरामऊ के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर राहत एवं बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने जल निकासी, नाव और मोटर बोट, प्रकाश व्यवस्था, भोजन, पेयजल, फॉगिंग, एंटी लार्वा छिड़काव और स्वास्थ्य सुरक्षा की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। नगर निगम के अनुसार प्रभावित क्षेत्रों में मोटर बोट उतारी गई हैं। पंपसेट के जरिए पानी की निकासी की जा रही है। मच्छरजनित रोगों की रोकथाम के लिए ड्रोन से एंटी लार्वा का छिड़काव और फॉगिंग कराई जा रही है। प्रभावित लोगों के लिए भोजन, स्वच्छ पेयजल, मोबाइल टॉयलेट और मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। प्रभावित परिवारों के लिए इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा, पलटन छावनी, उमराव हाता और दाउदनगर स्थित ट्रांजिट हॉस्टल में रैन बसेरों की व्यवस्था की जा रही है। नगर आयुक्त ने अधिकारियों को राहत कार्यों में लापरवाही नहीं बरतने और स्थिति पर लगातार नजर रखने के निर्देश दिए।

चौथे दिन भी राहत में जुटी विधायक की टीम : दाउदनगर क्षेत्र में विधायक डॉ. नीरज बोरा की टीम सोमवार को लगातार चौथे दिन राहत कार्य में जुटी रही। टीम ने लोहरा मऊ, गणेशपुर, कैलाश विहार, बदनाम होटल क्षेत्र, आका विहार और मुर्दहिया समेत विभिन्न प्रभावित इलाकों में पहुंचकर जरूरतमंद परिवारों को राशन सामग्री और पानी की बोतलें वितरित कीं। राहत दल ने जलभराव वाले रास्तों से गुजर रही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भी मदद की। कई स्थानों पर फंसे पालतू जानवरों को भी सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया।

डालीगंज में पानी के रिसाव से ग्रीन कॉरिडोर को नुकसान नहीं : उधर, डालीगंज चौराहे के पास पानी के रिसाव से ग्रीन कॉरिडोर के ढांचे को नुकसान पहुंचने का वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित होने के बाद एलडीए की अभियंत्रण टीम ने मौके का निरीक्षण किया।

प्राधिकरण के अनुसार बैरल नंबर-14 के पास ग्रीन कॉरिडोर की एप्रोच रोड है और बैरल की आउटलेट पाइप इसी के समीप मिलती है, जहां से पानी का निकास होता है। एलडीए के मुताबिक निरीक्षण में पानी के रिसाव से ग्रीन कॉरिडोर के ढांचे को किसी प्रकार की क्षति नहीं मिली। वीडियो में दिखाई दे रही मिट्टी की कटान ग्रीन कॉरिडोर के ढलान से हटकर अतिरिक्त क्षेत्र में है। सुरक्षा के दृष्टिगत क्षतिग्रस्त हिस्से में स्टोन पिचिंग का कार्य कराया जा रहा है। प्राधिकरण ने बताया कि आउटलेट पाइप को बढ़ाकर नदी के निकट तक ले जाने का कार्य प्रस्तावित है। इसके लिए नगर निगम को 2 जुलाई 2026 को 76 लाख रुपये हस्तांतरित किए जा चुके हैं।

एलडीए कर्मी बनकर प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

- ट्रांसपोर्ट नगर में प्लॉट दिलाने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये मांगने का आरोप

लखनऊ। एलडीए कर्मी बनकर प्लॉट दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को सोमवार को पीड़ित ने एलडीए कार्यालय से पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि आरोपी ने ट्रांसपोर्ट नगर में उसकी दुकान के पास स्थित खाली प्लॉट दिलाने के नाम पर साढ़े तीन लाख रुपये मांगे थे। इसमें वह आरोपी को करीब डेढ़ लाख रुपये दे चुका है।

पीड़ित वीर सिंह के मुताबिक ट्रांसपोर्ट नगर में उनकी दुकान के पास करीब 532 वर्गफीट का खाली प्लॉट है। पिछले वर्ष मनोज नामक व्यक्ति उनके पास आया और खुद को जोनल अधिकारी मान सिंह का बाबू बताते हुए साढ़े तीन लाख रुपये में प्लॉट दिलाने का भरोसा दिया। वीर सिंह का कहना है कि उन्होंने पहले 25 हजार रुपये और बाद में डेढ़ लाख रुपये दिए। आरोप है कि रकम लेने के बाद मनोज लगातार टालमटोल करता रहा और कई बार उसका फोन भी बंद मिला। इसके बाद वीर सिंह ने एलडीए कार्यालय पहुंचकर जानकारी की तो पता चला कि मनोज नाम का कोई कर्मचारी वहां तैनात नहीं है। पीड़ित के मुताबिक इसके बावजूद आरोपी ने दोबारा डेढ़ लाख रुपये की मांग की और रकम देने के लिए उसे सोमवार को एलडीए कार्यालय बुलाया गया। वीर सिंह ने मौके पर उसे पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ लोग आरोपी को पकड़कर बाहर की ओर लाए और एलडीए पुलिस चौकी पहुंचाया। प्रभारी निरीक्षक बृजेश चंद्र ने बताया कि पुलिस को अभी तहरीर प्राप्त नहीं हुई है। वहीं वीर सिंह का कहना है कि उन्होंने अधिवक्ता के माध्यम से पुलिस को तहरीर भेज दी है।

एलडीए में ओटीएस के लिए बना हेल्प डेस्क

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में ओटीएस (एकमुश्त समाधान योजना) के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। इसका लाभ प्रत्येक प्रभावित व्यक्ति को मिले, इसके लिए सभी बकायेदारों को योजना के बारे में सूचना भेजी जा रही है। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने सोमवार को ओटीएस के सम्बंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि ओटीएस की अवधि बढ़ा दी गयी है। अब लोग 15 दिसम्बर तक आवेदन करके योजना के तहत छूट का लाभ उठा सकेंगे। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी बकायेदारों तक एकमुश्त समाधान योजना की जानकारी पहुंचायी जाए। इसके लिए कॉल सेंटर एवं आईटी अनुभाग के माध्यम से बकायेदारों को फोन, मैसेज व ई-मेल से सूचना भेजी जाए। किन्हीं परिस्थितियों में अगर बकायेदार से फोन के माध्यम से संपर्क न हो पाए तो पत्र भेजकर ओटीएस की सूचना पहुंचायी जाए।

लोकबन्धु अस्पताल में स्तनपान कक्ष का उद्घाटन



लखनऊ। आशियाना स्थित लोकबंधु राजनारायण अस्पताल के बाल रोग विभाग की ओपीडी में सोमवार को स्तनपान कक्ष का उद्घाटन किया गया। इसका उद्देश्य अस्पताल आने वाली माताओं और उनके शिशुओं को स्तनपान के लिए सुरक्षित, स्वच्छ और गोपनीय स्थान उपलब्ध कराना है।

स्तनपान कक्ष का उद्घाटन करते हुए अस्पताल के निदेशक डा. विवेक गुप्ता ने कहा कि अस्पताल आने वाली माताओं को अब अपने शिशु को स्तनपान कराने में असुविधा नहीं होगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधाओं के साथ-साथ मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़ी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएं। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. नीलाम्बर झा ने बताया कि यह स्तनपान कक्ष सीएसआर कार्यक्रम के तहत ऑर्कस लाइफ साइंसेज के वित्तीय सहयोग से स्थापित किया गया है। उन्होंने कहा कि अस्पताल की ओपीडी में बड़ी संख्या में धात्री महिलाएं आती हैं और इस पहल से उन्हें काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि छह माह तक बच्चे को केवल स्तनपान कराना सिर्फ मां की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसके लिए परिवार और समाज की भागीदारी भी जरूरी है। इसके लिए सहयोगी वातावरण तैयार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। दो माह के बच्चे की मां प्रिया ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर बच्चे को स्तनपान कराने में अक्सर झिझक महसूस होती है। इस स्तनपान कक्ष में निजता के साथ-साथ सुरक्षा का भी ध्यान रखा गया है, जिससे बच्चे को आराम से स्तनपान कराना आसान है। इस अवसर पर बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. बृजेश, अन्य चिकित्सक, अधिकारी, कर्मचारी और ऑर्कस लाइफ साइंसेज के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

स्तनपान के लाभ

- माँ का दूध संपूर्ण आहार है।
- यह आसानी से पचने वाला आहार है। इसमें शिशु की वृद्धि और विकास के लिए आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं।
- स्तनपान शिशु को संक्रमण और कई बीमारियों से बचाने में मदद करता है तथा उसके स्वस्थ विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।
- मां के लिए भी स्तनपान प्रसव के बाद स्वास्थ्य लाभ में सहायक होता है।

आईआईपी के निदेशक ने की प्रगति एवं अवसंरचना विकास की समीक्षा

लखनऊ। भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) के निदेशक ज्ञानेश्वर बी. पाटिल ने आईआईपी लखनऊ केंद्र का दौरा कर शैक्षणिक गतिविधियों, अवसंरचना विकास एवं चल रही पहलों की समीक्षा की। उन्होंने संकाय सदस्यों, कर्मचारियों एवं संबंधित हितधारकों से संवाद किया तथा शैक्षणिक कार्यक्रमों, प्रशिक्षण, प्रयोगशाला सुविधाओं, उद्योग सहभागिता एवं भविष्य की विकास योजनाओं की जानकारी ली। समीक्षा बैठक में बद्री प्रसाद, अधिशासी अभियंता, उत्तर प्रदेश लघु उद्योग निगम, गौरव विवेक, सहायक आयुक्त, निर्यात प्रोत्साहन ब्यूरो, आईईडी यूपी के प्रतिनिधि तथा आईआईपी लखनऊ के संकाय सदस्य उपस्थित रहे। निदेशक ने टाइस योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया तथा मंत्रालय द्वारा निर्धारित निर्देशानुसार शेष कार्यों को नवंबर के अंत तक गुणवत्ता एवं कार्यात्मकता पर विशेष ध्यान देते हुए पूरा करने के निर्देश दिए। प्रो. तनवीर आलम, प्रभारी, आईआईपी लखनऊ केंद्र, ने केंद्र की प्रमुख उपलब्धियों एवं गतिविधियों का प्रस्तुतीकरण दिया।

अनंत नगर योजना के 447 भूखण्डों का लॉटरी से हुआ आवंटन

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण ने सोमवार को अनंत नगर आवासीय योजना के 447 भूखण्डों का लॉटरी से आवंटन किया। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स सभागार में हुये इस आयोजन में 7,314 आवेदकों के मध्य लॉटरी ड्रा की पर्चियां निकाली गयीं। लॉटरी में अपने नाम की पर्ची निकलने पर आवेदकों के चेहरे खिल उठे। अब मंगलवार को अन्य श्रेणी के भूखण्डों की लॉटरी निकाली जाएगी।

बिजली के खंभों पर लगे होर्डिंग-बैनर नेताओं को मिलेगा नोटिस

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में बिजली के खंभों पर लगातार लगाए जा रहे होर्डिंग, बैनर और राजनीतिक प्रचार सामग्री को लेकर बिजली विभाग ने सख्ती शुरू करने की तैयारी की है। लेसा के अधिकारियों ने ऐसे खंभों को चिह्नित करने के निर्देश दिए हैं, जिन पर बिना अनुमति के बैनर, पोस्टर या होर्डिंग लगाए गए हैं।

खासतौर पर राजनीतिक कार्यक्रमों और नेताओं के प्रचार से जुड़े बैनर मिलने पर संबंधित लोगों को नोटिस जारी किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक बिजली के खंभों पर प्रचार सामग्री लगाने से न केवल शहर की सुंदरता प्रभावित होती है, बल्कि विद्युत व्यवस्था के संचालन और रखरखाव में भी परेशानी होती है। बिजली कर्मचारियों को फाल्ट ठीक करने, तारों की जांच करने और खंभों पर चढ़कर मरम्मत करने के दौरान इन बैनर और होर्डिंग को हटाना पड़ता है।

कई बार तारों और विद्युत उपकरणों के आसपास प्लास्टिक या कपड़े के बैनर फंसने से दुर्घटना का खतरा भी बना रहता है। लेसा के चारों जोन में अभियान चलाकर ऐसे खंभों की सूची तैयार करने की तैयारी है। इसमें मुख्य सड़कों, बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों को प्राथमिकता दी जाएगी।

विभागीय टीम मौके पर लगे बैनर और होर्डिंग की फोटो तथा स्थान का विवरण दर्ज करेगी। इसके बाद संबंधित व्यक्ति, संस्था या राजनीतिक संगठन की पहचान कर नोटिस जारी किया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि बिजली के खंभे प्रचार सामग्री लगाने के लिए नहीं हैं। सार्वजनिक संपत्ति का इस तरह इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। यदि किसी बैनर की वजह से बिजली के तार या उपकरणों तक पहुंचने में बाधा आती है तो उसे तत्काल हटाया जाएगा। बताया जा रहा है कि आगामी दिनों में त्योहारों, राजनीतिक कार्यक्रमों और विभिन्न आयोजनों के चलते शहर में बैनर-होर्डिंग की संख्या बढ़ सकती है। ऐसे में विभाग पहले से ही अभियान चलाकर स्थिति नियंत्रित करना चाहता है। अधिकारियों ने अधीनस्थ कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि खंभों पर लगे प्रचार सामग्री की नियमित निगरानी की जाए और दोबारा बैनर लगाने वालों पर भी नजर रखी जाए।

जच्चा व बच्चा की मौत परिजनों ने लगाया इलाज में कोताही का आरोप

लखनऊ। कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल में प्रसव के बाद जच्चा-बच्चा की मौत के मामले में परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है। परिजनों के अनसार डाक्टरों ने यदि समय पर समय पर भर्ती कर लिया होता तो दोनों की जान बच सकती थी। अस्पताल प्रशासन ने मामले की जांच के लिय कमेटी बना दी है। उन्नाव, औरास निवासी अनुराग सिंह मौजूदा समय में बुद्धेश्वर में रहते हैं। उन्होंने बताया कि रविवार दोपहर करीब 12 बजे प्रसव पीड़ा होने पर पत्नी ऊषा सिंह (28) को लेकर लोकबंधु अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि डाक्टर ने जांच के बाद एक इंजेक्शन लगाकर घर भेज दिया। अनुराग ने बताया कि शाम को ऊषा को तेज प्रसव पीड़ा होने पर एंबुलेंस बुलायी लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में एंबुलेंस में प्रसव हो गया। अधिक ब्लीडिंग से प्रसूता और नवजात दोनों की हालत बिगड़ गयी। परिजनों के मुताबिक रात करीब 8:14 बजे ऊषा और नवजात को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया। नवजात को एसएनसीयू में शिफ्ट किया। करीब आधे घंटे बाद डाक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया।

कम लोड पर ज्यादा बिजली खर्च तो तत्काल बढ़ाएं लोड, नहीं तो लगेगी पेनल्टी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



लखनऊ। बिजली कनेक्शन लेते समय स्वीकृत लोड कम है, लेकिन वास्तविक खपत उससे कहीं अधिक हो रही है तो उपभोक्ताओं को अब सावधान होने की जरूरत है। निर्धारित लोड से अधिक बिजली का इस्तेमाल मिलने पर विभाग की ओर से लोड बढ़ाने की कार्रवाई की जा सकती है। समय रहते उपभोक्ता अपना स्वीकृत लोड बढ़वा लेते हैं तो भविष्य में पेनल्टी से बच सकते हैं।

बिजली विभाग की ओर से लगातार उपभोक्ताओं के कनेक्शन और वास्तविक बिजली खपत की निगरानी की जा रही है। खासकर ऐसे घरेलू और व्यावसायिक कनेक्शनों पर नजर रखी जा रही है, जहां स्वीकृत लोड काफी कम है, लेकिन हर महीने बिजली की खपत अधिक हो रही है। विभागीय जांच में यदि यह सामने आता है कि उपभोक्ता लंबे समय से स्वीकृत क्षमता से अधिक लोड का इस्तेमाल कर रहा है तो नियमानुसार अतिरिक्त शुल्क और पेनल्टी की कार्रवाई हो सकती है।

विभागीय अधिकारियों के मुताबिक घर में एसी, गीजर, मोटर, हीटर, वॉशिंग मशीन समेत कई बिजली उपकरण बढ़ने के बाद लोड भी बढ़ जाता है। ऐसे में पुराने कनेक्शन का स्वीकृत लोड पर्याप्त नहीं रह जाता। वहीं दुकानों और छोटे कारोबार में भी अतिरिक्त मशीनें लगाने से बिजली की मांग बढ़ जाती है। अधिकारियों का कहना है कि उपभोक्ता खुद अपने कनेक्शन का लोड जांच लें। यदि वास्तविक उपयोग स्वीकृत लोड से अधिक है तो तत्काल लोड बढ़ाने के लिए आवेदन करें। इससे विभागीय जांच में अतिरिक्त लोड पाए जाने पर लगने वाली पेनल्टी से बचा जा सकेगा। साथ ही अधिक लोड के कारण ट्रिपिंग और कनेक्शन संबंधी तकनीकी दिक्कतों की संभावना भी कम होगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि कनेक्शन का उपयोग स्वीकृत लोड के अनुसार ही करें और जरूरत बढ़ने पर समय से लोड संशोधित करा लें।

डिजिटल विकास के साथ बढ़ता ई-कचरा पर्यावरण के लिए नई चुनौती

लखनऊ। डिजिटल तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ इलेक्ट्रॉनिक कचरे यानी ई-कचरे की समस्या भी तेजी से गंभीर होती जा रही है। वायरलेस ईयरबड्स, चार्जिंग केबल, इलेक्ट्रॉनिक खिलौने और अन्य छोटे उपकरण पर्यावरण के लिए बड़ी चुनौती बन रहे हैं। डॉ. राजेश्वर सिंह ने लोगों से घरों में अनुपयोगी पड़े इलेक्ट्रॉनिक सामान को अधिकृत ई-कचरा संग्रहण एवं पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर-2024 के अनुसार वर्ष 2022 में दुनिया में 6.2 करोड़ टन ई-कचरा उत्पन्न हुआ। इसमें से केवल 22.3 प्रतिशत कचरे का औपचारिक रूप से संग्रह और पुनर्चक्रण हो सका। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक ई-कचरा बढ़कर 8.2 करोड़ टन तक पहुंच सकता है। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि तेजी से डिजिटल होते भारत में ई-कचरा प्रबंधन अब केवल पर्यावरण संरक्षण का विषय नहीं है, बल्कि जनस्वास्थ्य, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और भविष्य की अर्थव्यवस्था से भी जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा है। छोटे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण अक्सर इस्तेमाल के बाद घरों की दराजों और अलमारियों में पड़े रहते हैं या घरेलू कचरे के साथ फेंक दिए जाते हैं। इससे उनमें मौजूद उपयोगी संसाधनों की भी बबार्दी होती है। उन्होंने लोगों से ई-कचरा खोजो अभियान में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि घरों में पड़े पुराने मोबाइल, ईयरबड्स, चार्जर, केबल, इलेक्ट्रॉनिक खिलौने और अन्य अनुपयोगी उपकरणों को खोजकर अधिकृत ई-कचरा संग्रहण एवं पुनर्चक्रण केंद्रों तक पहुंचाया जाए। डॉ. सिंह ने कहा कि कम उपयोग, पुनः उपयोग, मरम्मत और पुनर्चक्रण को जन-अभियान बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देखने में छोटा एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी सामूहिक रूप से लाखों टन संसाधनों के नुकसान का कारण बन सकता है। उन्होंने नेट जीरो सरोजनीनगर और पर्यावरण योद्धा जैसी पहलों को जन-जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि ई-कचरा प्रबंधन को स्वच्छ, हरित और नेट जीरो भारत के संकल्प का अभिन्न हिस्सा बनाया जाना चाहिए।

एलपीएस अंतर-शाखीय खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

वॉलीबॉल में साउथ सिटी और सेक्टर-आई का दबदबा

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। एलपीएस (सीपी सिंह फाउंडेशन) की विभिन्न शाखाओं के बीच आयोजित अंतर-शाखीय खेल प्रतियोगिता-2026 में विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट खेल प्रतिभा, अनुशासन और टीम भावना का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल और क्रिकेट सहित विभिन्न खेलों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। कक्षा 9 से 2 के बालक वर्ग की वॉलीबॉल प्रतियोगिता में एलपीएस साउथ सिटी ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। एल्डिको प्रथम उपविजेता रहा, जबकि सेक्टर-आई और उन्नाव द्वितीय उपविजेता रहे। विजय रावत (साउथ सिटी) को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बालिका वर्ग में सेक्टर-आई विजेता रहा। सेक्टर-डी प्रथम उपविजेता तथा जानकीपुरम और रायबरेली द्वितीय उपविजेता रहे। राव यशस्वी (सेक्टर-आई) को बालिका वर्ग में प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया। कक्षा 6 से 12 के बालक वर्ग की बास्केटबॉल प्रतियोगिता में सेक्टर-आई विजेता रहा। साउथ सिटी प्रथम उपविजेता तथा सेक्टर-डी और अंसल द्वितीय उपविजेता रहे। शिखर वर्मा (सेक्टर-आई) को बालक वर्ग का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बालिका वर्ग में सेक्टर-डी ने विजेता का खिताब हासिल किया। साउथ सिटी प्रथम उपविजेता, जबकि अंसल और सेक्टर-आई द्वितीय उपविजेता रहे। अंशिका निगम (सेक्टर-डी) को बालिका वर्ग की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। कक्षा 1 से 12 के बालक वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में एलपीएस साउथ सिटी विजेता बना। सेक्टर-आई उपविजेता तथा सेक्टर-डी और अंसल द्वितीय उपविजेता रहे। अनुराग सिंह (साउथ सिटी) को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। बालिका वर्ग में जानकीपुरम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता। अंसल उपविजेता रहा, जबकि साउथ सिटी और सेक्टर-डी द्वितीय उपविजेता रहे। विशाखा शर्मा (जानकीपुरम) को प्रतियोगिता की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया।

कक्षा 3 से 5 के बालक वर्ग की क्रिकेट प्रतियोगिता में एलपीएस साउथ सिटी विजेता रहा। जानकीपुरम उपविजेता तथा सेक्टर-आई और अहियारायपुर द्वितीय उपविजेता रहे। सौर्य त्रिपाठी (साउथ सिटी) को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। वहीं, कक्षा 1 और 2 के बालक-बालिका वर्ग की फुटबॉल प्रतियोगिता में भी साउथ सिटी ने विजेता का खिताब हासिल किया। जानकीपुरम उपविजेता, जबकि सेक्टर-आई और प्रगतिपुरम द्वितीय उपविजेता रहे। अधिक्रत कुशवाहा (साउथ सिटी) को प्रतियोगिता का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। अंतर-शाखीय खेल प्रतियोगिता में विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन ने उनकी खेल प्रतिभा, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को प्रदर्शित किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ अपनी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिला। विद्यालय प्रबंधन ने सभी विजेता एवं प्रतिभागी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

जबड़े की समस्याओं के प्रति फैलायी जागरूकता

लखनऊ। नेशनल ऑर्थोडॉन्टिस्ट दिवस के अवसर पर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के दंत चिकित्सा विभाग द्वारा इंटरनल क्वालिटी एश्योरेंस सेल के सहयोग से सीधे दांतों से कहीं बढ़कर पर सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के निदेशक प्रो. सीएम सिंह एवं डीन प्रो. राजन भटनागर के मार्गदर्शन तथा प्रो. विक्रम सिंह, सीएमएस के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्रो. सुब्रत चंद्र, एग्जीक्यूटिव रजिस्ट्रार का भी विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम की आयोजन अध्यक्ष एवं दंत चिकित्सा विभाग की प्रोफेसर एवं आयोजन अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) शैली महाजन ने ऑर्थोडॉन्टिस्ट डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक ऑर्थोडॉन्टिक्स केवल दांतों को सीधा करने तक सीमित नहीं है, बल्कि चेहरे की सामंजस्यपूर्ण संरचना, बेहतर कार्यक्षमता, सौंदर्य, आत्मविश्वास तथा जीवन की गुणवत्ता में सुधार से जुड़ा है।

जेएडओ व भाजपा पार्षद के बीच नोकझोंक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। चिनहट द्वितीय वार्ड में ट्यूलिप अपार्टमेंट के सामने अतिक्रमण हटाने पहुंची नगर निगम जोन-4 की टीम को विरोध का सामना करना पड़ा। कार्रवाई जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के नेतृत्व में की गई। नगर निगम की ओर से महिला अधिकारी के साथ अभद्रता किए जाने का आरोप लगाया गया, जबकि दूसरी ओर पटरी दुकानदारों की ओर से कथित वसूली को लेकर आरोप लगाए गए हैं।

जोनल अधिकारी के मुताबिक, क्षेत्र में अतिक्रमण से संबंधित मामला जनहित याचिका के संदर्भ में न्यायालय में विचाराधीन है। इसी के मद्देनजर कार्रवाई की गई। सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण यातायात प्रभावित होने, गंदगी फैलने और कूड़ा नाले में जाने से जलनिकासी बाधित होने की शिकायतें भी बताई गईं। बारिश के दौरान इससे जलभराव की समस्या बढ़ने की आशंका जताई गई।

- पटरी दुकानदारों से अवैध वसूली के आरोप

कार्रवाई के दौरान विरोध बढ़ने पर दोनों पक्षों के बीच आरोप-प्रत्यारोप शुरू हो गए। इसी बीच नगर निगम कार्यकारिणी सदस्य अरुण राय भी ठेले-पटरी दुकानदारों के समर्थन में पहुंच गए। उन्होंने आरोप लगाया कि दुकानदारों से अलग-अलग वसूली की गई जबकि कुछ दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उनसे पांच हजार रुपये लेकर दो हजार रुपये की ही रशीद दी गई। हालांकि नगर निगम की ओर से इन आरोपों को निराधार बताया गया है। नगर निगम के आधिकारिक प्रेस नोट के अनुसार, सोमवार को जोन-4 में चन्दन हॉस्पिटल से चिनहट तिराहा, गोमतीनगर तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। अभियान में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 19,700 रुपये अतिक्रमण शुल्क जमा कराया गया। कार्रवाई जोनल अधिकारी शिल्पा कुमारी के निर्देशन और कर अधीक्षक राजनारायण कमल के नेतृत्व में हुई।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

सड़क हादसों में महिला समेत तीन लोगों की मौत

● मड़ियांव, सरोजनीनगर और कृष्णानगर में हुई दुर्घटना

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। शहर में तेज रफ्तार ने महिला समेत तीन लोगों की जान ले ली। मड़ि?यांव में पैदल ड्यूटी जा रहे सफाई कर्मचारी राजाराम वाल्मीकि (55) को डीसीएम ने कुचल दिया। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, सरोजनीनगर में उल्टी दिशा से जा रहे ई ऑटो ड्राइवर और कृष्णा नगर में महिला की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने तीनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मडि?यांव शेरवानी नगर निवासी राजाराम वाल्मीकि संविदा सफाई कर्मचारी थे। बेटी सुमन ने पुलिस को बताया कि सोमवार तड़के पांच बजे पिता राजाराम ड्यूटी के लिए घर से पैदल निकले थे। तभी भिठौली अजीज नगर में पास बेकाबू डीसीएम ड्राइवर ने उन्हें रौंद दिया। राजाराम की मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर मौजूद एक दुकानदार ने राजाराम को पहचान लिया। दुकानदार ने परिजनों और पुलिस को हादसे की जानकारी दी। इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया। परिजनों की तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पत्नी सुशीला देवी की इसी साल जनवरी में बीमारी के चलते मौत हो गई थी। परिवार में दो बेटे, एक बेटी है।

उधर, उन्नाव के सोहरामऊ सहरावां गांव निवासी अमृतलाल (35) सोमवार सुबह करीब सवा नौ बजे नादरगंज से ऑटो से कानपुर रोड 32 बटालियन पीएसी तिराहे के पास सड़क पार करके उल्टी दिशा से होते हुए कानपुर रोड पर आरटीओ ऑफिस की ओर जा रहा था। तभी चुंगी की ओर आ रही बाइक से उसकी ई ऑटो की आमने सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार सड़क पर गिर पड़ा। उधर, अमृतलाल भी ऑटो से उछलकर नीचे सड़क पर गिर गया। अमृतलाल के सिर में गंभीर चोट लगी। उसकी मौके पर मौत हो गई। बाइक सवार चोटिल हो गए।

सूचना पर पहुंची सरोजनी नगर पुलिस ने अमृतलाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। उसके भाई अशफीलाल ने बताया कि परिवार में पत्नी बिटोला, एक बच्चा है। उधर, काकोरी के नई बस्ती बहरू निवासी बुधाना (48) करीब डेढ़ माह से आशियाना स्थित सेक्टर एफ में रहने वाले बेटे गणेश के घर पर रह रही थीं। गणेश ने पुलिस को बताया कि उनका छोटा भाई अमरेश गांव से मां को लेने के लिए आशियाना आया हुआ था। आशियाना से भाई अमरेश और मां बुधाना पैदल सवारी गाड़ी पकड ? के लिए कृष्णा नगर पैदल जा रहे थे। तभी रास्ते में कृष्णा नगर के अपोलो अस्पताल के पास तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही बुधाना को टक्कर मार दी, जिससे वह दूर जा गिरीं। गंभीर रुप से जख्मी हो गईं। इलाज के लिए बेटा अमरेश उन्हें अस्पताल ले गया, जहां उनकी मौत हो गई।

बेटे के साथ पैदल जा रही अधेड़ महिला की बाइक की चपेट में आकर मौत

लखनऊ। कृष्णानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराबिरवा स्थित एक निजी अस्पताल के निकट सोमवार सुबह बेटे के साथ पैदल जा रही एक अधेड़ महिला को तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में महिला और बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बेटे ने घायल मां को इलाज के लिए नजदीकी लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

काकोरी के नई बस्ती निवासी 48 वर्षीय बुधाना सोमवार सुबह अपने बेटे अमरेश के साथ घर जाने के लिए पैदल ही अवध चौराहे की तरफ साधन पकड़ने जा रही थीं। इसी दौरान बाराबिरवा स्थित निजी अस्पताल के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित बाइक चालक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। बाइक की टक्कर से महिला और बाइक चला रहा युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। बेटे ने राहगीरों की मदद से मां को लोकबंधु अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका का बड़ा बेटा गणेश एलडीए कॉलोनी के सेक्टर-एफ में रहता है। गणेश के अनुसार मां बुधाना एक माह से उसके ही घर पर रह रही थीं। सोमवार को छोटे भाई के साथ गांव वापस जाने के लिए घर से निकली थीं। उपनिरीक्षक पंकज सारस्वत ने बताया कि मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे में घायल बाइक सवार का लोकबंधु अस्पताल में इलाज चल रहा है, जिसकी पहचान बारिगंवा निवासी अमन के रूप में हुई है।

करंट लगने से महिला की मौत

लखनऊ। माल के लालईखेड़ा गांव में रविवार देर शाम घर के मंदिर में पूजा कर रही सीता (37) पंखे से करंट की चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गईं। परिजन उन्हें शेखवापुर स्थित निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। सीता के दो बच्चे हर्ष (15), राधिका (12) है। माल इंस्पेक्टर नवाब अहमद ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उसी आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर की मौत : लखनऊ। अलीगंज के त्रिवेणीनगर में रविवार रात संदिग्ध हालात में तीसरी मंजिल से गिरकर मजदूर आदित्य मिश्रा की मौत हो गई। वह करीब एक साल से एक महिला के साथ किराए के मकान में रह रहा था। गंभीर हालत में उसे बलरामपुर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

गुडम्बा के टेढ़ी पुलिया निवासी आदित्य के पिता संतोष मिश्रा ने बताया कि उनकी बहू सारिका की कुछ साल पहले मौत हो चुकी है। आदित्य की एक बेटी पीहू है। आदित्य सीतापुर रोड मंडी में मजदूरी करता था। वहीं उसकी एक महिला रन्नों से जान पहचान हुई थी। इसके बाद दोनों करीब एक साल से त्रिवेणीनगर में साथ रह रहे थे। महिला दूसरों के घरों में घरेलू काम करती है। महिला के मुताबिक, रविवार रात आदित्य अचानक तीसरी मंजिल से सड़क पर गिर गया। सूचना पर उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पिता ने फिलहाल किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है।

पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर दी जान : ठाकुरगंज में पति से विवाद के बाद महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसका शरीर फंदे पर लटका देखकर घरवालों नेउ से नीचे उतारा और अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस को उसके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। जिससे कारण स्पष्टद हो सके।

ठाकुरगंज के कनक सिटी निवासी धर्मेंद्र रावत का रात में पत्नी सीमा रावत (36) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद धर्मेंद्र कमरे के बाहर चला गया। कुछदेर बाद बेटी मां के कमरे में पहुंची तो देखा कि सीमा को पंखे के सहारे दुपट्टे से लटका देख चीख पड़ी। आवाज सुनकर धर्मेंद्र और बेटा भी कमरे में पहुंचे। परिजनों ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

युवक ने फांसी लगाकर दी जान : निगोहां क्षेत्र में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। मंगलवार को पुलिस को सूचना प्राप्त हुई कि नन्हेंलाल (30) पुत्र स्व. विश्राम निवासी ग्राम मस्तीपुर थाना निगोहां वर्ष द्वारा अपने घर के बंद कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इस सूचना पर पुलिस बल मौके पर पहुंचा तो देखा कि घर का दरवाजा अंदर से बंद था। मौके पर मौजूद व्यक्तियों की सहायता से दरवाजा खुलवाया गया। अंदर जाकर देखा गया तो मृतक नन्हेंलाल उपरोक्त कमरे में छत में लगे कुंड से साड़ी के फंदे से लटके थे।

टाउन प्लानिंग में कूड़ा व ट्रांसफॉर्मर के लिए जगह जरूरी

● हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान

विधि संवाददाता

लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने शहरों, कस्बों और कालोनियों के लेआउट प्लान बनाते समय कूड़ा संग्रहण-डंपिंग और बिजली ट्रांसफार्मर के लिए आवश्यक स्थान नहीं छोड़ने को गंभीर विषय माना है। कोर्ट ने कहा कि टाउन प्लानिंग में केवल वर्तमान जरूरतों को नहीं, बल्कि भविष्य की बदलती आवश्यकताओं को भी ध्यान में रखना जरूरी है। इस मुद्दे पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए अलग जनहित याचिका दर्ज करने का आदेश दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन राय व न्यायमूर्ति मंजीव शुक्ला की पीठ ने कुलदीप की ओर से दाखिल जनहित याचिका पर सुनवायी के दौरान पारित किया। कोर्ट ने रजिस्ट्री को लेआउट प्लान-टाउन प्लानिंग व सुविधाओं का प्रावधान विषय पर स्वतः जनहित याचिका दर्ज करने का निर्देश दिया है। इसकी सुनवाई 16 अक्टूबर को होगी।

याचिका पर सुनवायी के दौरान नगर निगम के अधिवक्ता शैलेंद्र सिंह चैहान ने कोर्ट को बताया गया कि विकास प्राधिकरण लेआउट तैयार करते समय कूड़ा डालने या संग्रह करने के लिए स्थान निर्धारित नहीं करते। इसी तरह ट्रांसफार्मर लगाने के लिए भी जगह नहीं छोड़ी जाती। कालोनी विकसित होने के बाद सड़क किनारे ट्रांसफार्मर लगाने पड़ते हैं, जिससे आवागमन में बाधा और लोगों को अन्य असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

कोर्ट ने स्वतः दर्ज जनहित याचिका में राज्य के आवास एवं शहरी नियोजन तथा नगर विकास विभाग, आवास एवं विकास परिषद, मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, एलडीए, नगर निगम, यूपी पावर कारपोरेशन और मध्यांचल विद्युत वितरण निगम को पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा लेआउट प्लान तैयार करते समय बदलती जरूरतों और आवश्यकताओं का पूर्वानुमान भी रखा जाना चाहिए।

अवमानना मामले में चार अफसरों पर तय किये आरोप


लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने चार साल पहले पारित अपने एक आदेश का अनुपालन न करने के मामले में उत्तर प्रदेश सरकार के चार वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ अवमानना के आरोप तय किए हैं। कोर्ट ने कहा कि इन अधिकारियों ने ऐसा कोई दस्तावेज पेश नहीं किया, जिससे यह साबित हो सके कि 19 जुलाई 2022 के उसके आदेश का आंशिक रूप से भी अनुपालन किया गया है। न्यायमूर्ति सौरभ लवानिया की पीठ ने यह कार्रवाई सुरेश चंद्र वर्मा के मामले में 2022 में दिए फैसले के अनुपालन से जुड़ी 37 अवमानना याचिकाओं पर की। उस फैसले में कोर्ट ने याचियों को लागू शासनादेशों के तहत लाभ देने से संबंधित आदेश निरस्त करते हुए वेतन का पुनर्निर्धारण, बकाया वेतन का भुगतान और संशोधित पेंशन भुगतान आदेश जारी करने का निर्देश दिया था। जिन अधिकारियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं, उनमें वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति - लघु सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, सिंचाई विभाग के प्रमुख सचिव अनिल गर्ग और ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के प्रमुख सचिव सोरभ बाबू शामिल हैं।

'नये औजार से कबीर की खुदाई' किताब दे रही नया विमर्श

● 23वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला : पांचवां दिन
● पुस्तकों के विमोचन बीच गूंजी कहानी कविताएं

लखनऊ। दलित साहित्य अत्यंत समृद्ध और वैचारिक रूप से शक्तिशाली धारा है। यह साहित्य सदियों के शोषण, दर्द, संघर्ष और आत्मसम्मान की अभिव्यक्ति है। बलरामपुर गार्डन में चल रहे 23वें राष्ट्रीय पुस्तक मेले में दलित विमर्श की किताबें भी अच्छी तादाद में बिक रही हैं। गतिविधियों भरे मेले का आज पांचवा दिन था। बौद्ध और दलित साहित्य के लिए जाने गये सम्यक प्रकाशन के स्टाल पर नयी किताबों में आरएल चन्द्रापुरी की भारत में ब्राह्मणराज और पिछड़ा वर्ग आंदोलन, राजकुमार इतिहासकार की नागवंशी भारत, डा.राजेंद्र प्रसाद सिंह व डा.शशिकला की नये औजार से कबीर की खुदाई पसंद की जा रही हैं। सन् 1929 में छपी सुंदरलाल सगर की यादव (जाटव) जीवन पहला दूसरा भाग भी फिर छपकर आयी है। अम्बेडकर साहित्य के अलावा यहां स्मृतिचिन्ह और उपहार की अनेक सामग्री है।

सेतु प्रकाशन में अशोक गोपाल की पुरस्कृत अनुवादित किताब बाबासाहेब डा.अम्बेडकर : जीवन और विचार को तवज्जो दक्षिण रही है तो राजपाल के स्टाल पर राजनीति विज्ञान पर रतनलाल द्वारा संपादित आम्बेडकर और संसदीय लोकतंत्र चर्चा में है। संविधान प्रचार के स्टाल पर संविधान की कई आकारों की पुस्तकों के अलावा नयी किताबों में लोकतंत्र को केंद्र में रखकर लिखी गयी डा.देवेन्द्र प्रताप यादव की 'जहरीला बहुमत' बहुत ही सामयिक प्रश्न उठाती है। रामकुमार गौतम के संपादन में निकली दूसरी नयी पुस्तक 'बहुजन पर प्रदर्शक' 26 विभूतियों पर है।



बौद्ध साहित्य की अनेक पुस्तकों में डा.जगन्नाथ उपाध्याय की 'भारत को बुद्ध धर्म की देन' प्रमुख हैं। इससे इतर प्रभात के स्टाल पर लेखक महेन्द्र कुमार अग्रवाल अपनी नयी किताब मेरा संभल महान को लेकर पुस्तक प्रेमियों के बीच सम्भल के इतिहास सहित कल्कि धाम, हरिहर मंदिर, वहां की सनातन परम्परा और सती स्मारकों के बारे में उत्साह से बताते दिखायी दिये।

मुख्य मंच पर शाम को सर्वेश अस्थाना की परिकल्पना में उप्र साहित्य सभा के प्रणाम परिवार सम्मान और काव्य स्व.बाँकेलाल-विमला देवी, गिरिजाशंकर द्विवेदी, कृष्णचन्द्र- शारदा देवी, डा.उर्मिलेश, विजय बहादुर सिंह की याद में नरेंद्र गरल बदायूं, बलराम श्रीवास्तव मैनपुरी, अर्जुन सिंह चाँद, डा.राजीव राज इटावा और गजेन्द्र प्रियांशु बाराबंकी को प्रणाम सम्मान से परिवारीजनों ने नवाजा। फिर मुकुल महान के संचालन में काव्य समारोह चला।

गलती की सजा केवल व्यक्ति नहीं, पूरा परिवार भुगतता है : सागर जी महाराज

लखनऊ। विहसंत सागर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि जीवन में कई बार क्रोध, गलत संगति, लालच, व्यसन अथवा गलत निर्णय व्यक्ति को ऐसी राह पर ले जाते हैं, जहां आगे चलकर केवल पश्चाताप ही शेष रह जाता है। जब व्यक्ति कारागार की चारदीवारी के भीतर पहुंचता है, तब उसे एहसास होता है कि उसने केवल अपनी स्वतंत्रता नहीं खोई, बल्कि अपने पूरे परिवार की शांति भी छीन ली। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को कोई भी गलत कदम उठाने से पहले यह सोचना चाहिए कि उसके गलत निर्णय की कीमत कौन चुका रहा है। पत्नी, जो कभी सम्मान के साथ समाज में रहती थी, उसे लोगों के सवालों और नजरों का सामना करना पड़ता है। मां की उम्मीदें, पिता का विश्वास, पत्नी का सम्मान और बच्चों का भविष्य—ये सभी व्यक्ति के एक निर्णय से जुड़े होते हैं। मीडिया प्रभारी सिद्धार्थ जैन ने बताया कि पूज्य उपाध्याय श्री 108 विहसंत सागर जी महाराज का पदविहार कल प्रातः 6:30 बजे सहादतगंज दिगम्बर जैन मंदिर के लिए होगा।

राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस पर संरक्षण के प्रति किया जागरूक

लखनऊ। राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के अवसर पर आज कुकरेल घड़ियाल पुनर्वास केंद्र, लखनऊ में उत्तर प्रदेश वन विभाग की लुप्तप्राय प्रजाति परियोजना एवं वाइल्डलाइफ सर्वाइवल एलायंस फाउंडेशन इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में गंगा नदी डॉल्फिन के संरक्षण तथा स्वस्थ नदी पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से कार्यक्रम आयोजित किया गया। भारत में प्रत्येक वर्ष 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य डॉल्फिन तथा उनके जलीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

हाईकोर्ट ने केजीएमयू प्रोफेसर की सभी याचिकाएं कीं खारिज

विधि संवाददाता, लखनऊ। इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने केजीएमयू के प्रोफेसर अशीष वाखलू की सेवा समाप्ति समेत विभिन्न मामलों से जुड़ी सभी रिट याचिकाएं और अवमानना याचिका खारिज कर दीं। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की एकल पीठ ने बाखलू की ओर से दाखिल विभिन्न याचिकाओं के पर एक साथ पारित किया है। कोर्ट ने कहा कि अवमानना का मामला भी नहीं बनता, क्योंकि अंतरिम आदेश के खिलाफ रिकॉल और याचिका को निष्प्रभावी मानकर खारिज करने के आवेदन दाखिल किए गए थे, जिन पर निर्णय नहीं हो सका था। कोर्ट ने फैसले में प्रोफेसर वाखलू के आचरण पर कड़ी टिप्पणी की। कोर्ट ने उनके आचरण को दुर्भावनापूर्ण बताते हुए कहा कि अनुच्छेद 226 के तहत असाधारण न्यायिक उपचार उन लोगों के लिए है, जो अपने वैधानिक या मौलिक अधिकारों के उल्लंघन की शिकायत लेकर आते हैं, न कि ऐसे लोगों के लिए जो प्रक्रियात्मक त्रुटियों पर जोर देकर न्यायिक प्रक्रिया को बाधित करने का प्रयास करते हैं।

अभिनेता शोभिनव सत्या के परिजनों को कायस्थ परिवार ने किया सम्मानित



लखनऊ। बहुचर्चित फिल्म हनुमान अंश में बाबा नीम करौरी महराज का किरदार निभाने वाले अभिनेता शोभिनव सत्या के परिजनों को कायस्थ परिवार द्वारा सम्मानित किया गया। रविवार को आईआईएम रोड पर स्थित महर्षि विद्या मंदिर में आयोजित स्वागत एवं सम्मान समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित व चित्रगुप्त आरती, स्तुति कर किया गया। इस मौके पर महर्षि विद्या मंदिर के प्रबंधक अनूप श्रीवास्तव, कार्यक्रम संयोजक शेखर कुमार सहित प्रमुख रूप से उमेश कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र सक्सेना, आलोक श्रीवास्तव, मुनेन्द्र प्रसाद, सुनीता श्रीवास्तव, शम्भू शरण, रितु जी, एड.कीर्ती श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार, राजेश श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, राकेश रंजन सहित काफी संख्या में इस भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। अनूप श्रीवास्तव जी ने मुख्य अतिथियों में शोभिनव की नानी कुसुम श्रीवास्तव, पिता सत्येंद्र श्रीवास्तव, मां लक्ष्मी श्रीवास्तव और बहन उन्नति श्रीवास्तव सहित मामा, मामी, मौसा मौसी व बहन को सम्मानित किया गया।

राम कथा मनुष्य के कल्याण का मार्ग है : स्वामी विष्णु दास जी

● लेटे हुए हनुमान जी को गोमती मैया करा रही पूर्ण स्नान

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी मंदिर, पंचवटी घाट, चौक, लखनऊ में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस कथा व्यास परम पूज्य स्वामी विष्णु दास जी महाराज ने भगवान श्रीराम के दंडकारण्य वन गमन के दौरान संतों से मिलन तथा सत्संग के अत्यंत भावपूर्ण प्रसंगों का वर्णन किया।

स्वामी विष्णु दास जी महाराज ने कहा कि संतों का संग और श्रीराम कथा मनुष्य के जीवन को सही दिशा प्रदान करने वाले कल्याण के प्रमुख मार्ग हैं। संतों का सानिध्य मनुष्य के भीतर सद्विचार, विनम्रता, सेवा और भक्ति का भाव जागृत करता है। भगवान श्रीराम का वनवास केवल एक ऐतिहासिक प्रसंग नहीं, बल्कि त्याग, मयार्दा, धैर्य और धर्म के पालन



की प्रेरणा देने वाला जीवन-दर्शन है। कथा के दौरान भगवान श्रीराम और संतों के मिलन के प्रसंगों का वर्णन सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। पूरे कथा पंडाल में भक्तिमय एवं भावुक वातावरण बना रहा और श्रद्धालु श्रीराम नाम एवं भक्ति रस में डूबे नजर आए।

आज कथा में प्रमुख रूप से हनुमानगढ़ नीमसार के महंत श्री पवन दास जी पूर्व मंत्री श्री अरविंद सिंह गोप महंत धर्मराज जी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कथा संयोजक डॉ. पंकज सिंह भदौरिया ने बताया कि माता गोमती का जलस्तर लगातार बढ़ने के बावजूद श्रीराम कथा में श्रद्धालुओं की संख्या निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्राचीन श्री लेटे हुए हनुमान जी का 51 लीटर दूध एवं गंगाजल से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विशेष अभिषेक किया जाएगा।

इस अवसर पर कथा व्यवस्थापक अखिलेश कुमार ,अतुल सिंह, अभिषेक गुप्ता ,अमित शर्मा, अजय मेहरोत्रा ,ब्लॉक प्रमुख नीतू यादव, रजत सक्सेना, अभिषेक खरे, सहित भारी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे। सप्त दिवसीय श्रीराम कथा के आगामी दिवसों में श्रीरामचरितमानस के अन्य महत्वपूर्ण प्रसंगों का आध्यात्मिक एवं जीवनोपयोगी विवेचन परम पूज्य स्वामी विष्णु दास जी महाराज द्वारा किया जाएगा।

दोस्त की जगह यूपीएससी परीक्षा दे रहा रेलवे टेक्नीशियन गिरफ्तार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी (स्क्रीनिंग) परीक्षा में दूसरे के स्थान बैठे रेलवे टेक्नीशियन को हजतरगंज पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने दोस्त के वोटर आईडी पर अपनी फोटो लगाकर फर्जी पहचान पत्र तैयार किया था। आइरिस मैच नहीं होने पर फजीर्वाड़े का खुलासा हुआ।



इंस्पेक्टर हजरतगंज विक्रम सिंह के मुताबिक, परीक्षा केंद्र नेशनल पीजी कॉलेज के ब्लॉक-बी उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी की परीक्षा रविवार को आयोजित हुई थी। पहली पाली में एक युवक शशांक कुमार मिश्रा के नाम से परीक्षा दे रहा था। आइरिस मैच न होने पर दोबारा बायोमेट्रिक और आधार सत्यापन कराया गया। आरोपी ने जांच टीम को आधार कार्ड नहीं दिखाया। इस पर पुलिस, स्टैटिक मजिस्ट्रेट नृपेन्द्र सिंह, सेक्टर मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक ने उससे पूछताछ की। पकड़ा गया आरोपी गोरखपुर के विकासनगर विस्तार निवासी जयशंकर त्रिपाठी (37) पुत्र जय प्रकाश त्रिपाठी है। उसने कबूल किया कि वह अपने मित्र शशांक कुमार मिश्रा के स्थान पर परीक्षा देने आया था।

ऑटो रिक्शा में लगी आग

लखनऊ। गोसाईंगंज कस्बे में स्थित पेट्रोल पंप के पास अचानक चलते ऑटो रिक्शा में आग लग गई।चालक ने समय रहते कूदकर अपनी जान बचाई।मूल रूप से पारा के रहने वाले रईस इस समय अपनी ससुराल कजियाना अमेठी में रहते हैं। जीवन यापन के लिए उन्होंने एक सप्ताह पूर्व ही नया ऑटो रिक्शा खरीदा था।सोमवार को वह गोसाईंगंज की ओर जा रहे थे, तभी पेट्रोल पंप के पास अचानक ऑटो के पिछले हिस्से में आग लग गई। आग देखकर रईस ने ऑटो से कूदकर अपनी जान बचाई। ऑटो में आग लगी देख पेट्रोल पंप कर्मियों ने तत्परता दिखाते हुए आग बुझाने वाले सिलेंडर से आग पर काबू पाया।तब तक ऑटो का पिछला हिस्सा जल चुका था। गनीमत रही कि उस समय ऑटो में कोई सवारी नहीं थी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

महिला को थार सवार ने मारी टक्कर

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली क्षेत्र के सुजानपुरा में रविवार अपराह्न पैदल जा रही एक महिला को तेज रफ्तार थार ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया । पीड़ित महिला ने मामले की लिखित तहरीर स्थानीय थाने में दी है । आलमबाग के सुजानपुरा निवासी विधवा पूनम तिवारी पत्नी स्व. लक्ष्मीकांत तिवारी के अनुसार, रविवार दोपहर लगभग 3 बजे वह पैदल ही अपने घर से मोहल्ले में स्थित मिष्ठान भंडार पर जा रही थीं । इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार अनियंत्रित थार ने उन्हें टक्कर मार दी और चालक मौके से भाग निकला । हादसे में उनका मोबाइल फोन क्षतिग्रस्त हो गया और शरीर में अंदरूनी चोटें आईं । पीड़िता की लिखित शिकायत पर रविवार शाम आलमबाग पुलिस मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुटी है।

युवक का मिला शव शिनाख्त नहीं

लखनऊ। चिनहट क्षेत्र में मंगलवार को अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पाया गया है। पुलिस का कहना है कि मंगलवार को प्रातः सूचना प्राप्त हुई कि सतरिख रोड थाना चिनहट के पास अज्ञात व्यक्ति मृत अवस्था में पड़ा है। सूचना का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया, जहां अज्ञात व्यक्ति उम्र 25 वर्ष मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने उसे डा. राम मनोहर लोहिया चिकित्सालय भेजा, जहां चिकित्सक द्वारा मृत घोषित कर दिया।

सूचना

सूचित हो कि मैंने अपने पुत्र प्रदीप कुमार व दिलीप कुमार के अनैतिक कार्यों से तंग आकर उससे अपने सभी संबंध विच्छेद करता हूं। मेरी समस्त चल-अचल संपत्ति में उपरोक्त पुत्रों का कोई भी वास्ता या अधिकार भविष्य में नहीं रहेगा। वह अपने कृत्यों के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। गंगा प्रसाद पुत्र नन्हई लाल निवासी ग्राम छूलामऊ, थाना व तहसील पुरवा जिला उन्नाव।

इंदिरा एकादशी आज, भक्त करेंगे भगवान विष्णु की पूजा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। हिंदू धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व बताया गया है. साल में आने वाली सभी एकादशियों में इंदिरा एकादशी को भी महत्वपूर्ण माना जाता है. यह एकादशी आश्विन माह के कृष्ण पक्ष में आती है और पितृ पक्ष के दौरान पड़ने की वजह से इसका महत्व और बढ़ जाता है. मिंक मान्यता के अनुसार, इंदिरा एकादशी भगवान विष्णु के साथ पितरों को समर्पित होती है। इस दिन व्रत रखने के साथ भगवान विष्णु की पूजा की जाती है और पूर्वजों के लिए तर्पण, श्राद्ध आदि करने की परंपरा बताई गई है. मान्यता है कि इस व्रत को करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है और परिवार में सुख-शांति बनी रहती है।

पंचांग के अनुसार, आश्विन कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि 6 अक्टूबर 2026 को रात 2 बजकर 7 मिनट से शुरू होगी और 7 अक्टूबर 2026 को रात 12 बजकर 34 मिनट पर समाप्त होगी. उदया तिथि और एकादशी व्रत की परंपरा के अनुसार



इंदिरा एकादशी का व्रत मंगलवार, 6 अक्टूबर 2026 को रखा जाएगा।

इंदिरा एकादशी को पितरों की मुक्ति का महाव्रत क्यों कहा जाता है ? : इंदिरा एकादशी को पितरों के लिए विशेष माना जाता है, क्योंकि यह श्राद्ध पक्ष यानी पितृ पक्ष के दौरान आती है. धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस दिन भगवान विष्णु की पूजा और एकादशी व्रत करने से पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति के लिए पुण्य मिलता है. इसी वजह से इसे कई जगहों पर पितरों की मुक्ति का महाव्रत भी कहा जाता है. मान्यता है कि अगर किसी कारण से पितृपक्ष में पूर्वजों का श्राद्ध कर्म ठीक तरह से नहीं हो पाए हों, तो इंदिरा एकादशी का व्रत और भगवान विष्णु की पूजा विशेष फलदायी माना जाता है।

इंदिरा एकादशी पर कैसे करें भगवान विष्णु की पूजा ? इंदिरा एकादशी के दिन सुबह जल्दी उठकर स्नान करें और साफ कपड़े पहनें. इसके बाद पूजा स्थान की सफाई करके भगवान विष्णु की प्रतिमा या तस्वीर के सामने दीपक जलाएं. भगवान का ध्यान करके व्रत का संकल्प लें. जा में भगवान विष्णु को पीले फूल, तुलसी दल, चंदन, अक्षत, फल और पीले वस्त्र अर्पित किए जा सकते हैं. इसके बाद धूप-दीप जलाकर भगवान विष्णु की आरती करें. पूजा के दौरान ओम भगवते वासुदेवाय मंत्र का जाप करना शुभ माना जाता है।

7 अक्टूबर को होगा व्रत का पारण : इंदिरा एकादशी का व्रत 6 अक्टूबर को रखा जाएगा और अगले दिन द्वादशी तिथि में पारण किया जाएगा. द्रिक पंचांग के अनुसार, 7 अक्टूबर 2026 को पारण का समय सुबह 6 बजकर 17 मिनट से 8 बजकर 38 मिनट तक रहेगा।

इंदिरा एकादशी का धार्मिक महत्व : इंदिरा एकादशी का महत्व भगवान विष्णु की भक्ति और पितरों के स्मरण से जुड़ा माना जाता है. पितृ पक्ष के दौरान आने वाली इस एकादशी पर श्रद्धालु भगवान विष्णु की पूजा करने के साथ अपने पूर्वजों के लिए प्रार्थना करते हैं. धार्मिक मान्यता है कि इस दिन व्रत, पूजा, तर्पण और दान-पुण्य करने से पितरों की कृपा प्राप्त होती है. साथ ही भगवान विष्णु की भक्ति से परिवार में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहने की कामना की जाती है।

भारत-वेस्टइण्डीज क्रिकेट मैच के चलते यातायात परिवर्तन

लखनऊ। मंगलवार को इकाना स्टेडियम में भारत व वेस्टइण्डीज टीम के मध्य टी-20 अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच होने के चलते यातायात में परिवतन किया है। बड़े वाहन/बस/कमर्शियल वाहन सामान्य यातायात दोपहरु 03 बजे से मैच समाप्ति तक रोक रहेगी।

नयी व्यवस्था के तहतत कमता शहीद पथ तिराहा अयोध्या रोड से सामान्य यातायात कमता तिराहे से शहीद पथ होकर सुल्तानपुर रोड/ रायबरेली रोड/कानपुर रोड की तरफ नहीं जा सकेगा, बल्कि यह वाहन कमता तिराहा/इन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान चौराहा/ समतामूलक चौराहा/ लालबत्ती चौराहा/करियप्पा चौराहा/ तेलीबाग चौराहा/बाराबिरवा चौराहा अथवा इन्दिरानहर चौराहा से होते हुये किसान पथ होकर जा सकेगें। शहीद पथ कानपुर रोड तिराहा से सामान्य यातायात शहीद पथ होकर सुल्तानपुर रोड/राय

संक्षेप

करंट लगने से महिला समेत दो घायल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। हैदराबाद थाना क्षेत्र के जनकपुर गांव में सोमवार को घर में बिजली का करंट लगने से महिला समेत दो लोग घायल हो गए। हादसे के बाद परिजन दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां उनका उपचार किया गया। घायलों में जनकपुर निवासी शांति देवी (60) पत्नी तेजराम और जानकी प्रसाद (50) पुत्र तेजराम शामिल हैं। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार होने पर चिकित्सकों ने दोनों को छुट्टी दे दी।

युवती से छेड़छाड़ के आरोप में युवक की पिटाई

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। लखीमपुर रोड स्थित कोटवारा जंगल में युवती से छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक की महिलाओं ने पिटाई कर दी। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वायरल वीडियो में कुछ महिलाएं युवक की पिटाई करती दिखाई दे रही हैं। महिलाएं उस पर युवती से मोबाइल नंबर मांगने का आरोप लगाती नजर आ रही हैं। युवक माफी मांगता है और बाद में महिलाओं के सामने उठक-बैठक लगाता भी दिखाई दे रहा है। कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो रविवार का है। उनके अनुसार निघासन क्षेत्र की कुछ यूट्यूबर महिलाएं और युवतियां कोटवारा जंगल में एक कार्यक्रम में शामिल होने आई थीं। इसी दौरान शेरपुर निवासी युवक से उनका विवाद हो गया, जिसके बाद महिलाओं ने उसकी पिटाई कर दी। पुलिस के अनुसार युवक के बड़े भाई ने सोमवार को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने संबंधित महिलाओं से संपर्क कर उन्हें कोतवाली बुलाया है। मामले में पूछताछ की जा रही है।

युवक को घेरकर मारपीट, मोबाइल व नकदी लूटने का आरोप

पसगवां-खीरी। उचौलिया थाना क्षेत्र के खडसरा गांव निवासी मजदूर युवक ने चार अज्ञात लोगों पर रास्ते में घेरकर मारपीट करने, मोबाइल और पांच हजार रुपये नकद लूटने तथा तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। शिवम पुत्र रामप्रताप के मुताबिक, वह रविवार रात करीब 11 बजे शाहजहांपुर से ऑटो से घर लौट रहा था। नेवादा तिराहे पर ऑटो से उतरने के बाद वह पैदल घर जा रहा था। आरोप है कि रास्ते में चार अज्ञात लोगों ने उसे घेर लिया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद आरोपियों ने मोबाइल फोन और करीब पांच हजार रुपये छीन लिए। पीड़ित का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने तमंचा दिखाकर जान से मारने की धमकी दी और फरार हो गए। घटना के बाद शिवम ने उचौलिया थाने पहुंचकर पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया। खबर लिखे जाने तक पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ग्रामीणों ने नेवादा तिराहे के आसपास रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

एनएचएम संविदा कर्मचारियों ने किया विरोध- प्रदर्शन




जिला संवाददाता(vol)

सिधौली (सीतापुर)। उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारियों ने सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सिधौली में संविदा कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया है।

प्रदर्शन के दौरान एनएचएम कार्यकर्ता विजय सिंह ने बताया कि आंदोलन के प्रथम चरण में 5, 6 और 7 अक्टूबर को सभी एनएचएम कर्मचारी काली पट्टी बांधकर कार्य करेंगे। इसके बाद 8, 9 और 10 अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर शांतिपूर्ण ढंग से कार्य बहिष्कार किया जाएगा। मांगें पूरी नहीं होने पर 12 अक्टूबर से बड़ी संख्या में कर्मचारी लखनऊ स्थित ईको गार्डन पहुंचकर अनिश्चितकालीन हड़ताल में शामिल होंगे। कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा समान कार्य के लिए समान वेतन शामिल है। कर्मचारियों ने कहा कि लंबे समय से उनकी मांगें लंबित हैं। संघ ने शासन से मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने की अपील की है। इस सभी एनएचएम के संविदा कर्मी उपस्थित रहे।

एमएलसी उमेश द्विवेदी लखनऊ में आज करेंगे नामांकन, शिक्षकों में उत्साह

प्रतापगढ़। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी के आज मंगलवार को लखनऊ में नामांकन को लेकर सोमवार को समर्थकों को तैयारियों को लेकर उत्साह में देखा गया। बड़ी संख्या में शिक्षकों का जत्था जिले भर से एमएलसी उमेश द्विवेदी के नामांकन में सोमवार की शाम से ही रवाना हुआ दिखा। वहीं विधायक उमेश के भाई संतोष द्विवेदी की अगुवाई में मंगलवार की सुबह समर्थकों व शिक्षकों का जत्था एमएलसी के स्थानीय नगर स्थित आवास से सुबह लखनऊ रवाना होगा।



उमेश द्विवेदी लखनऊ खण्ड स्नातक क्षेत्र से दो बार से लगातार शिक्षक विधायक हैं। भाजपा ने इस बार भी इन्हें पार्टी से उम्मीदवार बनाया है। ऐसे में तीसरी बार निर्वाचित होने की स्थिति में उमेश द्विवेदी भी प्रतापगढ़ से उच्च सदन में हैट्रिक रिकार्ड बनाने में सफल हो सकेंगे। एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, समाजसेवी संतोष द्विवेदी के साथ बड़ी संख्या में शिक्षकों व प्रबुद्ध वर्ग को उमेश द्विवेदी के समर्थन में विद्यालयों में शिक्षकों से समर्थन की कवायद में जुटा देखा जा रहा है। संतोष द्विवेदी के मुताबिक एमएलसी उमेश द्विवेदी प्रातः दस बजे लखनऊ में नामांकन करेंगे।

खड़ंजा क्षतिग्रस्त करने व मारपीट की एसपी से शिकायत

प्रतापगढ़। कोतवाली लालगंज पूरे मठहा पूरे नोती गांव निवासी गोकरन नाथ पाण्डेय पुत्र स्व. शीतलादीन ने सोमवार को एसपी को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर सरकारी खंडजा मार्ग क्षतिग्रस्त करने व मारपीट करने का विपक्षी पर आरोप लगाया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि दो अक्टूबर की सुबह करीब नौ बजे गांव के एक पड़ोसी ने अपनी चार अज्ञात साथियों के साथ मिलकर उसके घर के सामने बने खंडजे को उखाड़ दिया और रास्ते में अपना निजी नल लगाकर चबूतरा बनवा दिया। इससे आवागमन बाधित हो गया। शिकायतकर्ता का आरोप है कि इसका विरोध करने पर आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए उसे मारापीटा व जानलेवा धमकी दी। शिकायतकर्ता ने एसपी से इंसाफ की गुहार लगायी है।

ग्राम पंचायत रामलोक की डीपीआरओ ने की जांच

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी के विकास खण्ड धौरहरा की ग्राम पंचायत रामलोक में हुए भ्रष्टाचार कि खबर वॉइस ऑफ लखनऊ में प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा मौके पर पहुंच कर जाँच कि गई।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत रामलोक में ग्राम पंचायत सचिव व प्रशासक ग्राम प्रधान द्वारा विभिन्न स्थानों पर हैण्ड पम्प मरम्मत कार्य के नाम पर पुरानी फोटो अपलोड करके 10974, 32410 का भुगतान किया गया, वहीं स्टेशनरी कार्य के नाम पर 14280 रुपए का भुगतान भी जाँच का विषय है क्योंकि इससे पहले तैनात सचिव द्वारा स्टेशनरी और हैण्ड पम्प का भुगतान किया जा चूका है। पूर्व तैनात सचिव द्वारा भी यही फोटो अपलोड करके हैण्ड पम्प का भुगतान किया गया था, इससे स्पष्ट होता है की सचिव द्वारा फर्जी भुगतान कर भ्रष्टाचार किया गया है। सचिव द्वारा एक ही अपनी चाहती फर्म प्रिया इंटरप्राइजेज को ग्राम पंचायत में स्वछता किट कार्य 28320 रुपए, ग्राम पंचायत में वालपेंटिंग एवं स्लोगन कार्य 15930 रुपए, पंचायत भवन में वालपुट्टी कार्य 42480 रुपए, पंचायत भवन ऑफिस हेतु इक्विपमेंट कार्य के नाम पर दो बार 38000, 39500 रुपए का भुगतान किया गया है। और पंचायत भवन ऑफिस हेतु इक्विपमेंट दिखाकर कैमरा के नाम पर भी 20000 रुपए का भुगतान प्रिया इंटरप्राइजेज को किया गया। इस सम्बन्ध में विशाल सिंह जिला पंचायत राज अधिकारी ने बताया जाँच के लिए गए थे सचिव से फाइल ली गई है जिसमे कागज पुरे नहीं पाए गए है मस्टर रोल में हेरा फेरी मिली है सचिव का वेतन रोक कर नोटिस जारी किया गया है आगे कि कार्यवाही नोटिस का जवाब मिलने पर कि जाएगी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला गोकर्णनाथ में सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा गोला विधानसभा के कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित अभियान के तहत किया गया।

रक्तदान करने वालों में नामित सभासद सूर्य प्रताप सिंह, महामंत्री मिथलेश मिश्रा, आईटी संयोजक सुमित सक्सेना, मोहित जग्गी, स्पर्श सिंह, जगत अवस्थी, गौरव श्रीवास्तव, प्रेम सिंह और अमित गुप्ता शामिल रहे। विधानसभा संयोजक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।



सह संयोजक रविंद्र कटियार ने कहा कि रक्तदान से जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचाया जा सकता है और लोगों को इसके लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अवध प्रांत ठाकुर प्रसाद गंगवार, पूर्व चेयरमैन एलडीवी बैंक उत्तर प्रदेश सुर्जन लाल वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, विधानसभा संयोजक शत्रोहन मिश्रा, मंडल अध्यक्ष मैलानी संजीव वर्मा, नगर महामंत्री राजेश राठौर, धीरज बाजपेई, नगर उपाध्यक्ष रामजी रस्तोगी, रेखा मिश्रा, विशेष वर्मा समेत अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वाद-विवाद और खजाने की खोज प्रतियोगिता आयोजित

पलियाकलां खीरी। जगदीश आर0, उपनिदेशक, दुधवा टाइगर रिजर्व प्रभाग, पलिया-खीरी के मार्ग दर्शन में वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय उद्यान के दुधवा पर्यटन परिसर में चल रहे वन्य प्राणी सप्ताह के चौथे दिवस पर छात्र-छात्राओं के लिए विभिन्न रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।



इस दौरान बच्चों के मध्य वाद-विवाद (डिबेट) एवं खजाने की खोज (ट्रेजर हंट) प्रतियोगिताएं कराई गईं, जिसमें विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण (खजाने की खोज) प्रतियोगिता रही, जिसमें बच्चों ने प्रकृति के बीच सुराग ढूंढते हुए पर्यावरण से जुड़े संदेशों को समझा। वहीं, वाद-विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने वन्यजीव संरक्षण की चुनौतियों और उपायों पर बेहद बेबाकी और तार्किक ढंग से अपने विचार साझा किए। प्रतियोगिताओं के मुख्य आकर्षण एवं परिणाम वाद-विवाद प्रतियोगिताः इस प्रतियोगिता का मुख्य विषय वन्यजीव कारिडोर और मानव सह-अस्तित्व पर आधारित था। बच्चों ने इसके पक्ष और विपक्ष में दमदार तर्क प्रस्तुत किए। खजाने की खोज दुधवा पर्यटन परिसर के प्राकृतिक वातावरण में आयोजित इस खेल के जरिए बच्चों को जंगल, वृक्षों और वन्यजीवों के महत्व को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला।

उक्त दोनों प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र एवं छात्राओं को वन्य प्राणी सप्ताह के समापन अवसर 08.10.2026 को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर कार्यक्रम के दौरान रोहित रवि, वरिष्ठ परियोजाना अधिकारी, विश्व प्रकृति निधि-भारत, डा0 तलहा, पशुचिकित्सक, दुधवा, लैंड स्लाइड कुमार, वन दरोगा, पर्यटन, सुशांत सिंह, स्टोर प्रभारी, विपिन सैनी, आउटरीच प्रोग्राम इंचार्ज, सन्दीप कुमार, फार्मासिस्ट, धनीराम, अभिप्रेरक, सुश्री नाजरून निशा, अभिप्रेरक, सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अधिकारियों/कर्मचारियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजनों से नई पीढ़ी में प्रकृति के प्रति प्रेम और जिम्मेदारी की भावना सुदृढ़ होती है।

11 अक्टूबर से शुरू होगी रामलीला 22 को होगा भरत मिलाप



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। नगर में रामलीला मंचन को लेकर तैयारियां जोर-शोर से शुरू हो गई हैं। रामलीला मैदान के समतलीकरण से लेकर मंच और अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप देने का काम चल रहा है। मेला कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि और मंत्री पंकज गुप्ता ने बताया कि 11 अक्टूबर रविवार को श्री गणेश पूजन और ध्वजारोहण के साथ रामलीला का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम के अनुसार 12 अक्टूबर को श्री शिव विवाह, 13 अक्टूबर को नारद मोह और रावण तपस्या, 14 अक्टूबर को श्रीराम जन्म, ताड़का वध और अहिल्या उद्धार तथा 15 अक्टूबर को धनुष भंग और परशुराम-लक्ष्मण संवाद का मंचन होगा। 16 अक्टूबर को श्रीराम बारात और श्रीराम विवाह, 17 अक्टूबर को कैकेयी संवाद, 18 अक्टूबर को दशरथ मरण तथा 19 अक्टूबर को सीता हरण का प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 20 अक्टूबर को लंका दहन और लक्ष्मण शक्ति, 21 अक्टूबर को दशहरा तथा 22 अक्टूबर को भरत मिलाप के साथ रामलीला का समापन होगा। मेला कमेटी के अनुसार रामलीला का समय प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से शाम छह बजे तक रहेगा, जबकि नाटक मंचन रात आठ बजे से मध्यरात्रि 12 बजे तक होगा। दर्शकों की सुविधा के लिए महिलाओं के अलग बैठने की समुचित व्यवस्था भी की गई है। मैदान में समतलीकरण सहित अन्य तैयारियां तेजी से चल रही हैं।

बाइक और मोटर साइकिल की टक्कर, तीन घायल

पहला (सीतापुर)। थाना रामपुर कला क्षेत्र अंतर्गत सोमवार दोपहर सरैंया राजा साहब के पास बाइक और साइकिल की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में साइकिल सवार गीता देवी पुत्री धर्मराज तथा आदर्श कुमार पुत्र धर्मराज गंभीर रूप से घायल हो गये। वहीं बाइक सवार रतीराम पुत्र दिनेश कुमार निवासी नीमगांव, लखीमपुर खीरी को भी चोटें आईं। बाइक रामू पुत्र खागा चला रहे थे। जिन्हें भी हल्की चोट लगने की जानकारी है। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गीता देवी और आदर्श कुमार की गंभीर हालत को देखते हुए दोनों को सीतापुर रेफर कर दिया गया।

कश्यप समाज की एकजुटता और उत्थान के लिए महासभा का गठन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कश्यप समाज को संगठित करने और शिक्षा, रोजगार व सामाजिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कश्यप महासभा का गठन किया गया। सिनेमा रोड स्थित कला निलियम में हुई बैठक में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। सर्वसम्मति से मनोज कश्यप को अध्यक्ष और प्रवीण कश्यप को महामंत्री चुना गया। बैठक में समाज की एकता, संगठन को मजबूत करने और समाज के अधिकारों से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाने पर चर्चा हुई। वक्ताओं ने कहा कि सामाजिक प्रगति के लिए आपसी मतभेद भुलाकर सभी को एक मंच पर आना होगा। महासभा समाज की समस्याओं को सामने लाकर उनके समाधान के लिए प्रयास करेगी। संगठन में रविंद्र कश्यप, दीपक कश्यप, राकेश कश्यप रायपुर और डॉ. रामलखन कश्यप को उपाध्यक्ष बनाया गया। राधेश्याम कश्यप, राजेंद्र प्रसाद कश्यप, देवेश कश्यप, सूरज कश्यप और संजय कश्यप उर्फ राजू भाई को संरक्षक तथा राजकुमार कश्यप को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाज के लोगों ने स्वागत किया। अध्यक्ष मनोज कश्यप और महामंत्री प्रवीण कश्यप ने कहा कि महासभा शिक्षा, रोजगार, सामाजिक सम्मान और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास के लिए काम करेगी। कार्यक्रम में अमित कश्यप, मोहित कश्यप, राजेश कुमार कश्यप, शिव कुमार कश्यप, प्रदीप कश्यप, रवि कुमार, रामचंद्र, अजय कश्यप, रविन्द्र कश्यप समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

एडिशनल कमिश्नर परिवहन प्रशासन ने ब्लॉक धौरहरा का किया भौतिक निरीक्षण



लखीमपुर खीरी। नियोजन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश के क्रम में एडिशनल कमिश्नर परिवहन प्रशासन विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ चित्रलेखा सिंह के द्वारा विकासखंड धौरहरा में आकांक्षात्मक विकासखंड प्रोग्राम के तहत जो भी परिवर्तन परिलक्षित हुए हैं उनका भौतिक निरीक्षण किया गया। निरिक्षण के दौरान उन्होंने सरसावा ग्राम पंचायत में मनरेगा योजना से निर्मित हाट बाजार का निरीक्षण किया और वहां बने हुए सीएससी से जनमानस को दी जा रही सुविधाओं के बारे में पूछा, उसके उपरांत हरदी ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया, जिसमें दो बच्चों का अन्नप्राशन एवं दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई भी की। इसके उपरांत अमेठी ग्राम पंचायत के मजरे महादेव में संविलियन विद्यालय का भ्रमण किया जिसमें आईसीटी लैब, स्मार्ट क्लास, एलबीडी लैब आदि का निरीक्षण किया एवं शिक्षा से संबंधित बच्चों से बातचीत की बच्चों से भाषा एवं गणित पर उनकी नॉलेज को चेक किया, साथ ही महादेव आंगनबाड़ी केंद्र पर लॉजिस्टिक का निरीक्षण किया एवं एक एमएएम बच्चे को पोषण पोटली भेंट की। इसके उपरांत स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम पंचायत हसनापुर के मजरे रंजीत गंज में बने आयुष्मान आरोग्य मंदिर की व्यवस्था एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भ्रमण किया, जिसमें स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। हसनापुर ग्राम पंचायत में बने पंचायत भवन का निरीक्षण किया एवं वहां से दी जा रही जनमानस को सेवाओं के बारे में जानकारी ली एवं रंजीत गंज ग्राम एक प्रधानमंत्री आवास का भी निरीक्षण किया।

बीडीओ व सीएचसी अधीक्षक ने किया निरीक्षण

सिधौली (सीतापुर)। खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार तिवारी व सीएचसी अधीक्षक के साथ संयुक्त विजिट के दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जटहा एवं खरवरिया का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण इनक्वास की व्यवस्थाओं एवं तैयारियों के संबंध में पंचायत सचिव एवं जेई को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। आयुष्मान आरोग्य मंदिर जटहा के निकट स्थित तालाब के कारण बरसात के पानी के जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। जलभराव के निस्तारण हेतु पंचायत सचिव एवं संबंधित तकनीकी कार्मिक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये हैं।

युवक का शव पेड़ से लटकता मिला

सीतापुर। मछरेहटा थाना क्षेत्र के पकरिया गांव में सोमवार सुबह हड़कंप मच गया। यहां गन्ने के खेत में एक पेड़ से 19 साल के मोहित (पुत्र प्रदीप) का शव लटका मिला। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। मोहित शनिवार शाम गाय चराने घर से निकला था। देर शाम तक वापस न लौटने पर परिवार ने तलाश शुरू की, पर सुराग नहीं मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। सोमवार सुबह परिजनों ने ड्रोन कैमरे से मोहित को खोजना शुरू किया। इसी दौरान गांव के पूरब गन्ने के खेत में एक पेड़ से शव लटका दिखाई दिया। मछरेहटा पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। टीम ने सबूत जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजा। थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा ने बताया कि रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।

शौच गया 10 वर्षीय बच्चा लापता

पहला (सीतापुर)। सदरपुर थाना क्षेत्र की धुरिहा ग्राम पंचायत के गोड़ैचा गांव निवासी 10 वर्षीय मयंक मौर्य, पुत्र राजेंद्र मौर्य जो सोमवार सुबह बांध के पास शौच करने गया था के लापता होने से हड़कंप मच गया। बच्चे के पानी में डूबने की आशंका जताई जा रही है। जानकारी मिलते ही परिजन और ग्रामीण उसकी तलाश में जुट गए। मामले की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और बच्चे की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। टीम जलभराव वाले स्थानों और आसपास के संभावित क्षेत्रों में लगातार खोजबीन कर रही है। घटना की जानकारी मिलने पर महमूदाबाद विधायक आशा मौर्य के छोटे बेटे आकाश मौर्य भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का जायजा लिया और मौके पर मौजूद लोगों से जानकारी ली। साथ ही बच्चे की तलाश में जुटी एसडीआरएफ टीम और ग्रामीणों से रेस्क्यू अभियान की जानकारी ली। बच्चे के लापता होने के बाद परिवार में चिंता का माहौल है। परिजन लगातार मयंक के सकुशल मिलने की उम्मीद लगाए हुए हैं। वहीं एसआरडीएफ टीम की तलाश जारी है और संभावित स्थानों पर लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। खबर लिखे जाने तक बच्चे की तलाश जारी थी।

संदिग्ध परिस्थिति में अधेड़ की मौत

सिधौली (सीतापुर)। अटरिया थाना क्षेत्र के बांसखेड़ा गांव में जमीन विवाद में 50 साल के जाबिर की संदिग्ध मौत हो गई। परिजनों ने चार युवकों पर जाबिर को बुलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोपियों में सतीश, अमित यादव और हाशिम समेत एक अन्य युवक नामजद हैं। जाबिर अपनी जमीन बेच रहे थे, जिसके लिए उन्हें 50 हजार रुपए एडवांस मिले थे। बीते दिन कुछ युवकों ने जाबिर को बुलाया। वह उनके साथ चार पहिया वाहन से गए। कुछ समय बाद उनकी मौत की खबर मिली। अटरिया पुलिस ने बगहिया के पास संदिग्ध वाहन रोका। दो लोग भाग गए, जबकि दो को जाबिर के शव के साथ पकड़ा गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है, पकड़े गए लोगों से पूछताछ जारी है। थानाध्यक्ष लाल बहादुर मिश्र ने बताया, परिजनों की शिकायत पर जांच चल रही है। मौत की असली वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही साफ हो पाएगी।

मांगों को लेकर संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने जताया विरोध

प्रतापगढ़। संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने मांगों को लेकर सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज में विरोध जताया है। एनएचएम कर्मियों ने जिलाध्यक्ष बृजेश कुमार सिंह की अगुवाई में हाथ में काली पट्टी बांधे विरोध जताते हुये कहा कि समान कार्य के लिए समान वेतन, इंक्रीमेंट, स्थायीकरण, ईपीएफ कटौती, कैशलेस इलाज, लॉयल्टी बोनस आदि मांगों पर सरकार विचार नहीं कर रही है। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि आगामी छह व सात अक्टूबर को भी विरोध रहेगा। वहीं आठ, नौ व दस अक्टूबर को जिला मुख्यालय पर बैठक कर पूर्ण कार्य बहिष्कार किया जायेगा। स्वास्थ्य कर्मियों ने कहा कि मांगों को लेकर आगामी बारह अक्टूबर को लखनऊ में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी किया जायेगा। इस मौके पर डा. ओबैद अंसारी, डा. अशोक कुमार, डा. किरन सिंह, बृजेश पाण्डेय, असहद उल्ला, शोभा, अम्बिका, धीरेन्द्र, घनश्याम, संदीप, संजीव आदि मौजूद रहे।

महफिल में बही कविताओं की रसधार



मोहम्मदी खीरी। कस्बा के एक रिसॉर्ट में कथा कुंज साहित्य सेवा परिषद द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह विशिष्ट अतिथि गोला नपाध्यक्ष रिंकू शुक्ला मोहम्मदी नपाध्यक्ष संदीप मेहरोत्रा उर्फ कन्हैया, ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया संचालन डॉ गोविंद गुप्ता ने किया है। ब्रांड अम्बेसडर डॉ नीना पंत ने सभी अतिथियों का स्वागत किया है। आयोजित कार्यक्रम में अंतर्राष्ट्रीय साहित्य जगत की प्रतिभा दुबई से पधारी निशा गिरी, इंदौर से अंजुला सिंह, सपना साहू, हरियाणा से सोनिया अक्स, सीमा रंगा, नोएडा से नलिनी राज, पारुल अग्रवाल, गिरधर खरे, कुमार विकास, लखनऊ से सुधा मिश्रा, गीता और उत्तराखंड से ममता जोशी समेत 21 प्रतिभाओं ने अपनी अपनी रचनाओं से समा बांध दी है। मुख्य अतिथि ने संबोधित करते हुए ऐसे आयोजन साहित्य एवं सांस्कृतिक विरासत को ऊर्जा और पहचान दिलाते हैं, साहित्य समाज समृद्ध होता है और संस्कृति से संस्कार अतिथियों ने सभी प्रतिभाओं को केतकी साहित्य रत्न, और गोमती साहित्य रत्न से नवाजा हैं। व्यवस्थापक सचिन गुप्ता, प्रशांत सिंह, अखिलेश, रमेश गुप्ता, अंजू गुप्ता, खुशी पंत, शिवम राठौर तमाम लोग रहे हैं। कार्यक्रम की आयोजक डॉ गोविंद गुप्ता ने सभी का आभार जताया है।

विश्व शिक्षक दिवस पर प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित



पहला (सीतापुर)। विश्व शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विकासखंड पहला के ब्लाक सभागार में सोमवार को शिक्षा शिविर एवं प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा शिव नाडर फाउंडेशन उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में फाउंडेशन के डेप्युटी जनरल मैनेजर मयंक सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों, शिक्षकों की भूमिका तथा विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम के दौरान फाउंडेशन की ओर से प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों में उत्साह देखने को मिला। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा समाज और राष्ट्र के विकास की मजबूत आधारशिला है। शिक्षकों का दायित्व केवल विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान देना ही नहीं, बल्कि उनमें संस्कार, अनुशासन, जिम्मेदारी और बेहतर नागरिक बनने की भावना विकसित करना भी है। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी पहला अमित कुमार यादव की उपस्थिति रही। शिक्षा शिव नाडर फाउंडेशन की ओर से क्षेत्र में शिक्षा को लेकर किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान नीतू देवी काकररिया ने खंड विकास अधिकारी अमित कुमार यादव तथा फाउंडेशन के डेप्युटी जनरल मैनेजर मयंक सिन्हा को झूमर भेंटकर सम्मानित किया।

अनियंत्रित ई-रिक्शा पलटा, चालक घायल

सिधौली (सीतापुर)। सिधौली-मिश्रिख मार्ग पर सोमवार को स्कूटी को बचाने के प्रयास में एक ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार मिश्रिख की ओर से एक ई-रिक्शा सिधौली की तरफ आ रहा था। इसी दौरान आगे चल रही एक स्कूटी अचानक कार से टकरा गई। स्कूटी के पीछे चल रहे ई-रिक्शा चालक ने टक्कर से बचने का प्रयास किया। अचानक सामने आई स्थिति में ई-रिक्शा अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे के समय ई-रिक्शा में कोई सवारी नहीं थी और चालक अकेला था। दुर्घटना में चालक पंकज 35 पुत्र श्रीपाल निवासी बड़ा जठहा घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे बाहर निकाला। सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली ले गये। यहां चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार किया। इलाज के दौरान उसकी हालत स्थिर बताई गई।

बस में पीछे से घुसी बाइक, दो युवकों की हालत गंभीर

सीतापुर। अटरिया थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह एक सड़क हादसे में दो युवक गंभीर घायल हो गए। यह हादसा हिंद हॉस्पिटल गेट के पास हुआ, जब मिश्रिख से लखनऊ जा रहे बाइक सवारों की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल एक बस में पीछे से घुस गई। मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों बाइक सवार सड़क पर गिर गए और गंभीर घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को हिंद हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। अटरिया पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त बाइक व बस की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। हादसे के बाद सड़क पर आवाजाही पर भी असर पड़ा। स्थानीय लोगों ने बताया कि हिंद हॉस्पिटल गेट के पास वाहनों की भीड़ ज्यादा रहती है। जिससे हादसे का डर बना रहता है। उन्होंने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

संक्षेप

झांसा देकर 20 लाख हड़पने में पिता- पुत्र पर केस दर्ज

जौनपुर। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने महाराष्ट्र प्रांत की अंधेरी ईस्ट की रहने वाली महिला के दिए गए प्रार्थना पत्र के आधार पर पिता पुत्र के खिलाफ शादी का झांसा देकर पुत्र द्वारा जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाने तथा पिता द्वारा गाली देना और जान से मारने की धमकी देने समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया है। महिला ने आरोप लगाया है कि वह एक विधवा महिला है। उसकी मुलाकात 35 वर्षीय अनुज सिंह पुत्र सत्य प्रकाश सिंह से हुई और बातचीत के दौरान अनुज सिंह उसे शादी का झांसा देकर कभी अपने घर तो कभी होटल में बुलाकर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाता रहा। विश्वास में लेकर उसका करीब 20 लाख रूपया जो महिला को बीमा आदि स्थान से प्राप्त हुआ था उसे हड़प लिया जिसे महिला ने आरटीजीएस से पेमेंट करने की बात बताया है। आरोप लगाया है कि इस पूरी घटना में अनुज के पिता सत्य प्रकाश भी शामिल हैं। लगभग साल भर के संबंध के बाद इसी वर्ष के 13 फरवरी को अनुज के बुलाने पर मुंबई से जौनपुर आई और होटल में रूकी और लड़के के बुलाने पर उसके घर गई और शादी की बात को दोहराया जहां पिता पुत्र द्वारा धमकी दिया गया कि पैसा और शादी बात करोगी तो जान से मारकर खत्म कर दी जाओगी। न्यायलय के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना चैकी प्रभारी सरायपोख्ता को सौंप दिया है।

किन्नरों पर गहने लूटने का आरोप

जौनपुर। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव में सोमवार को बधाई देने के बहाने घर में घुसे किन्नरों पर गहने और लूटने का आरोप लगा है। इस मामले का विडियों सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसी गांव निवासी पीड़ित महिला पिंकी अग्रहरि ने घर में आए किन्नरों के गिरोह पर आरोप लगाते हुए बताया कि वे लोग बधाई देने के बहाने घर आएं और मेरी सास के झुमके-बाली व पांच सौ रुपए नकद जबरन लूटकर वहां से चले गयें। वायरल विडियों में किन्नरों के गिरोह बेखौफ होकर बोलते हुए कहा कि मै पैसे और गहने लेकर जा रही हूं जिस पर परिवार के सदस्य ने कहा कि विडियों आपकी बन रही है तो उनमें से एक ने कहा कि विडियो बनाना है तो बना लो। गहने व पैसे लेने के बाद वहां से जाते समय किन्नरों ने ताली पीटते हुए अनाप शनाप बातें भी बोली है। लेकर पुलिस जांच कर रही है।

आमने-सामने बाइक की टक्कर में दो घायल

मड़िहान, मीरजापुर। मड़िहान थाना क्षेत्र अंतर्गत बेदौली गांव के सामने दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज मड़िहान सीएचसी में चल रहा है। जानकारी के अनुसार, एक बाइक पर दो व्यक्ति सवार थे, जिसमें मौली पुत्र रमेश व पप्पू का पुत्र सवार रहें। दोनों ग्राम गोपालपुर नौड़ीहवा के निवासी बताए गए हैं। हादसे में एक व्यक्ति सुरक्षित है, जबकि बौली पुत्र रमेश का पैर टूट गया। दूसरी बाइक पर सवार व्यक्ति, जो पटेहरा की तरफ का बताया जा रहा है। लोगों के अनुसार एक बाइक सवार पटेहरा की तरफ से जुड़िया गोपालपुर जा रहा था। जैसे ही वह बेदौली चौराहे के पास पहुंचा, तभी पसियां की तरफ से आ रही बाइक से अचानक आमने-सामने टक्कर हो गई। दूसरी बाइक सवार को सिर और सीने में चोट लगी है। घायलों को इलाज के लिए मड़िहान सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

दहेज के लिए पीटने का आरोप लगाया

जौनपुर। केराकत कोतवाली क्षेत्र के सरौनी पूरब पट्टी गांव में विवाहिता ने दहेज को लेकर पति समेत ससुराल के अन्य लोगों गाली गलौज देते हुए मारने पीटने का आरोप लगाया है। महिला आरोप लगाते हुए बताया कि उसके पति, सास, ननद, देवर समेत छह ससुराल वालों ने दहेज में एक लाख रुपये न मिलने पर पहले उसे गाली गलौज दी और उसके बाद विरोध करने पर लाठी डंडों से मारने पीटने लगें। महिला का यह भी आरोप है कि वह लोग उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पीड़िता की शिकायत के आधार पर थाने की पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सरसों तेल, रागी उत्पाद और शहद की बिक्री को मिलेगा बड़ा बाजार



सोनभद्र। नोएडा में आयोजित चैथे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में सोनभद्र के करमा विकासखंड के गुलाब आजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं।

समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किए जा रहे शुद्ध सरसों तेल, रागी उत्पाद और शहद को अब बड़े बाजार तक पहुंचाने के लिए रोजाना मॉल के साथ एमओयू हुआ है। इस समझौते के बाद समूह के उत्पादों की बिक्री और विपणन को नई गति मिलने की उम्मीद है। इसी क्रम में सोमवार को गुलाब आजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने जिलाधिकारी चर्चित गौड़ से मुलाकात की। महिलाओं ने इंटरनेशनल ट्रेड शो में रोजाना मॉल के साथ हुए एमओयू की जानकारी जिलाधिकारी को दी। साथ ही समूह के उत्पादों को बड़े बाजार से जोड़ने की पहल के लिए प्रसन्नता व्यक्त की। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने समूह की महिलाओं को बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनपद में महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के प्रयास तेजी से किए जा रहे हैं। इंटरनेशनल ट्रेड शो में स्वयं सहायता समूह और रोजाना मॉल के बीच साइन हुए एमओयू से महिलाओं की आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खुलेंगे। कहा कि स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे स्थानीय उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने से महिलाओं को मेहनत का उचित मूल्य मिलेगा। बड़े बाजार से जुड़ने के बाद समूह की महिलाओं की आय में वृद्धि होगी और वे आर्थिक रूप से और अधिक आत्मनिर्भर बन सकेंगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। गौरतलब है कि चैथे उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो में गुलाब आजीविका स्वयं सहायता समूह और रोजाना मॉल के बीच उत्पादों की बिक्री को लेकर एमओयू साइन हुआ था। इसके तहत समूह की महिलाओं द्वारा तैयार शुद्ध सरसों तेल, रागी से बने उत्पाद और शहद को बड़े बाजार में बिक्री के लिए उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।

यातायात को सुगम व सुरक्षित बनाने के लिए बैठक



बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने यातायात व्यवस्था को सुगम एवं सुरक्षित बनाने को लेकर जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक की।

बैठक मे जिलाधिकारी ने जनपद में सड़क सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ-अयोध्या के हैदरगढ़ एवं सतरिख अंडरपास के नीचे क्षतिग्रस्त सड़क को तत्काल दुरुस्त कराने, नवीन उपनिबंधक कार्यालय सदर के सामने दारापुर कट के समीप सड़क पर अवैध रूप से पार्क किये जाने वाले वाहनों को तत्काल हटवाकर उनके लिए पृथक पार्किंग स्थल चिन्हित करने तथा चयनित स्थल पर ही वाहनों की पार्किंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। उन्होने राष्ट्रीय राजमार्ग पर दुर्घटना की दृष्टि से संवेदनशील एवं अनावश्यक कटों को तत्काल बंद कराने तथा सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत आवश्यक स्थानों पर रम्बल स्ट्रिप, चेतावनी संकेतक, रिफ्लेक्टर एवं रोड मार्किंग आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने, रामनगर तिराहा पुलिस चैकी के सामने स्थित कट से लखनऊ-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर भारी वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित करने तथा भारी वाहनों का आवागमन चौपुला की ओर से सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। बैठक मे जिलाधिकारी ने आगामी 27 अक्टूबर से शुरू होने वाले देवा मेला का लेकर बाराबंकी-देवा मार्ग की पटरियों एवं मुख्य मार्ग को निर्धारित मानकों के अनुरूप दुरुस्त कराने तथा आवागमन को सुगम एवं सुरक्षित बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। तथा बरसात के कारण सड़कों पर हुए गड्ढों को दुरुस्त कर गड्ढा मुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करे।

21 शिकायतें आयीं, सभी का निस्तारण

सोनभद्र। जन शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सोमवार को नगर पालिका परिषद सोनभद्र समेत जिले के सभी नगरीय निकायों में जनसुनवाई सम्भव दिवस का आयोजन किया गया। नगर पालिका परिषद सोनभद्र में अध्यक्ष रूबी प्रसाद की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई में लोगों ने साफ-सफाई, पेयजल और मार्ग प्रकाश समेत विभिन्न समस्याएं रखीं। जिले के नगरीय निकायों में कुल 21 शिकायतें प्राप्त हुईं। इनमें नगर पालिका परिषद सोनभद्र में 2, घोरावल में 1, चुर्क घुर्मा में 2, चोपन में 4, ओबरा में 4, रेनुकूट में कोई शिकायत नहीं, पिपरी में 3, दुद्धी में 2, डाला बाजार में 1 तथा अनपरा में 2 शिकायतें शामिल रहीं। अधिकारियों के अनुसार प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने कहा कि जनता की समस्याओं से सीधे रूबरू होकर उनका समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान शासन की प्राथमिकता है। इस दिशा में तत्परता से कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान सभासद एवं नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

198 लाभार्थियों को राज्यमंत्री ने सौंपा स्वीकृति प्रमाण पत्र व सहायक उपकरण

बाराबंकी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत मिनी स्टेडियम रामसनेहीघाट में सोशल सेक्टर के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को मुख्य अतिथि खाद्य एवं रसद तथा नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने स्वीकृति प्रमाण पत्र एंव दिव्यांगो को सहायक उपकरण वितरण किये। कार्यक्रम मे राज्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण एवं सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लोगों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। कार्यक्रम मे दिव्यांगजन



सशक्तीकरण विभाग की सहायक उपकरण योजना के अंतर्गत 103 दिव्यांगजनों को ट्राईसाइकिल एवं 25 दिव्यांगजनों को बैसाखी के जोड़े, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की शादी अनुदान योजना के अंतर्गत 20 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, 10 लाभार्थियों को छात्रवृत्ति स्वीकृत प्रमाण पत्र, समाज कल्याण विभाग की वृद्धावस्था पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना के अंतर्गत 10 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र, महिला कल्याण विभाग की मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के 5 लाभार्थियों, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के 5 लाभार्थियों तथा निराश्रित महिला पेंशन योजना के 10 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र सौपे गये। शिविर में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के कुल 198 लाभार्थियों को लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी एजाजुल हक सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

कोन में रामलीला का शुभारंभ

सोनभद्र। विकास खंड कोन के ग्राम पंचायत कोन में रामलीला मंचन का शुभारंभ रविवार को फिता काट कर किया गया। इस दौरान भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा काशी क्षेत्र की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष कुसुम शर्मा ने कहा कि भगवान श्री



रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि एक बड़ा सामाजिक उत्सव भी है। रामलीला भारतीय संस्कृति, धर्म और लोक नाट्य कला का एक अनूठा संगम है, जो भगवान राम के जीवन चरित्र को जीवंत रूप में प्रस्तुत करता है। यह न केवल मनोरंजन का एक साधन है, बल्कि सनातन धर्म के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम भी है। प्रतिवर्ष शारदीय नवरात्रि से लेकर विजयादशमी (दशहरा) के त्योहार तक पूरे भारत, विशेषकर उत्तर भारत में, बड़े उत्साह के साथ इसका आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, भगवान स्वयं इस संसार में अवतार लेकर सहज और आनंदमयी रूप में अपनी लीलाएँ रचते हैं। ऐतिहासिक दृष्टिकोण से, आधुनिक रामलीला के मंचन की शुरूआत का श्रेय गोस्वामी तुलसीदास और उनके शिष्यों को दिया जाता है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ग्राम सभा कोन के प्रधान संतोष पासवान, शशांक मिश्र, विजय शंकर जायसवाल, अनुष त्रिपाठी, व्यास पीठ पर सुमेर शर्मा बृजकिशोर, संतोष जयसवाल ,तथा थाना अध्यक्ष अखिलेश मिश्रा उपस्थित रहे।

कबड्डी में दम दिखायेंगी बेटियां, टीम रवाना



जौनपुर। पूर्वांचल विश्वविद्यालय की महिला कबड्डी टीम रविवार देर शाम पूर्वी क्षेत्र अंतर-विश्वविद्यालय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए बिलासपुर, छत्तीसगढ़ रवाना हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आर.के. सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया और हरी झंडी दिखाकर टीम को रवाना किया। कुलपति ने कहा कि खेल केवल पदक हासिल करने का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरे आत्मविश्वास, अनुशासन और खेल भावना के साथ प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का आह्वान किया। कुलपति ने विश्वास जताया कि विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी अपने प्रदर्शन से विश्वविद्यालय और जौनपुर का नाम रोशन करेंगी। टीम के रवाना होने के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह और आत्मविश्वास दिखाई दिया। टीम का लक्ष्य बेहतर प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय के लिए पदक हासिल करना है। प्रो. गिरिधर मिश्र, राधेश्याम सिंह, रजनीश सिंह और प्रशिक्षक विजय प्रकाश सहित खेलकूद विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने बतायी हर घर नल योजना की हकीकत, डीएम ने कंपनी को थमाया नोटिस



सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल जल योजना की समीक्षा की गई।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने योजना के तहत ग्राम पंचायतों में की जा रही पेयजल आपूर्ति की जमीनी हकीकत स्वयं जानने के लिए संबंधित ग्राम प्रधानों एवं ग्रामवासियों से मोबाइल फोन के माध्यम से सीधे वार्ता कर फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने लोढ़ी, बभनौली, पसही कला, तेंदुहार, अदलगंज, लोहरा, सोनबरसा सहित संबंधित ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन के माध्यम से की जा रही पेयजल आपूर्ति की स्थिति के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान कई ग्राम पंचायतों के ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों द्वारा नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति नहीं होने की शिकायत की गई।

ग्रामीणों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने पटवध समूह पेयजल योजना से संबंधित कंपनी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही संबंधित पेयजल योजना के सहायक अभियंता को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनहित से सीधे जुड़ी जल जीवन मिशन योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा ग्रामीणों को नियमित एवं सुचारु पेयजल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि पटवध समूह पेयजल योजना से संबंधित ग्रामों में ह्यहर घर नलह्ल योजना के अंतर्गत की जा रही पेयजल आपूर्ति की टीम गठित कर जांच कराई जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि टीम का गठन दो दिवस के भीतर सुनिश्चित करते हुए जांच कराई जाए तथा पांच दिवस के अंदर जांच की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जांच के दौरान यह भी सुनिश्चित किया जाए कि संबंधित ग्रामों में पाइपलाइन, कनेक्शन, पानी की उपलब्धता एवं नियमित आपूर्ति की वास्तविक स्थिति क्या है। योजना का लाभ पात्र ग्रामीणों तक प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार तक स्वच्छ एवं नियमित पेयजल पहुंचाना है। इसलिए योजना के संचालन एवं पेयजल आपूर्ति की नियमित निगरानी करते हुए ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई में दिव्यांगों को मिली आत्मनिर्भरता की राह



सोनभद्र। जनसुनवाई में फरियाद लेकर पहुंचे दिव्यांगजनों के लिए सोमवार राहत और उम्मीद लेकर आया। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने समस्याएं सुनने के साथ जरूरतमंदों को मौके पर ही सहायक उपकरण उपलब्ध कराए।

घुवास खुर्द निवासी एक पैर से दिव्यांग मुन्ना लाल सोनी को ट्राई साइकिल प्रदान की गई। वहीं रॉबर्ट्सगंज नगर के वार्ड-23 निवासी दोनों पैरों से 100 प्रतिशत दिव्यांग अभय केसरी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल सौंपी गई। सहायक उपकरण मिलते ही दोनों लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उनके लिए यह सहायता महज आवागमन का साधन नहीं, बल्कि दैनिक जीवन में सहूलियत और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ता कदम है। दोनों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार जताया। डीएम ने कहा कि जनसुनवाई में प्रत्येक शिकायत को संवेदनशीलता से सुनकर पात्र लोगों को समयबद्ध लाभ दिलाना प्रशासन की प्राथमिकता है। अधिकारियों को दिव्यांगों समेत जरूरतमंदों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राथमिकता से दिलाने के निर्देश दिए।

कुश्ती दंगल दर्शकों की भीड़ उमड़ी



जौनपुर। बरसठी विकास क्षेत्र के घनापुर गांव में विशाल कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान अनेकों जनपद जैसे अयोध्या, जौनपुर, बनारस, मथुरा, बलिया, आजमगढ़, प्रयागराज, पंजाब, हरियाणा, गोंड आदि तमाम जनपदों से पहलवानों ने भाग लिया। आयोजक द्वारा बताया गया यह ऐतिहासिक कुश्ती दंगल लगभग 50 वर्षों से लगातार कराया जा रहा है। दंगल में मुख्य रूप से प्रधान दिनेश कुमार पाल, विजय नाथ यादव, श्रीनाथ गुप्ता, प्रधान स्वामी राम पटेल, नीलेश पटेल, गोरख पटेल, मनोज पटेल, मुनकू पटेल, नन्दलाल सरोज, माया शंकर पटेल, बाबा अमरनाथ दास, हंसराज यादव, देवराज यादव ने रेफरी का कार्य देखते हुए सुभाष पहलवान जिलाध्यक्ष मछलीशहर अपना दल कमेरावादी अवधेश सरोज, चंद्रमणि पटेल, नन्दलाल पटेल, डॉक्टर लालजी पटेल, रमेश पटेल, रामा पटेल आदि के देख-रेख में हुआ।

समाज में पत्रकारों की भूमिका महत्वपूर्णः कृपाशंकर



जौनपुर । पत्रकारिता लोकतंत्र का एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ है। समाज में घटित घटनाओं को निष्पक्षता, निर्भीकता और जिम्मेदारी के साथ जनता तक पहुंचाने में पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बातें पूर्व गृहराज्य मंत्री महाराष्ट्र कृपाशंकर सिंह ने कही। वह सोमवार को एक होटल में जौनपुर पत्रकार संघ के 24 वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि पद से बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जौनपुर के पत्रकारों ने सदैव अपनी लेखनी के माध्यम से जनहित के विषयों को सामने रखा है और समाज को जागरूक करने का कार्य किया है।

विशिष्ट अतिथि बदलापुर के विधायक रमेशचंद्र मिश्र ने कहा कि आज के बदलते दौर में पत्रकारिता के सामने नई चुनौतियां हैं। डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया के तेजी से विस्तार के बीच सही सूचना, तथ्यपरक समाचार और विश्वसनीय पत्रकारिता का महत्व और भी बढ़ गया है। अध्यक्षता कर रहे लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य प्रो. आर.एन. त्रिपाठी ने यहां की पत्रकारिता आने वाले समय में भी लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक सरोकारों और जनहित की आवाज को मजबूती से आगे बढ़ाती रहेगी। संघ के संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने करते हुए कहा कि जौनपुर पत्रकार संघ ने 24 वर्षों की अपनी यात्रा में पत्रकारों के हितों, सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर कार्य किया है। आभार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने जताया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मधुकर तिवारी ने किया। राम श्रृंगार शुक्ल गदेला शाहगंज तहसील परिक्षेत्र से राममूर्ति यादव केराकत से विनय सिंह मड़ियाहूं से राजेश पांडेय बदलापुर से ओंकार मिश्र मछलीशहर से लल्लन उपाध्याय को पत्रकारिता क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम अध्यक्ष को वरिष्ठ पत्रकार लोलारक दुबे राम दयाल द्विवेदी ने स्मृति चिन्ह शाल और बुके देकर कार्यक्रम में स्वागत किया।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया आंदोलन का ऐलान

मीरजापुर/लखनऊ। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के अध्यक्ष जे एन तिवारी ने लखनऊ में संयुक्त परिषद के वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ ऑनलाइन विचार विमर्श कर संयुक्त परिषद द्वारा घोषित आंदोलन के कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को मंडल एवं जनपद स्तर के कार्यक्रमों को पूरी तैयारी के साथ संपादित करने तथा शासन को कर्मचारियों की मांगों का ज्ञापन भेजने एवं सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

उन्होंने कहा कि संयुक्त परिषद की केंद्रीय कार्यकारिणी द्वारा आंदोलन से संबंधित पोस्टर जारी कर दिया गया है। सभी जनपद शाखाएं एवं संबद्ध संगठन केंद्रीय नेतृत्व द्वारा जारी किए गए पोस्टर के अनुरूप पोस्टर प्रिंट करा कर जनपद के कर्मचारियों को जागरूक करेंगे तथा शासन प्रशासन को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराएंगे। पुरानी पेंशन की बहाली, मानदेय , प्रोत्साहन राशि पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए 18000 का न्यूनतम मानदेय दिए जाने, 2001 के बाद नियुक्त संविदा कर्मियों के नियमितीकरण की नियमावली निर्गत किए जाने ,वेतन विसंगतियों पर निर्णय कराये जाने ,पदों को भरे जाने ,समय से पदोन्नतियां किए जाने की मांग को लेकर आंदोलन की घोषणा की गई है। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि 3 अगस्त को प्रदेश के मुख्य सचिव एवं सभी संबंधित को संयुक्त परिषद की नोटिस ईमेल एवं रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से भेजी जा चुकी है। 20 नवंबर को जनपद स्तर पर जिलाधिकारी कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन, 16 दिसंबर को मंडल आयुक्त कार्यालय पर धरना प्रदर्शन कर मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को भेजा जाएगा। 20 जनवरी को विधानसभा मार्च एवं विधानसभा पर प्रदर्शन का कार्यक्रम होगा जिसमें प्रदेश के सभी जनपदों के 100000 से भी अधिक कर्मचारी प्रतिभा करेंगे। जे एन तिवारी ने बताया है कि मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव कार्मिक को संयुक्त परिषद द्वारा लिखे गए दर्जनों पत्रों का कोई संज्ञान नहीं लिया जा रहा है तथा कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण में लगातार उदासीनता बरती जा रही है। विभागीय अधिकारी भी संगठनों के साथ वार्ता कर समस्याओं का समाधान नहीं कर रहे हैं। जे एन तिवारी ने अवगत कराया है कि प्रदेश के सभी विभागों एवं वर्गों के कर्मचारियों में सरकार के प्रति गुस्सा है। लगभग 50 लाख कर्मचारी एवं उनके परिवार अपने इष्ट मित्रों के साथ इस बार 2027 के चुनाव में बहुत सोच समझ कर ऐसी सरकार का चुनाव करेंगे जो कर्मचारी के हित की बात करेगी। मौजूदा सरकार में 2 साल से अधिकारियों के साथ कर्मचारी संगठनों की कोई वार्ता नहीं हुई है। कर्मचारियों की मांगों पर सरकार निर्णय नहीं कर रही है, जिसके कारण आंदोलन की स्थिति उत्पन्न हो गई है। कर्मचारियों का धैर्य टूट चुका है, अब चुनावी वर्ष में आंदोलन के सिवा कोई विकल्प शेष नहीं रह गया है। सरकार कर्मचारी और उनके परिवार से संबंधित दो करोड़ की मतदाता शक्ति की अनदेखी कर रही है ।कर्मचारी अब और बर्दाश्त नहीं करेगा। संयुक्त परिषद अपने आंदोलन को सफल बनाने के लिए तैयारी में जुट गई है। ऑनलाइन बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ चौरसिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नारायण जी दुबे, सलाहकार समिति के सदस्य ओमप्रकाश गौड़, गोविंद सिंह, श्याम मोहन सिंह ने प्रतिभाग किया।

एमएलसी निर्वाचन की तैयारियों को लेकर डीएम ने की समीक्षा बैठक



बाराबंकी। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खण्ड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के निर्वाचन आगामी 23 अक्टूबर 2026 को होने वाले मतदान को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं सुचारु रूप से सम्पन्न कराने को लेकर जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में नामित नोडल एवं अपर नोडल अधिकारियों के साथ बैठक की। जिलाधिकारी ने विभिन्न निर्वाचन कार्यों के लिए नामित अधिकारियों से उनके दायित्वों के संबंध में अब तक की गई तैयारियों की जानकारी लेते हुए निर्वाचन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एसओपी एवं दिशा-निदेर्शों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने तथा निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े प्रत्येक कार्य में समयबद्धता, पारदर्शिता एवं समन्वय का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। बैठक में मतदान कार्मिकों, जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा माइक्रो ऑब्जर्वर की नियुक्ति एवं प्रशिक्षण, यातायात व्यवस्था, वाहनों की उपलब्धता एवं रूट चार्ट, मतदान केंद्रों पर आवश्यक व्यवस्थाएं, निर्वाचन सामग्री की छपाई, पैकिंग एवं पोलिंग स्टेशनवार बंडलिंग, बैलेट बॉक्स एवं निर्वाचन सामग्री के वितरण तथा मतदान के पश्चात सामग्री जमा कराने की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित करते हुये कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने-अपने दायित्वों की नियमित रूप से मॉनिटरिंग करते हुए संबंधित विभागों के साथ प्रभावी समन्वय बनाए रखें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा विलंब न होने दें। बैठक में उप जिलानिर्वाचन अधिकारी, एडीएम निरंकार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक राजकुमार यादव सहित विभिन्न निर्वाचन कार्यों के लिए नामित नोडल एवं अपर नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

सर्पदंश से महिला की उपचार के दौरान हुई मौत

लालगंज, मीरजापुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के कोलकम गांव के कपरबथुआ मुहल्ले में रविवार की शाम सर्पदंश से एक महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कपर बथुआ निवासी 43 वर्षीय प्रमिला देवी पत्नी राजेंद्र रविवार की शाम लगभग 4 बजे घर में लकड़ी निकाल रही थीं। इसी दौरान वहां छिपे जहरीले सर्प ने उन्हें बाएं हाथ के अंगुली डंस लिया। सर्पदंश के बाद उनकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लालगंज लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया ।मंडलीय चिकित्सालय में उपचार के दौरान देर रात प्रमिला देवी की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई। मृतका के चार पुत्रियां और दो पुत्र हैं। इनमें विद्या (20), दिव्या (15), अंशु (12), मंशा (8), साजन (7) और शिवनाथ (5) शामिल हैं ।बच्चों के सिर से मां का साया उठने से परिवार में मातम पसरा हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

संक्षेप

सड़क हादसे में युवक की मौत, मां घायल

बांदा। तिंदवारी थाना क्षेत्र में बांदा-टांडा राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां घायल हो गईं। हादसा छापर गांव के पास हुआ। फतेहपुर जिले के गाजीपुर गढ़ी गांव निवासी अमित सिंह सेंगर (25) अपनी मां संगीता के साथ बाइक से तिंदवारी क्षेत्र के बिछवाही गांव जा रहे थे।

दोनों नाना शिवसेवक सिंह के यहां श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। पुलिस ने दोनों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिंदवारी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने अमित को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल मां-बेटे को अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टर ने जांच के बाद अमित को मृत घोषित कर दिया।

संगीता का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और टक्कर मारने वाले वाहन की जानकारी जुटाई जा रही है।

डीएम ने निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का किया निरीक्षण



महोबा। जिलाधिकारी प्रभास कुमार ने सोमवार के दिन निर्माणाधीन ट्रामा सेंटर का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निमार्णाधीन भवन के विभिन्न हिस्सों का बारीकी से अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधियों से अब तक पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ताए प्रगति तथा निर्धारित मानकों के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की एवं अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए तथा शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए। निर्माण में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ट्रामा सेंटर का निर्माण कार्य जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है। इसलिए कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण कराने के साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि भवन में सभी आवश्यक सुविधाएं बेहतर ढंग से विकसित हों। उन्होंने कार्य की नियमित मॉनीटरिंग करने तथा निर्माण की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट समय.समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का भी विशेष ध्यान रखा जाए और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता से समझौता न किया जाए।

सांसद और विधायक के नेतृत्व में फिटनेस का उत्सव



बांदा। शहर में फिटनेस, उत्साह और पर्यावरण संरक्षण के नाम रही। पं. जे.एन. डिग्री कॉलेज ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में शहर के विभिन्न विद्यालयों के करीब 400 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का सबसे उत्साहपूर्ण क्षण तब आया जब सांसद कृष्णा पटेल और सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर सैकड़ों विद्यार्थियों की साइकिल रैली को रवाना किया।

योग और जुंबा से शुरू हुआ कार्यक्रम फिटनेस गतिविधियों के बाद विशाल साइकिल रैली में बदल गया। शहर को फिट रहो, साइकिल अपनाओ और पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया। कार्यक्रम में सांसद कृष्णा पटेल, पूर्व मंत्री श्रीशंकर सिंह पटेल, सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, एडीएम न्यायिक मायाशंकर, एडीएम नमामि गंगे एमएम वर्मा, सीओ सिटी सौरभ सिंह, डिस्ट्रिक्ट साइकिलिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष एवं भागवत प्रसाद मेमोरियल एकेडमी की डायरेक्टर संध्या कुशवाहा, डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर कल्पना कमल, पूर्व जिला क्रीड़ा अधिकारी सबल सिंह, शिवकुमार गुप्ता, मिथिलेश कुमार पांडेय, रामस्वरूप साहू, रामेंद्र शर्मा, सुनील सक्सेना, मनोज जैन, संजय गुप्ता रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत सजल कुमार रेंडर के योग सत्र से हुई। इसके बाद पुश-अप्स, स्किपिंग, रस्साकशी आदि का आयोजन हुआ।

डीएम की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठक एवं विकास कार्यों की हुई समीक्षा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद में संचालित स्वच्छता एवं ग्रामीण विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्धारित मानकों एवं समयसीमा के अनुरूप कार्य पूर्ण कराने तथा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए बैठक के दौरान अंत्येष्टि स्थलए व्यक्तिगत शौचालयए भूमि की उपलब्धताए पंचायत भवन सहित अन्य निर्माण एवं स्वच्छता संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कार्यवार प्रगति की जानकारी लेते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ताए पारदर्शिता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। जिन कार्यों में अपेक्षित प्रगति नहीं हैए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराया जाए। पंचायत भवनों के निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कार्य में लापरवाही बरते जाने पर एडीपीआरओ का एक दिन का वेतन काटने तथा डीसी का पूरे माह का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि विकास एवं निर्माण कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी और जिम्मेदारी तय करते हुए कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंहए संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री आवासऔर मुख्यमंत्री आवास प्लस सर्वे की डीएम ने की समीक्षा

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना और आवास प्लस सर्वे प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में दोनों योजनाओं के अंतर्गत किए जा रहे सर्वे कार्यए पात्र लाभार्थियों के चयन तथा योजनाओं की प्रगति के संबंध में जानकारी ली गई जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि आवास योजनाओं के लिए पात्र परिवारों का सर्वे नियमानुसार एवं पारदर्शी तरीके से किया जाए। सर्वे के दौरान शासन द्वारा निर्धारित पात्रता मानकों का विशेष ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ पात्र एवं जरूरतमंद लाभार्थियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रेम नारायण सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए, समस्त खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एनएचएम संविदा कर्मचारियो का दूसरे चरण का आंदोलन शुरू



कुशीनगर। उ०प्र० राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संघ (रजि०) ने प्रादेशिक आह्वान पर जनपद शाखा कुशीनगर इकाई द्वारा नियमितीकरण व समान कार्य-समान वेतन समेत आठ सूत्रीय मांगों को लेकर जिले के समस्त सीएचसी/पीएचसी एवं जिला अस्पताल में कार्यरत एनएचएम संवर्ग के कर्मचारियों ने आज द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत कार्यस्थल पर काला फीता बाँध कर जोरदार प्रदर्शन किया और प्रभारी चिकित्साधिकारियों के माध्यम से मिशन निदेशक को ज्ञापन प्रेषित किया।जिला अस्पताल में मण्डल अध्यक्ष गोरखपुर चन्द्रशेखर यादव के नेतृत्व में अनुपम आनंद, विकास कुमार गुप्ता, रविन्द्र शर्मा, अनूप कुमार गोंड़, मदन,सुनील कुशवाहा, रामाशीष यादव, प्रीति पटेल, कात्यायनी चतुर्वेदी,योगेश कावडकर, पवन,संदीप मौर्या, मोलिना एवं सरोज आदि ने काली पट्टी बाँधकर विरोध जताया। वहीं फाजिलनगर में जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र कुमार पाण्डेय, आदित्य तिवारी, राधा निरंकारी, कमरूल होदा, डॉ पवन बहादुर सिंह, कुबेरस्थान में डॉ वेद प्रकाश तिवारी, वीरेन्द्र शर्मा, किरन यादव, बबिता, डॉ 0 आयुवेन्द्र सिंह,फारूक,संतोष यादव, रामकोला में सुजाता यादव, शशि, पूनम, डॉ0 अंजू लता चौधरी, डॉ0 आफताब खान सहित दर्जनों एएनएम बहनों ने तथा नेबुआ नौरंगिया, तमकुहीराज, कसया, कप्तानगंज, विशुनपुरा व जौरा बाजार सहित सभी केन्द्रों पर कर्मचारियों ने एकजुट होकर विरोध में ज्ञापन दिया।

संविदाकर्मचारियों का कहना है कि वे विगत 15-18 वर्षों से पूर्ण निष्ठा से स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं लेकिन शासन स्तर से कोई सकारात्मक कार्यवाही नहीं हुई है जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।संगठन की दो प्रमुख माँगो में समस्त एनएचएम संविदा कर्मचारियों का नियमितीकरण तथा समान कार्य-समान वेतन का सिद्धांत लागू किया जाय। जबकि तात्कालिक माँगो में मांगें 10 लाख तक का कैशलेस हेल्थ बीमा,महंगाई भत्ता, भविष्य निधि व मकान किराया भत्ता, गैर जनपद स्थानांतरण नीति, सेवाकाल में मृत कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति, आउटसोर्स कर्मचारियों का समायोजन, नियमित भर्ती में 25प्रतिशत आरक्षण।

जामा मस्जिद में आयोजित प्रोग्राम में मेहनती बच्चों को सर्टिफिकेट देकर हौसला बढाया

नगीना, बिजनौर। जामा मस्जिद नगीना में आयोजित प्रोग्राम में उन सभी बच्चों को इनामात और सर्टिफिकेट देकर हौसला अफजाई की गई जिन बच्चों ने 6 तारीख को सीरत के क्विज प्रोग्राम में हिस्सा लिया था। प्रोग्राम के सदारत मुफ्ती उवैस अकरम इमाम खतीब जामा मस्जिद नगीना और निजामत मुफ्ती अब्दुल्ला ने की।

जामा मस्जिद नगीना में बीते दिन आयोजित प्रोग्राम में मुफ्ती उवैस अकरम ने फरमाया कि यह सीरत का क्विज प्रोग्राम इस लिए रखा गया है जिन बच्चों को अल्लाह के रसूल और इस्लाम के बारे में और आपके खानदान और सहाबा इकराम के बारे में मालूमात कम थी। उन्हें प्रोग्राम कराकर उसमें कंपटीशन कराया उसमें सभी स्कूल और मदारिस और मकतब के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और उसका रिजल्ट आने पर उन बच्चों और बच्चियों को फर्स्ट सेकंड थर्ड इनाम दिया गया। पहला इनाम एमएम इंटर कॉलेज नगीना के बच्चे



ईलमा दूसरा इनाम आतिफा नदीम तीसरा नमरा जैदी को और दारुल अर्काम से अजान, शफीउद्दीन, आलिया, तालिब, ताहिर, अब्दुल अहद, अफजल, सारा, ताजुद्दीन, हजरत शाह से अलीशा कुरैशी, आरिफा, मोहम्मद सादिक, मदरसा फैजुल कुरआन से शबान, तस्लीम, मोहम्मद अमार, मुस्तकीम, मोहम्मद आसिम, अनीस और मकतब फैजुल अबरार से लामिया, हादिया, वानिया, खेतों वाली मस्जिद से मलीहा खान, साजिद, मरयम, अतुफा और मकतब नूरानी से अर्शी नाज, कैफ, मुबीन आफिया परवीन और जियाउल कुरआन से सोमैय्या, फहीम, रिहान, वारिस, जुबैरिया और अल्लाह बख्श मकतब से मोहम्मद अल्तमश, सिदरा अंजुम, अलफैज, नाइयों वाली मस्जिद से मोहम्मद फैज, रूबी, तुंबा सहित सभी सभी बच्चे और बच्चियों को फर्स्ट सेकंड थर्ड इनाम देकर हौसलाब्जाई की गई और जिन बच्चों के अच्छे नंबर आए थे उन बच्चों को भी प्रशस्त्री पत्र के साथ एक मेडल दिया गया। इस मौके पर मुफ्ती फुजैल ने कहा हमें अपने बच्चों को दुनिया की तालीम के साथ दीन की तालीम देना भी बहुत जरूरी है। इस मौके पर मुफ्ती उवैस हुसैन, मुफ्ती अरशद, मुफ्ती उस्मान, मुफ्ती शाहिद, समाजसेवी आदि उपस्थित रहे।

अवैध खनन पर सख्ती, संवेदनशील क्षेत्रों में बढ़ायी जायेगी निगरानी

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून.व्यवस्थाए प्रशासनिक कार्यों की प्रगति तथा अवैध खनन एवं उसके परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर अधिकारियों के साथ बिंदुवार समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में कानून.व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने तथा असामाजिक एवं अराजक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए।अवैध खनन पर कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध खनन और उसके परिवहन पर पूरी तरह अंकुश लगाया जाए। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित गश्त और सघन चेकिंग अभियान चलाने तथा अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे ने निर्देश दिए कि पुलिस क्षेत्राधिकारी एवं उप जिलाधिकारी संयुक्त रूप से संवेदनशील क्षेत्रों का भ्रमण करें और अराजक तत्वों पर प्रभावी निगरानी रखें।बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व कल्पना जायसवाल।, अपर जिलाधिकारी न्यायिकए एसपी सिटीए उप जिलाधिकारीए समस्त पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

एलपीजी वितरकों का आंदोलन, निकाला कैंडल मार्च

बांदा। एलपीजी वितरकों ने विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन तेज कर दिया है। एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन (आई) के आह्वान पर सोमवार को वितरकों ने जिला मुख्यालयों पर कैंडल मार्च निकालकर सरकार का ध्यान आकर्षित किया। इसके बाद छह अक्टूबर को नो मनी-नो इंडेंट अभियान चलाया जाएगा। इस दिन वितरक न तो तेल कंपनियों के खाते में पैसा जमा करेंगे और न ही गैस का इंडेंट लगाएंगे। एसोसिएशन के बांदा अध्यक्ष आशीष शुक्ला ने बताया कि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड, हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड से जुड़े वितरक लंबे समय से अपनी समस्याओं के समाधान की मांग कर रहे हैं। 26 अक्टूबर को देशभर के एलपीजी वितरक दिल्ली के जंतर-मंतर पर एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी मांगें नहीं मानी गईं तो अनिश्चितकालीन हड़ताल का निर्णय लिया जाएगा। इस दौरान राशिद खान और ज्ञानचंद भी मौजूद रहे। वितरकों की प्रमुख मांगों में होम डिलीवरी और प्रशासनिक शुल्क (कमीशन) में 75 रुपये की तत्काल वृद्धि करना शामिल है। एलपीजी उपभोक्ताओं पर पीएनजी लेने की अनिवार्यता संबंधी आदेश वापस लेने और प्रत्येक ई-केवाईसी के लिए 236 रुपये का भुगतान करने की मांग की गई है। आशीष शुक्ला ने आरोप लगाया कि सार्वजनिक तेल कंपनियों के अधिकारी वितरकों के माध्यम से चूल्हा, रबर ट्यूब, फायरवॉल, ट्रॉली, चायपत्ती और अन्य उत्पादों की बिक्री के लिए दबाव बनाते हैं। आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा तीन का हवाला देते हुए पांच और 19 किलोग्राम के सिलिंडरों की जबरन बिक्री पर भी रोक लगाने की मांग उठाई।

संदिग्ध परिस्थिति में छात्रा ने लगायी फांसी

बांदा। बबेरू कस्बे में 16 वर्षीय छात्रा ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वैष्णवी उर्फ गौरी सोनी कक्षा-11 की छात्रा थी। कस्बे के प्रभाकर नगर मोहल्ले की रहनेवाली छात्रा रविवार की देर शाम घर में अकेली थी। इसी दौरान उसने साड़ी से फंदा लगाकर जान दे दी। परिजनों के घर पहुंचने पर उन्होंने देखा तो वह फंदे पर झूल रही थी। घर वालों ने पुलिस को सूचना दी। बबेरू कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। फोरेंसिक टीम ने इलेक्ट्रानिक और भौतिक सबूत एकत्र किए। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे रात में मेडिकल कालेज भेज दिया। छात्रा की मौत की वजह का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली प्रभारी संजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी। छात्रा की मौत से परिवार में मातम छा गया है।

सपा ने जुलूस निकालकर डीएम के मार्फत दिया राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन

बांदा। समाजवादी पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष उमेश यादव के नेतृत्व में जुलूस पार्टी कार्यालय से अंबेडकर पार्क में डा. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे। जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा। जिलाध्यक्ष उमेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकतंत्र, संविधान एवं स्वतंत्र और निष्पक्ष निर्वाचन व्यवस्था में पूर्ण विश्वास रखती है। ऐसे में मतदाता सूची से संबंधित किसी भी प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और संवैधानिक मूल्यों का पालन आवश्यक है। विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया के दौरान बड़ी संख्या में पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से प्रभावित होने की आशंका है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम प्रक्रिया संबंधी त्रुटि, पर्याप्त अवसर न मिलने, दस्तावेजों की जटिलता के कारण मतदाता सूची से बाहर होता है, तो यह उसके संवैधानिक मताधिकार के लिए गंभीर विषय है। मांग है कि मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार अपने पद से इस्तीफा दें। उनकी गिरफ्तारी हो। पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष एवं पारदर्शी समीक्षा कराई जाए। किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से हटाए जाने से पूर्व उसे पर्याप्त सूचना एवं अपना पक्ष रखने का अवसर दिया जाए। हटाए गए अथवा प्रभावित मतदाताओं के नामों का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष सत्यापन कराया जाए। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी राजनीतिक दलों को समान अवसर एवं आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान विधायक विशंभर सिंह यादव आदि उपस्थित रहे।

आपदा प्रबंधन के लिए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण देकर किया जागरूक

जिला संवाददाता

बिजनौर। आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जन-जागरूकता एवं क्षमता विकास के उद्देश्य से तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह के निर्देश पर सिटी बैंक्विट हॉल निकट राम का चैराहा में किया गया।

कार्यशाला के आगामी दो दिनों में भी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे

कार्यशाला के दौरान स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को आपदा प्रबंधन, आपदा से पूर्व की तैयारियों तथा आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सोमवार को आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण 07 अक्टूबर तक चलेगा। कार्यशाला में प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार की प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के संबंध में जानकारी देते हुए आपदा के समय बचाव, राहत एवं प्राथमिक प्रतिक्रिया के महत्वपूर्ण उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही भूकंप, बाढ़, अग्निकांड, आकाशीय बिजली एवं अन्य आपदाओं के दौरान सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग व जिला आपदा प्रबंधन विभाग के अधिकारियों व मास्टर ट्रेनर द्वारा महिलाओं को आपात स्थिति में स्वयं एवं अपने परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने, आसपास के लोगों को जागरूक करने तथा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान प्राथमिक उपचार एवं आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया के संबंध में भी व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला का उद्देश्य स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आपदा जोखिम न्यूनीकरण एवं सामुदायिक स्तर पर आपदा प्रबंधन की तैयारियों में सक्रिय भागीदार बनाना है, ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में समुदाय की संवेदनशीलता को कम करते हुए प्रभावी ढंग से राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग किया जा सके। कार्यशाला के आगामी दो दिनों में भी विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित आवश्यक जानकारी एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान कर उन्हें अपने-अपने क्षेत्रों में आपदा जागरूकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा

विशेष सचिव राज्य करने आकांक्षी ब्लॉक हुजूरपुर का किया भ्रमण

बहराइच। विशेष सचिव, राज्य कर, उ.प्र. शासन श्रीमती निधि श्रीवास्तव ने जनपद भ्रमण के दौरान आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर का भ्रमण कर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रमवापुर, ग्राम पंचायत सिंहपुर का स्थलीय निरीक्षण कर स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, पंचायत भवन, प्रधानमंत्री आवास, स्वच्छ शौचालय, पेयजल परियोजना इत्यादि का निरीक्षण कर विभिन्न व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत गठित महिला स्वयं सहायता समूह की महिला सदस्यों के साथ संवाद कर समूह द्वारा उत्पादित वस्तुओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की।सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रमवापुर का निरीक्षण करते हुए विशेष सचिव ने मौजूद मरीजों व तीमारदारों से वार्ता कर चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। मरीजों एवं तीमारदारों की ओर से कोई भी प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में नहीं आया। विशेष सचिव ने चिकित्सालय में उपलब्ध दवाओं की सघन समीक्षा करते हुए ड्रग लिस्ट के अनुसार उपलब्ध दवाओं का जायजा लिया। ड्रग लिस्ट में उल्लिखित 195 दवाओं के सापेक्ष 170 दवाएं उपलब्ध पायी गयीं। उन्होंने दवाओं का भौतिक सत्यापन ही नहीं किया बल्कि दवाओं के आनलाइन मांग पत्र की भी चेकिंग की जिसमें सभी विवरण दुरूस्त पाये गये।

डायग्नोस्टिक सेन्टर में सभी व्यवस्थाएं चाक चैबन्द पायी गयी। निरीक्षण के दौरान मरीजों की जांच की जा रही थी। प्रसव कक्ष के दौरान भी सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली पायी गयी। निरीक्षण के दौरान मरीजों की जांच की जा रही थी। प्रसव कक्ष के दौरान भी सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त मिली अलबत्ता कक्ष में सीलन मिलने पर निर्देश दिया गया कि इसको दुरूस्त करा दिया जाय। क्षय रोग कक्ष के निरीक्षण के दौरान पाया बलगम की जांच की जा रही है तथा चिन्हित मरीजों को घर पर ही दवा दी जा रही है। उन्होंने इससे सम्बन्धित अभिलेखों का भी निरीक्षण किया जो दुरूस्त पाये गये। विशेष सचिव ने एम्बुलेन्स संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि एम्बुलेन्स संचालन से सम्बन्धित विस्तृत विवरण को चिकित्सालय की दीवार प्रमुखता के साथ लिखवाया जाय ताकि अधिक से अधिक मरीज सेवा का लाभ प्राप्त कर सकें। उन्होंने होम्योपैथी व आयुष सहित अन्य कक्षों का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आवश्यक दिशा निदेर्श दिये।विशेष सचिव ने सिंहपुर का भ्रमण करते हुए प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण कर पाठन-पाठन की गुणवत्ता एवं आईसीडीएस द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। विशेष सचिव ने पोषण ट्रैकर ऐप में दर्ज विवरण के अनुसार बच्चों का वजन चेक किया तथा सैम मैम बच्चों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार गर्भवती एवं धात्री महिलाओं एवं बच्चों को लाभान्वित किया जाय। यहां पर उन्होंने 02-02 बच्चों व गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की तथा अन्नप्रासन कराया। इसके उपरान्त विशेष सचिव ने ग्राम का भ्रमण करते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अर्न्तगत निर्मित आवास, स्वच्छ शौचालय, पंचायत भवन, पेयजल परियोजना का निरीक्षण किया।

चार वर्षीय बेटे का शव कुएं से बरामद

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्र में सोमवार को एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां एक महिला और उसके चार वर्षीय बेटे का शव कुंए से बरामद किया गया है। दोनों की पानी में डूबने से मौत होना बताया जा रहा है। सूचना मिलने पर जाखलौन पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों के शव कुएं से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिए। पुलिस ने पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी कर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, पुरुषोत्तम पुत्र हरचरन ने थाना जाखलौन पुलिस को सूचना दी कि उसकी पत्नी जिसकी उम्र करीब 26 वर्ष थी अज्ञात कारणों के चलते अपने चार वर्षीय पुत्र के साथ कुंए में गिरने से पानी में डूबकर दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों शवों को कुएं से बाहर निकलवाया और नियमानुसार कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक मृतका और उसके चार वर्षीय बेटे के शरीर पर प्रथम दृष्टया कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं मिले हैं।

डीएम ने जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक

कुशीनगर। जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सलाहकार समिति/जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न सरकारी ऋण योजनाओं की प्रगति, बैंकों द्वारा ऋण वितरण तथा लंबित ऋण आवेदनों के निस्तारण की स्थिति की समीक्षा की गई।



बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न ऋण एवं स्वरोजगारपरक योजनाओं का मुख्य उद्देश्य पात्र लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। बैंक इन योजनाओं के क्रियान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, इसलिए पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराने में अनावश्यक विलंब नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने बैंककवार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि सरकारी ऋण योजनाओं में निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए। पात्र लाभार्थियों के ऋण आवेदनों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखा जाए तथा बैंक स्तर पर अनावश्यक आपत्तियां लगाकर अथवा बिना उचित कारण के ऋण आवेदन निरस्त करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी अंकुश लगाया जाए। उन्होंने कहा कि जिन बैंकों की प्रगति अपेक्षित स्तर से कम है, वे विशेष अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि जनपद में जून 2026 तक जमा-ऋण अनुपात 51.49 प्रतिशत रहा। जिलाधिकारी ने जमा-ऋण अनुपात में अपेक्षित वृद्धि के लिए बैंकों को अधिक सक्रियता से कार्य करने तथा जनपद में उपलब्ध धनराशि का अधिक से अधिक उपयोग स्थानीय स्तर पर आर्थिक गतिविधियों, स्वरोजगार एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि बैंक द्वारा पात्र व्यक्तियों, छोटे उद्यमियों, किसानों, स्वरोजगार करने वाले युवाओं तथा अन्य जरूरतमंद लाभार्थियों को समय से ऋण उपलब्ध कराया जाना आर्थिक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऋण वितरण बढ़ने से रोजगार एवं आय के अवसर बढ़ते हैं, स्थानीय अर्थव्यवस्था मजबूत होती है और जिले के आर्थिक विकास को गति मिलती है। साथ ही बैंक द्वारा दिए गए ऋण से ब्याज के रूप में आय भी प्राप्त होती है। उन्होंने अगली बैंकर्स बैठक तक सरकारी ऋण योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति में स्पष्ट सुधार लाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी बैंक शाखाओं को निर्देशित किया कि लाभार्थियों को ऋण संबंधी प्रक्रिया की सही जानकारी उपलब्ध कराएं।

किसानों को मिलेगा अवशेष कृषि यंत्रों व कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान का लाभ

ललितपुर। किसानों के लिए कृषि यंत्रीकरण से जुड़ी योजनाओं के तहत अनुदान पर कृषि यंत्र प्राप्त करने का अवसर है। कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अवशेष कृषि यंत्रों एवं कृषि रक्षा उपकरणों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन ब

संक्षेप

व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की बैठक में भारी बिजली कटौती, अधिक बिल वसूली, बदहाल सड़कों और अधूरी नालियों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई।इसके बाद संगठन के जिला प्रभारी बाबा संदीप श्रीवास्तव के नेतृत्व में व्यापारियों ने नायब तहसीलदार आकांक्षा तिवारी को ज्ञापन सौंपा।इसमें मुंगर बाजार में अधूरा निर्माण कार्य, सड़कों किनारे उगी झाड़ियों की सफाई और नाली निर्माण जैसी मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। नायब तहसीलदार ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया, जबकि व्यापारी नेताओं ने समाधान न होने पर बड़े आंदोलन की चेतावनी दी।

मेधावी छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

सुल्तानपुर (वीओएल)। जनता इंटर कॉलेज बेलहरी में आयोजित कार्यक्रम में कृषि विषय के चार मेधावी छात्रों को डॉ. जवाहर लाल द्विवेदी छात्रवृत्ति प्रदान की गई।मुख्य अतिथि श्याम सुंदरी देवी और पूर्व प्रधानाचार्य राम सिरनेत मिश्र ने चयनित छात्रोंकृसलोनी सिंह, हर्षवर्धन, वेंकटेश्वर शुक्ला और आयुष प्रजापति को 11-11 हजार रुपये के चेक व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कृषि वैज्ञानिक स्व. डॉ. जवाहर लाल की स्मृति में आयोजित इस प्रतियोगिता परीक्षा में 30 छात्रों ने भाग लिया था, जिनमें से चार प्रतिभाशाली व जरूरतमंद छात्रों को चुना गया।इस दौरान अतिथियों ने छात्रों को बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित किया।

पांच दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के जयसिंहपुर ब्लॉक सभागार में श्सेवा संकल्प अभियानश के तहत सोमवार को पांच दिवसीय बहुउद्देश्यीय सेवा शिविर की शुरूआत हुई। इसका उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख राहुल चंद्रशेखर शुक्ल ने फीता काटकर किया। यह शिविर सोमवार से शुक्रवार तक चलेगा। शिविर में स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खाद्य एवं रसद और ग्राम्य विकास समेत विभिन्न प्रमुख विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। इनके जरिए नागरिकों को सरकारी योजनाओं, पात्रता शर्तों और आवेदन प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी जा रही है।ब्लॉक प्रशासन व अधिकारियों ने क्षेत्रीय लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की है।

शोपीस बना हाई मास्ट लैंप

सरहरी,गोरखपुर। विकास खंड चरगांवा के ग्राम पंचायत रामपुर गोपालपुर में लगा हाई मास्ट लैंप महीनो से खराब है।जिससे रात के समय अंधेरे का साम्राज्य स्थापित हो जाता है। ज्ञात हो कि यह हाई मास्ट लैंप ग्राम पंचायत के सचिवालय पर स्थित है।वही बगल में ही प्राथमिक विद्यालय भी है।इस लिहाज से इस हाई मास्ट लैंप की अहमियत बढ़ जाती है।सुबह मार्निंग वॉक पर सैकड़ो लोग निकलते हैं।गांव से बाहर आने पर अंधेरे में चलने पर अनजाने डर का सामना करना पड़ रहा है।जिससे ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। गांव के जितेंद्र,रामश्री सिंह, रामचन्द्र सिंह,राजन ,अजय,लालमन, रामप्रताप सिंह समेत सैकड़ों लोगों ने कहा कि यह हाई मास्ट लैंप बहुत ही जरूरी है।इसको अविलंब ठीक करना चाहिए।क्योंकि रात के अंधेरे में सांप बिच्छू का डर बना रहता है।

पांच दिन पूर्व हुई घटना में अब तक नहीं हुई कार्रवाई

सोहावल-अयोध्या। रौनाही थाना क्षेत्र के गांव मजनावां के मजरे कुंडौली में पांच दिन पहले 30 सितम्बर की शाम 6 बजे हुई इस वारदात की तहरीर उसी दिन पुलिस को दी गई थी। कार्रवाई की जगह पुलिस टालमटोल कर रही है। आरोप है कि बीते बुधवार की शाम निषाद पार्टी के नेता अरुणाकर पांडेय के पुत्र अंश और भतीजा अनुभव पाण्डेय बाइक से संजयगंज बाजार से सामान खरीदारी के साथ यहीं की शराब की दुकान की बिक्री का पैसा लेकर घर जा रहे थे। जुगवापुर के पास 7-8 लोगों ने पेशबंदी करके बाइक के पहिए में डंडा डालकर गिरा दिया लाठी डंडों से पिटाई कर बैग में रखे 71945 रुपये लूट कर अपने वाहनों से फरार हो गए। घटना की शिकायत थाने में उसी दिन की गई। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई करने की जगह हीला हवाली का रास्ता अपनाया और अब तक रिपोर्ट तक नहीं दर्ज की। आपराधिक घटनाओं को दबाने का आरोप रौनाही पुलिस पर लंबे समय से लगता आ रहा है। एक घटना को लेकर एक महिला पत्रकार मुख्यालय पर स्थित तिकोनिया पार्क में धरना देने बैठी है।

शिक्षक दंपती को फावड़े से काट डाला

- कादीपुर का कुंभी डड़िया हत्याकांड
- कंप्यूटर सीखने वाला निकला हत्यारा, 34,960 रुपये बरामद



कादीपुर- सुलतानपुर (वीओएल)। कादीपुर कोतवाली क्षेत्र के कुंभी डुड़िया स्थित मनराजी शिक्षण संस्थान में शिक्षक दंपती की नृशंस हत्या का सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल खुलासा करते हुए कहा कि चोरी के इरादे से संस्थान में घुसे दो आरोपितों ने विरोध करने पर शिक्षक मुकेश कुमार सिंह और उनकी पत्नी विनीता सिंह पर फावड़े से ताबड़तोड़ वार कर मौत के घाट उतार दिया। वारदात के बाद दोनों आरोपी नकदी और मोबाइल लेकर फरार हो गए थे। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के मुताबिक, 28 सितंबर की रात मनराजी शिक्षण संस्थान में शिक्षक दंपती की धारदार हथियार से हत्या की गई थी। दोहरे हत्याकांड की सूचना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधिकारियों की निगरानी में एसओजी, सर्विलांस समेत कई टीमें गठित की गईं।

जांच के दौरान पुलिस ने राकेश कुमार यादव पुत्र स्व. लहुरी यादव (36) और आशीष यादव उर्फ डब्बू यादव पुत्र हरिनाथ यादव (36) निवासी कुंभी डुड़िया को गिरफ्तार किया। कंप्यूटर सीखने के बहाने जुटाई थी पूरी जानकारी पूछताछ में सामने आया कि राकेश कुमार यादव मनराजी शिक्षण संस्थान में कंप्यूटर सीखने आता-जाता था। इसी दौरान उसे संस्थान के कार्यालय, चाबी, अलमारी और वहां रखी नकदी के संबंध में जानकारी हो गई। इसके बाद दोनों ने चोरी की योजना बनाई।

रात में चोरी करने पहुंचे आरोपितों को शिक्षक दंपती ने देख लिया और विरोध किया। पुलिस के अनुसार, पकड़े जाने के डर से आरोपितों ने फावड़े से मुकेश सिंह और विनीता सिंह पर हमला कर दिया। हमले में दोनों की मौत हो गई। इसके बाद आरोपी संस्थान से नकदी और मोबाइल लेकर भाग निकले। 34,960 रुपये और फावड़ा बरामद

पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 34,960 रुपये की चोरी की रकम, मृतका विनीता सिंह का आधार कार्ड, वारदात में प्रयुक्त फावड़ा (आला-ए-कत्ल) और घटना के समय पहने गए कपड़े बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार, घटना के बाद पकड़े जाने के डर से मृतका का मोबाइल फोन कुएं में फेंक दिया गया था।

पुलिस पूछताछ में आरोपित राकेश ने बताया कि वह शिक्षण संस्थान में कंप्यूटर सीखने के कारण वहां की गतिविधियों से परिचित था। इसी जानकारी का फायदा उठाकर दोनों ने चोरी की साजिश रची, लेकिन दंपती के विरोध ने वारदात को दोहरे हत्याकांड में बदल दिया।

मतदाता सूची व चुनाव प्रक्रिया को लेकर सपा ने किया प्रदर्शन

अयोध्या। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग और मतदाता सूची व चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के विरोध में समाजवादी पार्टी कार्यकताओं ने सोमवार को अयोध्या में जोरदार प्रदर्शन किया। गांधी पार्क से बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कचहरी की ओर रवाना हुए। सांसद अवधेश प्रसाद ने गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद जिला एवं महानगर द्वारा आयोजित पैदल मार्च को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंका। सपा नेताओं ने आरोप लगाया कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के नाम पर मतदाताओं के अधिकार प्रभावित किए जा रहे हैं। पार्टी ने चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मतदाता सूची से जुड़े मामलों की निष्पक्ष समीक्षा की मांग उठाई। इसके बाद कलेक्ट्रेट गेट पर सिटी मजिस्ट्रेट को सपा कार्यकताओं ने राष्ट्रपति को संबोधित अपनी मांगों का एक ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सांसद अवधेश प्रसाद ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जिस तरह राम मंदिर के चंदे को लेकर सवाल उठे हैं, उसी तरह वोटों की चोरी का सवाल भी सामने आ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त भाजपा के साथ मिलकर वोटों की चोरी करवा रहे हैं। अवधेश प्रसाद ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त को पद से हटाया जाए अथवा वह स्वयं इस्तीफा दें। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ह्यपवन पांडेह्व ने कहा कि मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था की बुनियाद है। यदि किसी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची से हटता है तो उसके मतदान के अधिकार पर सीधा असर पड़ता है। उन्होंने कहा कि चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची को लेकर उठ रहे सवालों का निर्वाचन आयोग को स्पष्ट जवाब देना चाहिए तथा पूरी प्रक्रिया पारदर्शी होनी चाहिए। पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मतदाता का मत समान रूप से महत्वपूर्ण है। मतदाता सूची से जुड़े किसी भी संशोधन में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि किसी भी पात्र नागरिक के मतदान के अधिकार पर असर न पड़े।

युवती का फंदे से लटकता मिला शव

मिल्कीपुर-अयोध्या। इनायतनगर थाना क्षेत्र के रामपुरवा गांव में रविवार रात 20 वर्षीय युवती का शव घर के कमरे में फंदे से लटकता मिला। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था। खिड़की से देखने पर परिजनों को घटना की जानकारी हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी कराकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रामपुरवा गांव निवासी अजय कुमार की पुत्री मनीषा (20) रविवार रात घर के एक कमरे में थी। इसी दौरान उसने कथित तौर पर दुपट्टे के सहारे छत के कुंडे से फंदा लगा लिया।

सौ वर्ष पुरानी आबादी के स्थायी समाधान की मांग, विधायक ने रक्षा मंत्री को सौंपा पत्र

अयोध्या। अयोध्या आगमन के दौरान विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र सौंपकर सरयू नदी के तट से सटे निर्मलीकुंड, गुप्तारघाट, जमथराघाट एवं मीरनघाट क्षेत्र की लगभग 100 वर्ष से अधिक पुरानी आबादी के स्थायी समाधान की मांग की। पत्र में इन क्षेत्रों में लंबे समय से निवास कर रहे गरीब एवं पात्र परिवारों के भूमि स्वामित्व/नियमितीकरण की कार्रवाई कराने का अनुरोध किया गया है। विधायक ने पत्र में कहा कि उक्त आबादी के लोग पीढ़ी-दर-पीढ़ी यहां निवास करते आ रहे हैं। यह क्षेत्र अयोध्या के महत्वपूर्ण धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों से जुड़ा है और 14 कोसी परिक्रमा मार्ग भी इन क्षेत्रों से होकर गुजरता है। स्थानीय निवासियों के पूर्वजों के नाम जनगणना एवं विभिन्न अभिलेखों में दर्ज हैं तथा छावनी परिषद की ओर से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य नागरिक सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाती रही हैं। लेकिन भूमि के स्वामित्व / नियमितीकरण का स्थाई समाधान न होने के कारण स्थानीय निवासियों को समय-समय पर अतिक्रमण संबंधी नोटिस व अन्य कठिनाईयों का सामना करना पड रहा है। पत्र में पात्र एवं लंबे समय से निवासरत गरीब परिवारों के विरुद्ध चल रही बेदखली संबंधी कार्रवाई पर प्रकरण के निस्तारण तक नियमानुसार रोक अथवा राहत देने का अनुरोध किया गया है। साथ ही निर्वाचन आयोग की मतदाता सूची से विलोपित पात्र निवासियों के नामों की जांच कर उन्हें पुनः मतदाता सूची में शामिल कराने तथा पात्र परिवारों को मूलभूत सुविधाएं और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने की मांग की गई है। विधायक ने कहा कि इससे वर्षों से निवासरत परिवारों को स्थायी समाधान और उनके नागरिक अधिकार मिल सकेंगे।

वक्फ संपत्ति पर भू-माफियाओं का कब्जा, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

चारगांवा, गोरखपुर। सदर तहसील के चरगांवा विकास खंड के जंगल अहमद अली शाह उर्फ तुर्रा बाजार में इमामबाड़ा स्टेट की संपत्ति पर भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर प्लाट बनाकर बेचने का आरोप लगाकर लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया है। वर्षों से कृषि कार्य, साप्ताहिक बाजार, दशहरा मेला और ताजिया मेला लगने वाले इस वक्फ की जमीन पर अब बाउंड्री कर कब्जा किया जा रहा है। ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मौके पर लगा वक्फ बोर्ड का बोर्ड हटा दिया गया है। बोर्ड में दलालों से सावधान रहने की चेतावनी भी दी गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि पूरी जमीन तकरीबन लगभग 16 एकड़ है। अब इस जमीन पर प्लाट बनाकर बेचा जा रहा है और कब्जे किए जा चुके हैं। साप्ताहिक बाजार और मेले की जमीन पर भी बाउंड्री कर कब्जा किया जा रहा है। बाउंड्री के अंदर मलंग बाबा का मजार स्थित है, जहां ग्रामीण भारी संख्या में पूजा और इबादत करते हैं। भू-माफियाओं द्वारा इसे कब्जा कर गिराने का प्रयास किया जा रहा है। इस जमीन पर साप्ताहिक बाजार लगता था। दशहरा और ताजिया मेला सैकड़ों वर्षों से लग रहा है। यहां मलंग बाबा का मजार, हाई मास्ट लाइट, दो सरकारी हैंडपंप और सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। पुराना वक्फ संपत्ति का बोर्ड हटा दिया गया है। मौके पर ग्राम प्रधान माधव प्रसाद, अशोक, निजामुद्दीन, इश्तियाक, काली, इंद्रजीत निषाद, मुमताज, मुस्तफा, सालार, हाशमी, सिरताज, मिराज, निशा, फातिमा, सुभान, इश्तियाक, मुन्ना सहित सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित होकर विरोध कर रहे थे। ग्रामीणों का कहना है कि इस जमीन पर कोई सरकारी प्रोजेक्ट या निर्माण होना चाहिए था, लेकिन माफियाओं ने इसे अपने कब्जे में लेकर बेचने का कार्य शुरू कर दिया है। आरोपी की गहन जांच तथा दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आवश्यक है। परिवार आने-जाने के लिए रास्ते की मांग करते हुए न्याय की गुहार लगा रहे है तथा इस संदर्भ मे पिपराइच थाने में प्राथना पत्र दिया गया है।

क्षेत्रीय लेखपाल मंजेश व चौकी प्रभारी जंगल धूसड़ शिखा जायसवाल ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। इस संदर्भ में सीओ चौरी चौरा कुन्दन कुमार सिंह का कहना हैं कि प्रकरण मेरे संज्ञान में नहीं हैं।

एक ही नम्बर प्लेट लगे दो डीसीएम बरामद, दो गिरफ्तार

सरहरी,गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के फर्टिलाइजर फैक्ट्री के पास एक ही नम्बर प्लेट की दो डी सी यम ट्रक मुखबीर खास की मुखबीरी पर बरामद हुआ बरामद डीसीयम में एक पर लोहे का कबाड़ लदा था दूसरा खाली था उप नि० ज्ञान चन्द्र पटेल की लिखित तहरीर पर बी एन एस की धारा 319 (2), 318 (4), 338, 336 (3), 340 (2), 341 (2), 61 (2) के तहत मुकदमा कायम कर गिरफ्तार दो आरोपियो को जेल भेज दिया। उप नि० ज्ञान चन्द्र पटेल ने लिखित तहरीर देकर बताया कि सोमवार को में क्षेत्र भ्रमण पर था तभी मुखबीर खास ने बताया की एक ही नम्बर प्लेट की दो डी सी यम ट्रक फर्टिलाइजर फैक्ट्री के पास छुपा कर खड़ी हैं, जो कही जाने की फिराक में है मुखबीर खास की बात पर बिश्वास कर मैने तुरन्त चौकी प्रभारी फर्टिलाइजर आलोक कुमार चौबे उप नि० रबिराजन को फोन कर बताया कि आप लोग पर्याप्त पुलिस बल के साथ नकहा ओबर ब्रीज के पास बुलाया मेरे द्वारा सभी लोगो को साथ लेकर मुखबीर द्वारा बताये स्थान पर पहुच कर कर दोनो डी सी यम को कब्जे में लेकर दोनो बाहन में बैठे एक एक लोगों को गिरफ्तार करने में सफलता मिली मगर दोनो बाहन से एक एक लोग भागने में सफल रहे। गिरफ्तार आरोपियो इजराइल पुत्र लैस मोहम्मद निवासी बढ़नी थाना डुमरियागंज सिद्वार्थ नगर व अब्दुल सउद पुत्र अब्दुल समद के रूप में हुई पूछताछ में दोनो ने बताया कि हम लोग कबाड़ का काम करते हैं एक गाड़ी में लोहे का प्लेट लगा कर वजनी किया गया है।

मिनी स्टेडियम में छात्रों ने किया प्रतिभा का प्रदर्शन

सलोन,रायबरेली।सोमवार को मिनी स्टेडियम सलोंन में माध्यमिक विद्यालयों की क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन दिवस पर सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य अमित कुमार भारती ने विजय प्रभागियों को प्रमाण पत्र वितरित कर बधाई दिया। और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की, जो बच्चे इस प्रतियोगिता में सफल नहीं हो पाए हैं वह हताश न हो और कड़ी मेहनत करें जिससे आगामी प्रतियोगिताओं में वह जरुर सफल हो। 5000 मीटर दौड़ सीनियर बालक प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज डीह के छात्र अमन यादव प्रथम स्थान पर कान्ह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज करहिया बाजार के छात्र नितिन द्वितीय स्थान पर रहे।5000 मी सीनियर बालिका वर्ग प्रतियोगिता में कान्ह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज करहिया बाजार की छात्रा प्रीति प्रथम स्थान पर सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सलोंन की छात्रा मुस्कान द्वितीय स्थान पर रही। 3000 मीटर दौड़ जूनियर बालक प्रतियोगिता में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज डीह के छात्र समरजीत प्रथम स्थान पर और इसी स्कूल के आकाश कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। 3000 मीटर दौड़ जूनियर बालिका वर्ग में सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सलोंन की छात्रा शांति पटेल प्रथम स्थान पर और कान्ह शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज करहिया बाजार की छात्रा रुचि द्वितीय स्थान पर रही। ऊंची कूद जूनियर बालिका वर्ग में शिव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमसापुर की छात्रा संध्या प्रथम स्थान पर सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सलोंन की छात्रा शिवांशी द्वितीय स्थान पर रही। ऊंची कूद सीनियर बालिका वर्ग में शिव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमसापुर की छात्रा सोनम प्रथम स्थान पर और इसी विद्यालय की छात्रा मंजू द्वितीय स्थान पर रही। गोला फेक जूनियर बालिका वर्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज कुंवर मऊ के छात्र रिहान प्रथम स्थान पर और इसी विद्यालय के छात्र इस्माइल द्वितीय स्थान पर रहे। चक्र क्षेपण सीनियर बालक वर्ग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज कुंवर मऊ के छात्र अखिलेश प्रथम स्थान पर शिव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमसापुर के छात्र सुभाष द्वितीय स्थान पर रहे। गोला फेक सीनियर बालक वर्ग में सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज सलोंन के छात्र आशुतोष शर्मा प्रथम स्थान पर इसी विद्यालय के छात्र सत्येंद्र कुमार द्वितीय स्थान पर रहे।चक्र क्षेपण जूनियर बालक वर्ग में पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज डीह के छात्र मनीष प्रथम स्थान पर शिव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रमसापुर के छात्र राज पांडे द्वितीय स्थान पर रहे। 400 मीटर दौड़ जूनियर बालक वर्ग में ज्ञान भारती इंटर कॉलेज परशदेपुर के छात्र अल्फाज प्रथम स्थान पर सर्वोदय इंटर कॉलेज सालों के छात्र सत्यम द्वितीय स्थान पर रहे।

उपकेंद्र पर दबंगई करने वाले नपेंगे, जेई ने गीडा थाने में दी तहरीर



ग्रामीणों ने जबरन बंद किया फीडर, घंटों अंधेरे में डूबे दर्जनों गांव

जुड़ियान विद्युत उपकेन्द्र पर एसएसओ के सामने ही दबाया स्विच

- फीडर बंद कराने वाले अराजक तत्वों के पहचान में जुटी पुलिस

गीडा, गोरखपुर। 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र जुड़ियान, सहजनवा ग्रामीण पर देर रात जबरन बरहुआ फीडर बंद कर दर्जनों गांवों की बिजली गुल करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ प्रशासन ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। वॉयस ऑफ लखनऊ समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का बड़ा असर देखने को मिला है। उच्चाधिकारियों के कड़े निर्देश के बाद शनिवार को अवर अभियंता आर.के. सिंह ने गीडा थाना अज्ञात उपद्रवियों के खिलाफ लिखित तहरीर सौंप दी है जिसके आधार पर पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते 28 अक्टूबर की देर रात करीब 12 बजे बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था से नाराज पिपरौली के दर्जनों आक्रोशित ग्रामीणों ने जुड़ियान उपकेंद्र पर धावा बोल दिया था। उपकेंद्र पर तैनात कर्मचारियों और एसएसओ के कड़े विरोध के बावजूद मनबढ़ों ने जबरन सहजनवा ग्रामीण के बरहुआ फीडर का स्विच बंद कर दिया। इस वजह से करीब एक घंटे तक दर्जनों गांव पूरी तरह अंधेरे में डूबे रहे और उपकेंद्र परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। मंगलवार सुबह घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बिजली महकमे की भारी फजीहत हुई थी। वीडियो में ग्रामीणों की दबंगई और कर्मचारियों की लाचारी साफ नजर आ रही थी। वॉयस ऑफ लखनऊ द्वारा इस मामले को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद विभाग हरकत में आया। अवर अभियंता आर.के. सिंह ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और जबरन आपूर्ति बाधित करने वाले आरोपियों की पहचान वायरल वीडियो के आधार पर की जा रही है। इस संदर्भ में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि अवर अभियंता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कराई जा रही है। सरकारी काम में बाधा डालने और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाले किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। उपद्रवियों के खिलाफ सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

त्योहारों को लेकर भारत नेपाल सीमा पर बढ़ी चौकसी

श्रावस्ती। आगामी त्योहारों को देखते हुए जिले में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देश पर भारत.नेपाल सीमा क्षेत्र में पुलिस और एसएसबी के जवान लगातार निगरानी कर रहे हैं। सोमवार को थाना मल्हीपुर क्षेत्र के भारत.नेपाल सीमा स्थित सागर गांव सीमा चौकी पर पुलिस और एसएसबी ने संयुक्त रूप से पैदल गश्त की। इस दौरान सीमा क्षेत्र में आने.जाने वाले संदिग्ध लोगों और वाहनों की जांच की गई। जवानों ने सीमा क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था का भी जायजा लिया। पुलिस और एसएसबी की ओर से त्योहारों के दौरान सीमा पर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के साथ ही आने.जाने वाले लोगों और वाहनों की जांच लगातार की जा रही है।

श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए शिविर 8 से

श्रावस्ती। औद्योगिक प्रतिष्ठानों और निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण और चिकित्सकीय परामर्श के लिए जिले में श्रमिक सम्मान स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे। इसकी तैयारियों को लेकर सोमवार को जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। बैठक में बताया गया कि 8 अक्टूबर को तथागत सभागारए कलेक्ट्रेट भिनगा में सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा। इसके अलावा 9 अक्टूबर को जिले के सभी पांच विकासखंडों के परिसर में सुबह आठ बजे से दोपहर दो बजे तक शिविर आयोजित होंगे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि शिविर में श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षणए चिकित्सकीय परामर्शए आवश्यक जांच और जरूरत पड़ने पर दूसरे स्वास्थ्य केंद्र के लिए भेजने की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। श्रमिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ श्रम विभाग की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। शिविर में श्रमिकों का पंजीकरण और नवीनीकरण किया जाएगा। पात्र श्रमिकों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन भी लिए जाएंगे तथा नियमानुसार योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि अधिक से अधिक श्रमिकों तक शिविर की जानकारी पहुंचाई जाएए ताकि वे स्वास्थ्य सेवाओं और श्रम विभाग की योजनाओं का लाभ उठा सकें। जिलाधिकारी ने जनसाधारणए औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत श्रमिकोंए निर्माण श्रमिकोंए व्यापारियों और औद्योगिक प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। बैठक में सहायक श्रमायुक्त राजबहादुर यादवए श्रम प्रवर्तन अधिकारीए नगर पालिका भिनगा के अधिशासी अधिकारीए व्यापारी और अन्य अधिकारी.कर्मचारी मौजूद रहे।

एनसीसी कैडेट्स को एसएसबी के दायित्वों और चुनौतियों की जानकारी

भिनगा श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बलए भिनगा के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण के दिशा.निर्देशन में ष्ऑल इंडिया यूपी ट्रेक प्रथम एवं द्वितीयष आयोजन के तहत सोमवार को सी समवाय भैंसाही नाका में विभिन्न राज्यों से आए एनसीसी कैडेट्स के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निरीक्षक सामान्य संतोष कुमार मीना ने सुबह 10 से 10रू20 बजे तक ष्सशस्त्र सीमा बल की भूमिकाए कार्य एवं चुनौतियों का सामनाष विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कैडेट्स को सशस्त्र सीमा बल के दायित्वोंए कार्यप्रणालीए सीमावर्ती क्षेत्रों में निभाई जाने वाली भूमिका तथा सुरक्षा के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में चार प्रशिक्षकए 56 एनसीसी कैडेट्स और पांच एसएसबी कार्मिकों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सशस्त्र सीमा बल के कार्यों और राष्ट्र की सुरक्षा में उसकी भूमिका से परिचित कराना तथा उनमें देशभक्तिए अनुशासन और सुरक्षा के प्रति जागरूकता की भावना विकसित करना रहा।

चंदापुर सीएचसी में अधीक्षक सहित चिकित्सकों की तैनाती

महराजगंज रायबरेली।चंदापुर सीएचसी में अधीक्षक सहित तीन चिकित्सकों की तैनाती होने से अब क्षेत्र के मरीजों को इलाज के लिए महराजगंज के चककर नहीं लगाने पड़ेंगे।अब लोगों को चंदापुर में ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। बताते चलें कि चंदापुर राजा कौशलेंद्र सिंह की पहल पर चंदापुर में सीएचसी की स्थापना हुई, भवन निर्माण के बाद सीएमओ के निर्देश पर विगत फरवरी 2026 से तत्कालीन सीएचसी महराजगंज के अधीक्षक डॉ गणनायक पांडे द्वारा सीएचसी के चिकित्सकों से एक-एक दिन चंदापुर सीएचसी में ओपीडी की शुरूआत की गई। लेकिन सीएचसी पर चिकित्सकों की तैनाती न होने से क्षेत्र के मरीजों को सीएचसी महराजगंज के चक्कर लगाने ही पड़ते थे।जिसके लिए डॉ गणनायक पांडे ने पत्राचार करते हुए सीएचसी में चिकित्सकों की तैनाती की मांग की थी।जिसको देखते हुए सीएमओ ने महराजगंज सीएचसी में तैनात रहे डॉ अनिल भारद्वाज को सीएचसी चंदापुर का अधीक्षक व डॉ कुशा मलिक को महिला चिकित्सक तथा शिवगढ़ में तैनात रहे डॉ प्रदीप कुमार गुप्ता की चिकित्सक के रूप में तैनाती की है। इससे पूर्व टेक्नीशियन के तौर पर राजदीप व सविता तथा फार्मासिस्ट के तौर पर आशुतोष मिश्रा व हरिश्चंद्र तिवारी की तैनाती की गई थी। सीएचसी पर राम सुमिरन व सुमित चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी की भी तैनाती की गई थी। वहीं सीएचसी महराजगंज की दंत चिकित्सक डॉ सहीफा बेगम व नेत्र रोगियो के लिए मनोज सप्ताह में दो दिन बुधवार व शनिवार चंदापुर सीएचसी में मरीजों का इलाज करेंगे। चंदापुर सीएचसी में चिकित्सकों की तैनाती होने से अमेठी सीमा से जुड़े दर्जनों गांवों के मरीजों को अब इलाज के लिए 12-15किमी दूर महराजगंज या तिलोई नहीं जाना पड़ेगा।अब चंदापुर में ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकेंगी।

मजदूर की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

सलोन, रायबरेली। आरा मशीन पर काम करने के लिए रविवार शाम घर से निकले दिहाड़ी मजदूर नरेंद्र कुमार की सोमवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव इंडस्ट्रियल एरिया औना सदरा गांव के पास 52 बीघा तालाब में झील-झंकार के बीच पड़ा मिला। हत्या की आशंका जताते हुए परिजनों और ग्रामीणों ने आरा मशीन मालिक समेत संदिग्धों पर कार्रवाई की मांग को लेकर हंगामा काटा।वही पोस्टमार्टम के लिए शव ले जाते समय ग्रामीणों ने शव वाहन रोक लिया। इस दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच करीब एक घंटे तक तीखी नोकझोंक हुई। पत्नी अनीता के मुताबिक नरेंद्र सुबह रोज की तरह आरा मशीन पर काम करने निकले थे। देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजनों ने रिश्तेदारों और परिचितों के यहां तलाश की। कुछ स्थानों पर उनकी चप्पल मिलने की जानकारी भी सामने आई। काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चला तो पत्नी ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को सूचना द

संक्षेप

श्रीकृष्ण जन्मभूमि में स्वामी विश्वप्रसन्न तीर्थ करेंगे महापूजा

मथुरा। दक्षिण भारत के प्रसिद्ध उडुपी (कर्नाटक) स्थित पेजावर अधोक्षज मठ के पीठाधीश्वर जगद्गुरु श्री श्री विश्वप्रसन्न तीर्थ स्वामीजी महाराज 6 अक्टूबर की सुबह 7 बजे श्रीकृष्ण जन्मभूमि परिसर में विशेष महापूजा करेंगे। श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा ने इसे उत्तर और दक्षिण भारत की कृष्ण भक्ति, परंपराओं और द्वैत वेदांत दर्शन का अभूतपूर्व समागम बताया। स्वामीजी दक्षिण भारत से लाए गए पवित्र द्रव्यों, तुलसी दलों और दिव्य रत्नों से वेद मंत्रों के साथ भगवान का अर्चन करेंगे। मथुरा (भगवान की जन्मस्थली) और उडुपी (जहां माता रुक्मिणी द्वारा पूजित बाल कृष्ण रूप स्थापित है) के बीच यह आयोजन सांस्कृतिक व आध्यात्मिक एकता को दशार्ता है। श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्टी की पहली ब्रज यात्रा वर्ष 2020 में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थक्षेत्र ट्रस्ट का ट्रस्टी बनने के बाद स्वामीजी की यह पहली ब्रज यात्रा है। यह आयोजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत और सनातन धर्म की सामाजिक समरसता का दिव्य संदेश देता है।

सहाना बेगम विद्युत सखी बनकर कर रहीं कमाई

इटावा। विद्युत सखी योजना महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का जरिया बन रही है। स्वयं सहायता समूह से जुड़ने के बाद जसवंतनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम नीलोई की रहने वाली सहाना बेगम ने विद्युत सखी बनकर अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने पैरों पर खड़े होकर परिवार का कर रही भरण पोषण। सहाना बेगम विद्युत सखी के रूप में अपनी ग्राम पंचायत में घर घर जाकर लोगों के बिजली बिल जमा करती है। योजना के तहत बिजली बिल जमा करने पर उन्हें बिल की रकम का एक प्रतिशत कमीशन मिलता है। इसी काम से उनकी आमदनी में लगातार बढ़ोतरी हुई है। सहाना बेगम के तीन बच्चे है और उनके पति प्राइवेट काम करते है। पहले वह घर पर रहकर घरेलू काम संभालती है। स्वंय सहायता समूह से जुड़ने के बाद उन्होंने सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू किया इसके बाद विद्युत सखी योजना ने उनके जीवन में एक और बड़ा बदलाव ला दिया।

33 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट, कारोबारी से ठगे 21 लाख

इटावा। साइबर ठगों ने सीमेंट-पेंट कारोबारी को 33 दिनों तक डिजिटल अरेस्ट रखकर 21 लाख रुपए की ठगी कर ली। आरोपियों ने खुद को दिल्ली पुलिस का आईपीएस अधिकारी और सीबीआई अधिकारी बताकर कारोबारी को 6.80 करोड़ रुपए के संदिग्ध लेनदेन में फंसने का डर दिखाया। गिरफ्तारी की धमकी देकर ठगों ने अलग अलग खातों में रकम ट्रांसफर कराई। परिवार को घर से उठाने व कारोबारी व उनके बेटे को जेल भेजने की धमकी भी दी गई। रकम जुटाने के लिए कारोबारी को घर के सोने चांदी के जेवर तक बेचने पड़े। शिकायत के बाद साइबर थाना पुलिस ने एफआईआर दर्जकर जांच शुरू कर दी है। एसपी क्राइम संतोष सिंह ने एक खाते में भेजी गई 7 लाख रूपए की रकम होल्ड करा दी गई है। अन्य खातों व मोबाइल नंबरों की जांच की जा रही है। पुलिस आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है।

वडनगर से काशी की यात्रा में अयोध्या बना सेवा-संकल्प का पड़ाव

सेवा, स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश लेकर निकली है यात्रा : डॉ. भाविन



अयोध्या। सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मस्थान गुजरात के वडनगर से काशी के लिए निकली यात्रा रविवार देर शाम अयोध्या महानगर की सीमा में पहुंची। गरुण द्वार पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता की अगुवाई में कार्यकताओं ने यात्रा का स्वागत किया। वैश्य विनोद जायसवाल ने यात्रा में शामिल कार्यकताओं को स्मृति चिन्ह भेंट किए। रीडगंज में मंडल अध्यक्ष हेमंत जायसवाल के नेतृत्व में मंडल पदाधिकारियों ने यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद बिरला मंदिर पर महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने यात्रियों का स्वागत किया। यात्रा में शामिल कार्यकताओं ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन-पूजन किया। सोमवार सुबह कच्चा घाट अयोध्या और लता चैक पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इसके बाद कुष्ठ आश्रम में फल वितरण किया गया और युवा कार्यकताओं तथा लाभार्थियों से संवाद किया गया। यात्रा के दौरान दशरथ पथ स्थित रामपुर हलवारा के किष्किंधा वन में 251 पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद यात्रा को पूराबाजार से आगे के लिए रवाना किया गया। यात्रा में प्रदेश महामंत्री हर्ष वर्धन सिंह, महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी, महानगर महामंत्री आकाश सिंह, सार्थक तिवारी, अभिलाष पाण्डेय, यश पाठक, विकास गुप्ता, आयुष पाण्डेय, शुभेंद्र सिंह, ज्वाला सोनी, कौशिक जीवनी, रवि सोनकर, अश्वनी गुप्ता, गणेश मिश्र, कपिल देव वर्मा, साहिल गुप्ता, दीपक चैधरी, अतुल मिश्र, आशुतोष श्रीवास्तव, लवकुश यादव, अभिषेक शुक्ला, अमन तिवारी बिट्टू, पार्षद अंकित त्रिपाठी, विशाल वैश्य सहित युवा मोर्चा के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं होटल सार्वथिया सेवा सदन में आयोजित प्रेस वार्ता में गुजरात भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री डॉ. भाविन राजेश शिरोया ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से युवाओं को सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक दायित्व से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। गुजरात के वडनगर से शुरू हुई यात्रा का उद्देश्य विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकताओं और युवाओं के बीच सेवा भाव को मजबूत करना है। अयोध्या में यात्रा के दौरान धार्मिक दर्शन के साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को प्राथमिकता दी गई। उन्होंने कहा कि अभियान में केवल यात्रा और धार्मिक स्थलों के दर्शन ही नहीं, बल्कि समाज के बीच जाकर सेवा कार्य करने पर भी जोर दिया जा रहा है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि गुजरात से अयोध्या पहुंची सेवा संकल्प यात्रा का कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। उन्होंने कहा कि अयोध्या केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा और सामाजिक चेतना की भूमि भी है। यात्रा के दौरान स्वच्छता अभियान, जरूरतमंदों के बीच फल वितरण और पौधरोपण जैसे कार्यक्रमों का आयोजन इसी भावना को आगे बढ़ाने वाला कदम है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी की अपील की। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि यात्रा के स्वागत में महानगर के विभिन्न मंडलों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने सहभागिता की। उन्होंने बताया कि बिरला मंदिर सहित विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं ने यात्रियों का स्वागत किया। प्रेस वार्ता में दीप प्रजापति, विश्वदीप जडेजा, यश भाई, हर्षल सिसौदिया सहित यात्रा के साथ आए अन्य कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

सैफई में पहलवानों ने दिखाया दमखम

सैफई, इटावा। मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज सैफई के अंतरराष्ट्रीय इनडोर स्टेडियम में चल रही प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का सोमवार को समापन हो गया। अंतिम दिन ग्रीको-रोमन के विभिन्न भार वर्गों में प्रदेशभर से आए पहलवानों ने दमखम और तकनीक का प्रदर्शन किया। तीन दिन चली प्रतियोगिता में करीब 400 युवा पहलवानों ने प्रतिभाग किया। रोमांचक मुकाबलों के बाद विजेता, उपविजेता और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के साथ प्रतियोगिता में आए ऑफिशियल को भी सम्मानित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय हॉकी टीम के प्रशिक्षक एवं अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित ओलंपियन मोहिंदर पाल सिंह रहे। क्रीड़ा अधिकारी इटावा एवं मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कॉलेज के प्रधानाचार्य सर्वेंद्र सिंह चैहान ने उनका स्वागत किया और प्रतियोगिता के तीनों दिनों के मुकाबलों की जानकारी दी। मुख्य अतिथि ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए कहा कि प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा निखारने का बेहतर मंच देती हैं। लगातार ऐसे मुकाबलों में हिस्सा लेने से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और उन्हें प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति, प्रशिक्षकों और निर्णायकों को बधाई दी।

रंगोली सेवा कार्यक्रम के तहत सभागार में बैठक



इटावा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 7 अक्टूबर को आयोजित होने वाले सेवा कलश यात्रा एवं रंगोली सेवा के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सदर विधायक सरिता भदौरिया एवं जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से की। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं समय से पूर्व पूर्ण एवं व्यवस्थित कर ली जाएं, ताकि कार्यक्रम का आयोजन गरिमापूर्ण एवं सफलतापूर्वक कराया जा सके। उन्होंने कहा कि रंगोली स्थल के चारों ओर बैरिकेडिंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे प्रतिभागियों एवं दर्शकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कार्यक्रम का आयोजन नुमाइश पंडाल में किया जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी ईओ को कार्यक्रम स्थल एवं आसपास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पर स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण का विशेष ध्यान रखा जाए। बेसिक शिक्षा विभाग को विद्यालयों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा रंगोली तैयार कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, जनप्रतिनिधिगण, सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर, जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला पर्यटन अधिकारी मोहित मनोहर सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद सन्तोष कुमार सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थिति रहे।

मुख्यमंत्री ने आरक्षी अभय शुक्ला को सम्मानित किया



इटावा। पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, मेहनत और निरंतर आत्मविकास का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए सोशल मीडिया सेल, इटावा में नियुक्त आरक्षी अभय शुक्ला ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम के बल पर एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पुलिस सेवा के दायित्वों का पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए तथा ड्यूटी के बाद रात्रि में नियमित अध्ययन जारी रखते हुए उन्होंने उप निरीक्षक गोपनीय पद पर चयन प्राप्त कर सफलता का एक नया अध्याय जोड़ा है। आरक्षी अभय शुक्ला की यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष और प्रेरणादायक है क्योंकि उन्होंने पुलिस विभाग की नियमित एवं व्यस्त ड्यूटी के साथ अपने अध्ययन को निरंतर जारी रखा। सीमित समय में बेहतर समय प्रबंधन करते हुए उन्होंने अपने लक्ष्य पर पूरी तरह ध्यान केंद्रित रखा और मेहनत, अनुशासन, आत्मविश्वास तथा दृढ़ इच्छाशक्ति के बल पर उप निरीक्षक (गोपनीय) पद पर चयन प्राप्त किया। उनकी इस उल्लेखनीय सफलता पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, इटावा द्वारा उनकी सराहना एवं उत्साहवर्धन किया गया। पुलिस विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी उनकी उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। आरक्षी अभय शुक्ला की सफलता की यह यात्रा नई नहीं है। इससे पूर्व भी उन्होंने अपनी मेहनत, प्रतिभा और तकनीकी दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उत्तर प्रदेश पुलिस कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा में टॉप रैंक हासिल कर उन्होंने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। कंप्यूटर ऑपरेटर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन के फलस्वरूप उन्हें माननीय मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश श्री योगी आदित्यनाथ जी के कर-कमलों से नियुक्ति पत्र प्राप्त करने का गौरव प्राप्त हुआ। यह उपलब्धि उनके लिए ही नहीं, बल्कि उनके सहकर्मियों एवं पुलिस विभाग के लिए भी गर्व का विषय रही।

माइनर में अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

भरथना, इटावा। कोतवाली क्षेत्र के बिधूना रोड पक्केताल अन्तर्गत ग्राम कीरतपुर के समीप ग्राम गंसरा संपर्क मार्ग पर सोमवार दोपहर करीब एक बजे उस समय दहशत के साथ सनसनी फैल गई, जब स्कूली छात्रों ओर राहगीर ग्रामीणों ने माइनर के पानी में एक युवक का शव उतरता देखा। राहगीर और स्कूली छात्रों की नजर शव पर पड़ने के बाद मामले की जानकारी आसपास के लोगों को हुई। देखते ही देखते मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। सनसनीखेत घटना की सूचना मिलते ही भरथना पुलिस क्षेत्राधिकारी आरडी मौर्य पुलिस टीम और फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने शव को माइनर से निकलवाकर कब्जे में लिया। वहीं फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी भेज दिया। पुलिस ने मृतक की पहचान कराने के लिए काफी प्रयास किए, लेकिन खबर लिखे जाने तक उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी थी। मृतक की उम्र लगभग 25 वर्ष बताई जा रही है। बताया गया कि युवक के दाहिने हाथ पर ह्यजितेन्द्रह्न और ह्यअंजलीह्न नाम लिखा हुआ है। पुलिस इन नामों के आधार पर भी मृतक की पहचान कराने का प्रयास कर रही है। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि महेश चंद्र ने बताया कि गांव के समीप बम्बे में युवक का शव पड़े होने की जानकारी मिली थी। युवक गांव का रहने वाला प्रतीत नहीं हो रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू करदी। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त के साथ-साथ शव माइनर में पहुंचने के कारणों की भी जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही घटना की स्थिति और मृत्यु के कारणों के संबंध में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

बलदेव थाना क्षेत्र में चोरी का आरोपी गिरफ्तार, सामान बरामद

मथुरा। थाना बल्देव पुलिस ने चोरी की एक घटना का सफल अनावरण करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी किया गया शत-प्रतिशत सामान भी बरामद कर लिया है।

थाना बल्देव पुलिस के अनुसार, 4 अक्टूबर 2026 की रात लगभग 11:05 बजे मुखबिर से मिली सटीक सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने अवैरनी बाईपास रोड पर अवैरनी की ओर करीब 40 मीटर की दूरी पर घेराबंदी कर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 21 वर्षीय पवन कुमार पुत्र थान सिंह (निवासी ग्राम अरतौनी, थाना बल्देव, मथुरा) को मौके से गिरफ्तार किया। इसके साथ ही घटना में शामिल एक बाल अपचारी को नियमानुसार पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से चोरी का 01 फ्रिज (हायर कंपनी) 01 गैस चूल्हा (सीगरीवाला कंपनी) 01 बैटरी (एमरोन कंपनी) 01 तूफानी पंखा (अग्नि ज्वाला कंपनी) 01 सिलाई मशीन (फिलिप्स कंपनी) सारा सामान बरामद कर लिया है। मामले में थाना बल्देव पर मु0अ0सं0 341/2026, धारा 305/317(2) बीएनएस (ठछै) के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी पवन कुमार का फिलहाल यही आपराधिक इतिहास दर्ज है। चोरी का खुलासा करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अभय कुमार शर्मा, उपनिरीक्षक प्रशांत माठा, हेड कांस्टेबल कैलाश चंद्र (622), हेड कांस्टेबल संजय कुमार (1523) और कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार (821) शामिल रहे।

जिला कारागार व वृद्धाश्रम का निरीक्षण

अधिकारियों संग समीक्षा बैठक में दिए कड़े निर्देश



मथुरा। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग, लखनऊ की सदस्य सुश्री नीरज गौतम ने सोमवार को मथुरा जनपद के भ्रमण के दौरान जिला कारागार, राजकीय बालिका छात्रावास और वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। इसके साथ ही उन्होंने लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति का जायजा लिया। भ्रमण की शुरूआत में सुश्री नीरज गौतम ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों के भोजन, साफ-सफाई, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सीसीटीवी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। बंदियों से उनकी समस्याएं सुनकर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने राजकीय अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास पहुंचकर छात्राओं से संवाद किया और व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। वहीं, अशरफी ग्रामोद्योग संस्थान वृद्धाश्रमश का निरीक्षण कर वहां आवासित बुजुर्ग माताओं का हालचाल जाना और उन्हें फल वितरित किए।

पीडब्ल्यूडी निरीक्षण भवन में आयोजित समीक्षा बैठक में सुश्री नीरज गौतम ने वंचितों और गरीबों तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में डीएफओ वेंकट श्रीकर पटेल, उप जिलाधिकारी सदर मोहित कुमार, परियोजना निदेशक अरुण कुमार उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी धर्मेंद्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू, जिला विद्यालय निरीक्षक राघवेंद्र सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, उपायुक्त उद्योग चंद्रभान सिंह, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विशाल कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी योगेंद्र सिंह, तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चन्द्र सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

150 शिक्षकों को एडुलीडर्स सम्मान से जिला पंचायत अध्यक्ष और बीएसए ने किया सम्मानित



मथुरा। स्वप्रेरित और ऊजार्वान टेक्नोसेवी शिक्षकों के समूह एडुलीडर्स द्वारा मथुरा स्थित केएम विश्वविद्यालय में आयोजित दो दिवसीय शैक्षिक समागम का भव्य समापन हुआ। शिक्षा में श्रीमद्भगवद्गीता आधारित मूल्यों का समावेश विषयक संगोष्ठी एवं एडुलीडर्स सम्मान समारोह 2026 के इस मंच से प्रदेश के 75 जनपदों से आए 150 उत्कृष्ट शिक्षकों को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए एडुलीडर्स सम्मान 2026 से नवाजा गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चैधरी, विशिष्ट अतिथि बीएसए श्रीमती रतन कीर्ति एवं एडूलीडर्स के संस्थापक राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ सर्वेष्ट ने किया। प्राथमिक विद्यालय सिहुरा द्वितीय (विकास खंड राया, मथुरा) की टीम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ हुआ। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं केएम विश्वविद्यालय के कुलाधिपति किशन चैधरी ने ब्रजभाषा में संस्मरण सुनाकर उपस्थित शिक्षकों को भाव-विभोर कर दिया। उन्होंने कहा गीता का निष्काम कर्म, स्थितप्रज्ञ और ध्यान योग का दर्शन विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य, एकाग्रता और निर्णय क्षमता को सुदृढ़ करने के लिए अत्यंत प्रासंगिक है। विशिष्ट अतिथि बीएसए मथुरा श्रीमती रतन कीर्ति ने एडुलीडर्स के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यदि शिक्षक हर बच्चे को अपना समझकर शिक्षा दे, तो शिक्षा का परिदृश्य पूरी तरह बदल जाएगा। डॉ. मनोज कुमार वार्ष्णेय (प्रवक्ता, आगरा) ने कहा कि शिक्षक की सफलता इसी में है कि वह बच्चे को योग्य, मुखर और प्रश्न पूछने में सक्षम बनाए। उन्होंने श्रेष्ठा योजना पर भी प्रकाश डाला। अतुल (स्वामी विवेकानंद मिशन, कन्याकुमारी ने इस बात पर बल दिया कि बच्चों को हर कार्य के बदले इनाम का लालच दिए बिना संस्कार दिए जाएं, तभी एक कुशल नागरिक का निर्माण संभव है।

मनीष (सीखो-सिखाओ फाउंडेशन) ने शिक्षकों को अपने शैक्षणिक नवाचारों को आपस में साझा करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के संयोजक एवं राष्ट्रपति पदक प्राप्त शिक्षक डॉ. सर्वेष्ट मिश्र ने टीम एडुलीडर्स द्वारा संचालित प्रदेशव्यापी गतिविधियों की जानकारी दी और अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। समागम में सत्यमेव जयते ट्रस्ट के मुकेश जैन, ऋषिकुल इंटरनेशनल स्कूल के प्रधानाचार्य मदन मोहन शर्मा, सीखो-सिखाओ फाउंडेशन के प्रतिनिधि संजीव सिंह, केएम यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. एन.सी. प्रजापति, रजिस्ट्रार डॉ. पूरन सिंह, रिसर्च सेंटर के डीन डॉ. अशोक कुमार तथा चांसलर सलाहकार डॉ. एस.पी. गोस्वामी सहित, जिला पंचायत अध्यक्ष के भ्राता भूप सिंह कुंतल सहित कई शिक्षाविदों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संयोजन मथुरा के शिक्षक नरेंद्र तिवारी एवं अरविंद शर्मा ने किया। इस दौरान मथुरा टीम द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रहीं। समारोह में प्रदेश भर से आए सैकड़ों शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

संस्कृति होटल मैनेजमेंट ने आयोजित की अग्निरहित पाक कला प्रतियोगिता

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी विभाग द्वारा एक रोचक एवं रचनात्मक अग्निरहित पाक कला प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस आयोजन में विद्यार्थियों को बिना अग्नि के भोजन तैयार करने की तकनीकों के माध्यम से अपनी पाक कला रचनात्मकता, नवाचार, प्रस्तुति कौशल, टीमवर्क तथा स्वस्थ एवं टिकाऊ भोजन तैयार करने संबंधी ज्ञान प्रदर्शित करने का अवसर मिला। होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने इस प्रतियोगिता में बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। उन्होंने विभिन्न प्रकार के रचनात्मक अग्निरहित व्यंजन प्रस्तुत किए। साथ ही भोजन तैयार करने, स्वच्छता, आकर्षक प्रस्तुति एवं नवीन पाक कला तकनीकों से संबंधित अपने व्यावहारिक ज्ञान का प्रदर्शन किया। आयोजन अनुभवात्मक एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण का एक उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर अपनी रचनात्मकता, आत्मविश्वास, टीमवर्क एवं व्यावसायिक कौशल को विकसित करने का अवसर मिला। होटल मैनेजमेंट विभाग के डीन डा. कुमार भास्कर ने विश्वविद्यालय के नेतृत्व, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, फैकल्टी सदस्यों एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों के प्रति उनके महत्वपूर्ण सहयोग एवं योगदान के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बताया कि अग्निरहित पाक कला प्रतियोगिता में सक्रिय रूप से प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को उनके सहभागिता के सम्मानस्वरूप ई-सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे। इस अनूठे कार्यक्रम में कुलपति डॉ. एम. बी. चेट्टी, डीन एकेडमिक्स डॉ. रेनू गुप्ता तथा डीन, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कॉमर्स डॉ. गंगाधर हुगर की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनकी उपस्थिति ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया तथा कार्यक्रम को विशेष महत्व प्रदान किया। कार्यक्रम का पूर्ण आयोजन डॉ. कुमार भास्कर के विशेष समन्वय एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में उनके समर्पित प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के आयोजन एवं संचालन में समर्पित फैकल्टी टीम के रूप में विकास कुमार, गगन शर्मा, मोहित रस्तोगी एवं कपिल शर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

डीजे बजाने वाले दो संचालकों पर एफआईआर दर्ज

गीडा, गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पिपरौली कस्बे में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान तेज आवाज में डीजे बजाने और ध्वनि मानकों का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने दो डीजे संचालकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 25 सितंबर को गणेश प्रतिमा विसर्जन जुलूस के दौरान पिपरौली कस्बे से लेकर ब्लॉक कार्यालय तक कुछ डीजे संचालकों द्वारा अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजाया गया था। इस कारण आसपास के निवासियों और राहगीरों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा और क्षेत्र में गंभीर ध्वनि प्रदूषण की स्थिति उत्पन्न हो गई। पिपरौली चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह को स्थानीय निवासियों से इस संबंध में शिकायत मिली थी। शिकायत का संज्ञान लेते हुए पुलिस ने जब 3 अक्टूबर को विसर्जन मार्ग की वीडियो रिकॉर्डिंग और फुटेज की जांच की तो दो डीजे संचालकों की लापरवाही स्पष्ट रूप से सामने आई। उप-निरीक्षक अमरेश कुमार सिंह की तहरीर पर गीडा पुलिस ने रविवार को द्वारका डीजे के संचालक द्वारिका निगम, निवासी ग्राम पिपरौली बाजार और गौरी डीजे के संचालक गौरी शंकर निगम, निवासी ग्राम पिपरौली बाजार के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 125, 223, 292, 280 तथा पर्यावरण संरक्षण अधिनियम की धारा 15 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

इस संबंध में गीडा थाना प्रभारी निरीक्षक अश्वनी पाण्डेय ने बताया कि विसर्जन कार्यक्रम से पूर्व थाना स्तर पर सभी डीजे संचालकों की एक बैठक आयोजित की गई थी।

ट्रक चालक ने हेल्पर को रास्ते में पीटा, जान से मारने की दी धमकी

मथुरा। थाना जैत क्षेत्र के छटीकरा के पास ट्रक चालक द्वारा अपने ही हेल्पर के साथ मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। घटना में हेल्पर के गंभीर चोटें आने का आरोप है। घायल के पिता ने थाना जैत में तहरीर देकर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार अलीगढ़ के थाना मंडराक क्षेत्र निवासी भगवती प्रसाद का पुत्र रामू ट्रक पर हेल्पर का काम करता है। वह हाथरस जिले के थाना हसायन क्षेत्र के भकुरी गांव निवासी मनोज कुमार पुत्र रघुवीर के साथ ट्रक पर कार्य करता था। आरोप है कि 13 सितंबर को मनोज कुमार रामू को लेकर छटीकरा थाना जैत क्षेत्र में पहुंचा। रास्ते में किसी बात को लेकर उसने रामू के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित के पिता का आरोप है कि मनोज ने रामू के साथ गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

गुरुनानक देव के ज्योति जोत दिवस पर उमड़ा आस्था का सैलाब



इटावा। सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं संस्थापक गुरुनानक देव के ज्योति जोत दिवस के पावन अवसर पर गुरुद्वारा गुरुतेग बहादुर साहिब में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर सैकड़ों सिख श्रद्धालुओं एवं सिख प्रेमियों ने गुरुद्वारे पहुंचकर गुरु नानक देव जी के चरणों में मत्था टेका और विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर गुरुद्वारा परिसर में भजन-कीर्तन एवं धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक सहभागिता की। पूरे परिसर में गुरु की महिमा और भक्ति से वातावरण भक्तिमय बना रहा। गुरुद्वारा प्रबन्ध कमेटी के अध्यक्ष तरन पाल सिंह कालरा ने सभी संगत से गुरुनानक देव के बताए मानवता, सेवा, समानता और भाईचारे के मार्ग पर चलने का संदेश दिया एवं गुरुनानक देव को कोटि-कोटि नमन करते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का सभी ने संकल्प लिया। गुरुद्वारा तेग बहादुर साहिब में सभी के भले की अरदास की गई एवं सभी संगत ने बड़े चाव से लंगर परसाद चखा। इस अवसर पर सरदार मनदीप सिंह, चरनजीत सिंह, दलजीत सिंह, जसवीर सिंह पप्पी

संक्षेप

वनप्लस लेकर आया दशहरा पर फेस्टिव सेल


नई दिल्ली। वनप्लस इंडिया ने अपने स्मार्टफोन, टेबलेट और ऑडियो प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफरों के साथ फेस्टिव सेल शुरू की है। रात्रि 12 बजे 8 अक्टूबर, 2026 शुरू होते ही इस सेल में ग्राहकों को वनप्लस पोर्टफोलियो पर कीमतों में भारी कमी, इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट, नो कॉस्ट ईएमआई और एक्सक्लुसिव बेनेफिट्स मिलना शुरू हो जाएंगे। इसलिए वनप्लस डिवाईस में अपग्रेड करने के लिए यह दशहरा एक बेहतरीन अवसर लेकर आया है ।यह सेल वनप्लस.इन, एमेजॉन.इन, वनप्लस स्टोर ऐप, वनप्लस एक्सपीरिएंस स्टोर्स और चुनिंदा ऑफलाईन पार्टनर स्टोर्स पर चलेगी। वहीं, आईओटी प्रोडक्ट्स फ्लिपकार्ट, मिंत्रा, ब्लिंकिट, रिलायंस क्रोमा और विजय सेल्स पर भी उपलब्ध होंगे। फेस्टिव लाईनअप में नया नॉर्ड बड्स 3आर जेड मिस्ट भी शामिल है ।एमेजॉन पर एसबीआई क्रेडिट एवं डेबिट कार्डधारकों के लिए लागू; फ्लिपकार्ट पर आईसीआईसीआई एवं एक्सिस क्रेडिट और डेबिट कार्डधारकों के लिए लागू ।केवल 14,999 रुपये के शुरूआती मूल्य से लेकर 81,999 रुपये में फ्लैगशिप डिवाईस वनप्लस 15 तक वनप्लस 15 सीरीज, वनप्लस 13एस, नॉर्ड 6 सीरीज और एन सीरीज पर बेहतरीन फेस्टिव ऑफर मिल रहे हैं। इन ऑफरों में फेस्टिव प्राईस ड्रॉप, इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट और नो कॉस्ट ईएमआई शामिल हैं ।वनप्लस पैड 4 खरीदने पर 4,500 रुपये तक का इंस्टैंट बैंक डिस्काउंट, साथ में कॉम्प्लिमेंटरी वनप्लस स्टाईलो प्रो मिलेगा। वहीं, वनप्लस पैड गो2 फ्री गो2 स्टाईलो के साथ आता है। वनप्लस पैड लाईट केवल 22,999 रुपये के स्पेशल फेस्टिव प्राईस में उपलब्ध है।

दिलजीत दोसांझ ने अपने रुपे ऑरा इंडिया टूर 2026 में और शहरों को किया शामिल

नई दिल्ली। अहमदाबाद में दिलजीत दोसांझ के होमकमिंग की शुरूआत हुई। अब, 'ऑरा' आगे का सफर तय करने के लिए तैयार है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में वर्ल्ड टूर की शानदार शुरूआत के ऐलान के बाद, 'रुपे ऑरा इंडिया टूर 2026' नवंबर और दिसंबर 2026 के बीच भारत के कई शहरों में आयोजित किया जाएगा।'ऑरा' के ब्लॉकबस्टर इंटरनेशनल टूर के बाद, 'बुकमायशो लाइव', बुकमायशो का लाइव एंटरटेनमेंट एक्सपीरियंस डिवीजन, और 'लाइव नेशन' मिलकर इस टूर को प्रोड्यूस और प्रमोट करेंगे और दोसांझ को देश भर के दर्शकों के सामने लाएंगे ।पूरे भारत में होने वाला यह टूर 1 नवंबर, 2026 को दिल्ली-एनसीआर में शुरू होगा। इसके बाद 15 नवंबर को इंदौर, 21 नवंबर को अहमदाबाद, 27 नवंबर को मुंबई, 29 नवंबर को बेंगलुरु और 5 दिसंबर को लखनऊ में कार्यक्रम होंगे। चंडीगढ़ भी इस टूर का हिस्सा होगा, जिसकी जानकारी जल्द ही दी जाएगी। छह हफ़्ते और कई शहरों में होने वाले इस टूर में दोसांझ भारत भर के दर्शकों के लिए अपना जबरदस्त लाइव परफॉर्मेंस पेश करेंगे ।टिकट सिर्फ. बुकमायशो पर मिलेंगे।

हिमालया बेबीकेयर ने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं की घोषणा की

नई दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने अपने गोल्डन गिफ्ट पैक कॉन्टेस्ट के विजेताओं के नामों की घोषणा की है। इस पहल के तहत माता-पिता को अपने नन्हें-मुन्नों के साथ बिताए अनमोल पलों



का जश्न मनाने और साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। कॉन्टेस्ट में उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम भारत से कुल 12 विजेताओं को चुना गया। इनमें चार विजेताओं को 1-1 लाख रुपए मूल्य का सोना और आठ विजेताओं को 10-10 हजार रुपये के सिल्वर वाउचर प्रदान किए गए, जिन्हें तनिष्क या कल्याण के कॉइन्स के रूप में प्राप्त किया जा सकता है। हिमालया बेबी गोल्डन गिफ्ट पैक को शुभ शुरूआत के लिए एक खास गोल्ड-एडिशन गिफ्ट पैक के तौर पर पेश किया गया था। इसके जरिए ग्राहकों को 'हिमालया गोल्डन मोमेंट्स प्रोग्राम' में हिस्सा लेने का अवसर मिला। इसमें हिस्सा लेने के लिए ग्राहकों को पैक के अंदर मौजूद लीफलेट को स्क्रैच करके एक यूनिक कोड प्राप्त करना था, क्यूआर कोड स्कैन करना था और अपने बच्चे के साथ बिताई किसी अनमोल याद को अपलोड करना था।

सेंसेक्स 473 अंक चढ़ा, निफ्टी 133.80 अंक ऊपर



नई दिल्ली। शेयर बाजार में चार दिन की गिरावट के बाद रौनक लौटी। सेंसेक्स 473 अंक ऊपर बंद हुआ, निफ्टी ने भी 22,550 का आंकड़ा पार किया। आईटीसी और बीएसई के शेयरों में तेजी दिखी। आइए इस बारे में विस्तार से जानते हैं।

भारतीय शेयर बाजार में चार दिन की लगातार गिरावट के बाद बुधवार को उतार-चढ़ाव के बीच जोरदार वापसी दिखी। प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 473 अंक से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुआ। निफ्टी ने भी 22,550 के महत्वपूर्ण स्तर को पार करने में सफलता हासिल की। सेंसेक्स 0.65 फीसदी की वृद्धि दर्ज करते हुए 72,382.47 अंक पर पहुंच गया। यह पिछले चार कारोबारी सत्रों की हानि को समाप्त करता है। निफ्टी में भी 0.60 फीसदी का मजबूत उछाल देखा गया। निफ्टी 133.80 अंक ऊपर चढ़कर 22,555.75 अंक पर बंद हुआ। डॉलर के मुकाबले रुपया 2 पैसे गिरकर 96.27 (अस्थायी) पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से आईटीसी, भारती एयरटेल, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख लाभ पाने वाले शेयरों में शामिल थे। वहीं, एचसीएल टेक, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा, इंफोसिस और एशियन पेंट्स पिछड़ने वाले शेयरों में रहे। बाजार विशेषज्ञों ने इस वापसी को सकारात्मक संकेत बताया है। यह निवेशकों के विश्वास को मजबूत करने में सहायक होगा। इस तेजी से बाजार में एक नई उम्मीद जगी है। बाजार में इस तेजी के पीछे कई प्रमुख शेयरों का शानदार प्रदर्शन रहा। आईटीसी के शेयरों में पांच फीसदी का बड़ा उछाल दर्ज किया गया। इसी तरह, बीएसई के शेयर भी चार फीसदी की मजबूत बढ़त के साथ बंद हुए। इन कंपनियों के बेहतर प्रदर्शन ने बाजार को ऊपर खींचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैश्विक बाजारों से मिले सकारात्मक संकेतों का भी भारतीय बाजार पर अनुकूल असर दिखा। लगातार चार दिनों की गिरावट के बाद बाजार में यह उछाल निवेशकों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।इससे बाजार में सकारात्मक माहौल बना है और अनिश्चितता कुछ हद तक कम हुई है। विश्लेषकों के अनुसार, यह तेजी आगे भी जारी रह सकती है, बशर्ते वैश्विक संकेत अनुकूल बने रहें। निवेशकों को सलाह दी गई है कि वे सावधानी के साथ निवेश के फैसले लें और बाजार पर नजर बनाए रखें। भारतीय रिजर्व बैंक ने गुरुवार को उनके नाम को मंजूरी दी। बागची 1992 से प्रतिद्वंद्वी आईसीआईसीआई बैंक और उसकी सहायक कंपनियों से जुड़े रहे हैं। वह शशिधर जगदीश के बाद पद संभालेंगे। जगदीश का छह साल का कार्यकाल अनैतिक आचरण और संदिग्ध शासन प्रथाओं के आरोपों से घिरा रहा था। उनकी नियुक्ति तीन साल के लिए है, यह जानकारी बैंक ने शेयर बाजार को दी। बाजारों में सोमवार को जोरदार सुधार देखा गया। हालिया सुधारात्मक रुझान से बाजार को राहत मिली और आधे फीसदी से अधिक की बढ़त हासिल हुई। वैश्विक संकेत अपेक्षाकृत सहायक रहे, क्योंकि कच्चे तेल की कीमतें हाल के उच्च स्तर से कम हुईं। ब्रेंट कच्चा तेल करीब 102 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर मंडरा रहा था, जिससे मुद्रास्फीति के मोर्चे पर कुछ राहत मिली। उम्मीद से नरम अमेरिकी रोजगार आंकड़ों ने भी अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा आक्रामक मौद्रिक सख्ती की उम्मीदें कम कीं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल 0.19 फीसदी बढ़कर 102.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर था। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख, विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी रोजगार आंकड़ों में नरमी और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार में सुधार देखा गया। इससे निवेशकों को निकट अवधि के ब्याज दर परिदृश्य का आकलन करने में कुछ राहत मिली। अब ध्यान भारतीय रिजर्व बैंक के नीतिगत फैसले और आगामी आय सत्र पर है। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुए थे। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफएफआई) ने गुरुवार को 9,484.22 करोड़ रुपये के शेयरों की बिक्री की थी। गुरुवार को सेंसेक्स 570.59 अंक या 0.79 फीसदी गिरकर 71,909.70 अंक पर बंद हुआ था। निफ्टी 198.50 अंक या 0.88 फीसदी गिरकर 22,421.95 अंक पर बंद हुआ था। गांधी जयंती के लिए शुक्रवार को शेयर बाजार बंद थे।

केएलएच हैदराबाद बनायेगा भारत का पहला एजेंटिक एआई कैंपस

हैदराबाद। केएलएच हैदराबाद ने आज अपनी एजेंटिक एआई कैंपस पहल की शुरूआत की और इसके साथ ही एचसीएल ग्रुप एआई लैब्स के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

इस पहल के जरिए संस्थान ने एक ऐसी कार्ययोजना पेश की है, जिसमें एआई आधारित शिक्षण और विद्यार्थियों के नवाचार को शैक्षणिक दृष्टिकोण के केंद्र में रखा गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य सभी विषयों के विद्यार्थियों को व्यावहारिक प्रोजेक्ट, शिक्षकों के मार्गदर्शन और उद्योग जगत के साथ जुड़ाव के माध्यम से बुद्धिमान तकनीकों को समझने, बनाने और उपयोग करने में सक्षम बनाना है। हैदराबाद के बाचुपल्ली स्थित केएलएच परिसर में आयोजित प्रेस मीट में एचसीएल ग्रुप एआई लैब्स के नेशनल हेड दीपक सरवनन ने इस पहल का औपचारिक उद्घाटन किया। इस पहल का लक्ष्य एआई को विद्यार्थियों के सीखने के अनुभव का स्वाभाविक हिस्सा बनाना है। कक्षा में अवधारणाओं को समझने से लेकर एप्लिकेशन विकसित करने तक, विद्यार्थियों को एआई की मदद से समस्याओं को परखने, नए विचारों को आजमाने और उद्योग व समाज के काम आने वाले समाधान तैयार करने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सोना-चांदी में भारी गिरावट



नई दिल्ली। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सोना 2,600 रुपये गिरकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ, जबकि चांदी 5,000 रुपये लुढ़ककर 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई।

मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और अमेरिका-ईरान तनाव को इस गिरावट का मुख्य कारण बताया गया है। सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने और चांदी की कीमतों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सोना 2,600 रुपये गिरकर 1.5 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। वहीं, चांदी भी 5,000 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 2.32 लाख रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। वैश्विक बाजारों में तेज बिकवाली, कच्चे तेल की बढ़ती दरों और मजबूत अमेरिकी डॉलर को इस गिरावट का मुख्य कारण बताया गया है। 99.9 फीसदी शुद्धता वाला यह पीला धातु पिछले सत्र में 1,52,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, चांदी शुक्रवार को 2.37 लाख रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी, जिसमें सभी कर शामिल थे। ब्रोकरेज प्लेटफॉर्म लेमन के रिसर्च प्रमुख गौरव गर्ग ने बताया कि अमेरिकी डॉलर के मजबूत होने से कीमती धातुओं पर दबाव बना। कच्चे तेल की दरों में वृद्धि भी इस गिरावट का एक अहम कारण रही।

सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में कमी देखी गई। इसका मुख्य कारण अमेरिकी डॉलर का लगातार मजबूत होना था। मजबूत डॉलर आमतौर पर कीमती धातुओं को निवेशकों के लिए कम आकर्षक बनाता है। इससे निवेशकों का रुझान डॉलर की ओर बढ़ता है।

रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर ने पेश किया सीमित संस्करण का स्नीकर

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर Choose Bold को सिर्फ एक सोच से आगे बढ़ाकर एक आंदोलन का रूप दे रहा है। इसी सोच के साथ ब्रांड ने भारत की तेजी से लोकप्रिय हो रही स्ट्रीटवियर संस्कृति में कदम रखा है और देश के अपने ब्रांड गली लैब्स के साथ मिलकर सीमित संस्करण का एक खास स्नीकर पेश किया है। यह साझेदारी रॉयल चैलेंज पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर की बेखौफ अंदाज में खुद को व्यक्त करने की भावना को गली लैब्स की खास स्ट्रीट-केंद्रित डिजाइन शैली से जोड़ती है। नतीजा है ऐसा स्नीकर, जो आपके एक कदम बढ़ाने से पहले ही अपनी पहचान बना देता है। क्रिकेट के स्टेडियमों से लेकर ई-स्पोर्ट्स के मैदानों तक, ब्रांड लगातार उन जगहों पर अपनी मौजूदगी दर्ज कराता रहा है, जहाँ युवा संस्कृति आकार ले रही है। ब्रांड उन खिलाड़ियों, रचनाकारों और समुदायों का समर्थन करता रहा है, जो तय परंपराओं को चुनौती देते हैं और सीमाओं को आगे बढ़ाते हैं। अब गली लैब्स की खास स्ट्रीट-केंद्रित डिजाइन सोच के साथ ब्रांड इसी जज्बे को मैदान और पर्दे से आगे सड़कों तक ले जा रहा है। Choose Bold को एक नया रूप दिया जा रहा है, जिसे लोग अपनी पहचान के अनुरूप अपना सकते हैं और हर दिन पहन सकते हैं।

भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत

नई दिल्ली। टाटा संस के अध्यक्ष चंद्रशेखरन ने भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था पर प्रकाश डाला। उन्होंने दीर्घकालिक वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा, उन्नत विनिर्माण रोजगार और मानव पूंजी में निवेश को महत्वपूर्ण बताया। गुणवत्ता और घरेलू क्षमताओं के विकास पर जोर दिया।

टाटा संस के अध्यक्ष चंद्रशेखरन ने कहा है कि अनिश्चित और कठिन वैश्विक माहौल में भी भारत की अर्थव्यवस्था मजबूत है। उन्होंने सोमवार को इंडियन फाउंडेशन फॉर क्वालिटी मैनेजमेंट (आईएफक्यूएम) संगोष्ठी 2026 में यह बात कही। चंद्रशेखरन ने दीर्घकालिक वृद्धि के लिए ऊर्जा सुरक्षा, उन्नत विनिर्माण रोजगार और मानव पूंजी में निवेश को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने 'विकसित भारत 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने पर जोर दिया। चंद्रशेखरन ने कहा कि देश कई संकेतकों पर स्थिर और मजबूत स्थिति में है। भारत की वृद्धि मजबूत घरेलू मांग, सेवा निर्यात और अनुकूल नीतिगत माहौल से समर्थित है। उन्होंने ऑटो बिक्री, ऋण वृद्धि, बिजली और सीमेंट जैसे उच्च-आवृत्ति संकेतकों में दोहरे अंकों की मांग का उल्लेख किया। चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद के एक फीसदी से कम है। मजबूत सेवा निर्यात, विदेशी मुद्रा भंडार और बैंकों के कम एनपीए भी अर्थव्यवस्था की मजबूती दर्शाते हैं। उन्होंने गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करने और वर्तमान असेंबली-आधारित वृद्धि से हटकर पूर्ण उत्पाद क्षमताओं की ओर बढ़ने पर जोर दिया। चंद्रशेखरन ने कहा कि 'विकसित भारत 2047' के लिए विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा, संस्थान और बौद्धिक संपदा आवश्यक हैं।

चंद्रशेखरन ने कहा कि दीर्घकालिक वृद्धि बनाए रखने के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करना मौलिक है। उन्होंने उन्नत और सटीक विनिर्माण रोजगारों पर भी बल दिया। कम उत्पादकता वाले कृषि कार्यबल से उच्च उत्पादकता वाले विनिर्माण और आधुनिक सेवाओं की ओर बदलाव जरूरी है। इसके लिए सही क्षेत्रों में निवेश की जरूरत है। मानव संसाधनों में निवेश, जैसे शिक्षा और कौशल विकास, भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने गुणवत्ता को केवल एक परिणाम के रूप में न देखने की सलाह दी। टोयोटा का उदाहरण देते हुए, उन्होंने बताया कि गुणवत्ता नवाचार और प्रतिस्पर्धात्मकता का प्रमुख चालक बनी। जर्मनी जैसे राष्ट्रों ने गुणवत्ता पर ध्यान केंद्रित करके अपनी राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त बदली। भारत को भी उत्पादों की इंजीनियरिंग, मानक निर्धारण और आपूर्तिकर्ता पारिस्थितिकी तंत्र में ऐसे बदलाव की आवश्यकता है। भारतीय विनिर्माताओं को गुणवत्ता के साथ सतत विनिर्माण प्रक्रियाओं को एकीकृत करना चाहिए। चंद्रशेखरन ने असेंबली-आधारित वृद्धि से अंत-से-अंत तक घरेलू क्षमता की ओर बढ़ने का सवाल उठाया। असेंबली-आधारित वृद्धि मजबूत एसएमई खंड बनाने में महत्वपूर्ण है। लेकिन पूर्ण उत्पाद और क्षमताओं की एक श्रृंखला बनाने के लिए अनुसंधान और विकास में निवेश चाहिए। बौद्धिक संपदा का निर्माण और बाजार के साथ तालमेल बिठाना भी जरूरी है।

बी यू नेचुरल ने लखनऊ में नये सैलून के साथ 25 सैलून का आंकड़ा किया पार

लखनऊ। भारत की यूनिसेक्स सैलून चेन बी यू नेचुरल, जो किफायती कीमतों पर बेहतर और प्रीमियम अनुभव उपलब्ध कराने के लिए जानी जाती है, ने लखनऊ के आशियाना में अपने नए सैलून के उद्घाटन के साथ 25 सैलून का महत्वपूर्ण मुकाम हासिल कर लिया है।

यह उपलब्धि 2015 में एक सैलून से शुरू हुई कंपनी की उस यात्रा में एक अहम पड़ाव है, जिसने पूरी तरह कंपनी के स्वामित्व और कंपनी द्वारा संचालित (सीओसीओ) मॉडल पर आधारित एक बहु-शहर नेटवर्क का रूप ले लिया है। आशियाना स्थित नया बी यू नेचुरल झ्र द हेरिटेज सैलून लखनऊ में ब्रांड का तीसरा और उत्तर प्रदेश में 15वां आउटलेट है, जिससे उत्तर प्रदेश कंपनी का सबसे बड़ा बाजार बन गया है। इस सैलून का उद्घाटन रविवार, 4 अक्टूबर को सेक्टर-एल, कानपुर रोड योजना, खजाना मार्केट, आशियाना स्थित परिसर में किया गया।

नवंबर 2015 में स्थापित बी यू नेचुरल की शुरूआत इस विचार के साथ हुई थी कि उच्च गुणवत्ता वाली प्रोफेशनल सैलून सेवाओं को किफायती कीमतों पर अधिक से अधिक भारतीय उपभोक्ताओं तक पहुंचाया जाए। पिछले एक दशक में कंपनी ने स्थानीय सैलून और महंगे लग्जरी सैलून चेन के बीच एक ऐसा स्थान बनाने की दिशा में काम किया है, जहां प्रोफेशनल सेवाओं, स्वच्छता और एक समान ग्राहक अनुभव के साथ किफायती कीमतों का संतुलन कायम किया जा सके। बी यू नेचुरल के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक दीपक शर्मा ने कहा, 25 सैलून का आंकड़ा हमारे लिए भावनात्मक रूप से बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन हम इसे मंजिल के बजाय एक शुरूआत के रूप में देखते हैं। 2015 में एक सैलून से शुरू हुआ यह सफर कभी सिर्फ सैलून व्यवसाय खड़ा करने के उद्देश्य से नहीं था। हमारा बड़ा विचार यह देखना था कि क्या प्रीमियम गुणवत्ता वाली सेवाएं, बेहतर हाइजीन और प्रोफेशनल तरीके से संचालित ग्राहक अनुभव को किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराया जा सकता है और फिर क्या इस मॉडल को बड़े स्तर पर दोहराया जा सकता है।

पेज एक का शेष

संस्कृत के

भी वैदिक गणित की शिक्षा शुरू की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से इस संबंध में आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल संवाद की भाषा नहीं, बल्कि भारतीय ज्ञान परंपरा का व्यापक आधार है। वेद, उपनिषद, दर्शन, व्याकरण, आयुर्वेद, गणित, ज्योतिष, साहित्य और न्याय जैसी ज्ञान परंपराएं संस्कृत से जुड़ी रही हैं। इसलिए संस्कृत शिक्षा को आधुनिक शिक्षा से जोड़कर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

रक्षा मंत्री ने कहा कि आधुनिक होने का मतलब केवल नई तकनीक का इस्तेमाल करना या अंग्रेजी बोलना नहीं है। आधुनिक सोच का वास्तविक अर्थ बदलती परिस्थितियों और नई चुनौतियों को समझने की क्षमता विकसित करना है। उन्होंने कहा कि नारायण संस्कृत महाविद्यालय से ऐसे विद्यार्थी निकलें, जो न्याय और मीमांसा जैसे विषयों का अध्ययन करने के साथ आधुनिक समाज की समस्याओं को भी समझ सकें। राजनाथ सिंह ने संत और गुरु की भूमिका को व्यक्ति के आंतरिक विकास से जोड़ा। उन्होंने कहा कि संत व्यक्ति को भीतर की शांति का अनुभव कराते हैं, जबकि गुरु उस शांति तक पहुंचने का मार्ग दिखाते हैं। दोनों का उद्देश्य मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान और भ्रम से स्पष्टता की ओर ले जाना है। उन्होंने कहा कि उदासीनता का अर्थ संसार से विमुख होकर भाग जाना नहीं, बल्कि सांसारिक मोह से मुक्त होकर समाज की सेवा करना है। अयोध्या को उन्होंने केवल भौगोलिक स्थान नहीं, बल्कि भारतीय चेतना और संस्कृति का केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि अयोध्या अपने प्राचीन गौरव की ओर आगे बढ़ रही है और इसमें संत समाज का योगदान महत्वपूर्ण है। राजनाथ सिंह ने उदासीन ऋषि आश्रम के महंत डॉ. भरत दास महाराज, संतों, ब्रह्मचारियों, कर्मचारियों और श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताते हुए आश्रम की निरंतर प्रगति की कामना की। कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय सहित विधायक, पूर्व सांसद और अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

राज्यसभा चुनाव

प्रतिनिधित्व का संतुलन बनाकर भाजपा ने यह संदेश देने की कोशिश की है कि चुनावी रणनीति में संगठन और सामाजिक समीकरण दोनों बराबर महत्वपूर्ण हैं।

16 अक्टूबर को होगा मतदान

प्रदेश की 10 राज्यसभा सीटों के लिए 16 अक्टूबर को मतदान होगा। नामांकन की अंतिम तिथि मंगलवार है। मौजूदा सदस्यों का कार्यकाल 25 नवंबर में पूरा हो रहा है। भाजपा ने आठ उम्मीदवारों की घोषणा कर चुनावी मैदान को औपचारिक रूप से सजा दिया है। अब निगाहें नामांकन के बाद बनने वाले अंतिम समीकरण और सपा की अगली रणनीति पर हैं। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले होने वाला यह चुनाव दोनों दलों के लिए अपने विधायकों के साथ-साथ सामाजिक और राजनीतिक आधार को परखने का भी मौका होगा।

फैजुल्लागंज से

बचाव में मदद कराने के बारे में भी विमर्श किया। इस पर सीएम ने उन्हें बताया कि सरकार ने इसे स्वीकृत कर दिया है, धनराशि अवमुक्त करते हुए यह कार्य जल्द आगे बढ़ाएंगे। ऐसी पुख्ता व्यवस्था करेंगे तो हर सीजन में तटबंध उपयोगी होगा। बरसात में नदी का पानी उधर नहीं आएगा और इध? का पानी पंपिंग सेट के जरिए नदी की तरफ डाल दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि एलडीए ने ग्रीन कॉरिडोर बनवाया है, यह सड़क और सुरक्षा दोनों का काम कर रहा है। इसी तरह तटबंध पर चलने की भी व्यवस्था कराएंगे। सीएम ने बाढ़ पीड़ितों से अपील की कि संकट की इस घड़ी में हम सभी मिलकर आपदा का सामना करें। गांव से बाहर आए लोगों के लिए खुले में सोने की बजाय स्कूल, मैरिज हॉल में व्यवस्था करें। वहां गर्म भोजन, बच्चों को दूध, गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार, पशुओं के चारे, भूसा-चोकर की व्यवस्था हो। पशुओं की सुरक्षा व संरक्षण पर जोर देते हुए सीएम ने कहा कि पानी के कारण पशुओं को होने वाली बीमारी से भी बचाव की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने अकड़रिया कला गांव में बाढ़ पीड़ितों से संवाद करते हुए कहाकि 10 दिन में 50 से अधिक जनपदों में भारी बारिश हुई है, जिससे तमाम नदियों के जलस्तर में काफी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि में लखनऊ भी था, लेकिन उस दौरान गोमती नदी का जलस्तर इतना नहीं बढ़ा था, लेकिन पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, सीतापुर व नेपाल में हुई बारिश के कारण पांच-छह दिन बाद पानी नीचे आने से गोमती नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस कारण बख्शी का तालाब, लखनऊ उत्तर, फैजुल्लागंज से लेकर नैमिष तक यह क्षेत्र जल पलावन और बाढ़ से जूझ रहा है। मुख्यमंत्री ने बाढ़ पीड़ितों को विश्वास दिलाया कि डबल इंजन सरकार आपके साथ खड़ी है। मैं लगातार यहां की स्थिति का आकलन करते हुए इस पर नजर रखा हूं। आज पीड़ित क्षेत्रों में पहुंचकर राहत कार्यों को भी देखा है। हमारे जनप्रतिनिधि निरंतर राहत-बचाव कार्यों में जुटे हैं और प्रशासन के साथ पीड़ितों की हरसंभव मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि राहत-बचाव कार्य के लिए प्रशासन को पर्याप्त धनराशि उपलब्ध कराई गई है। बाढ़ से डूबे गांव- मोहल्लों में हर परिवार के लिए सूखा राशन (10 किलो चावल, 10 किलो आटा, 10 किलो आलू, दो किलो अरहर दाल, एक लीटर रिफाइंड/सरसों का तेल, नमक, मिर्च, मसाला, बरसाती, बाल्टी, लाई-भूजा, मोमबत्ती, माचिस) आदि उपलब्ध कराया गया है। गाय, बकरी, भैंस, बकरी, घोड़ा आदि पालतू पशुओं के चारे, छोटे बच्चों के दूध, स्वास्थ्य/पशु चिकित्सालय शिविर के लिए भी प्रशासन को निर्देशित किया गया है।

गांवों की सुरक्षा

परिवार को चार लाख की सहायता देने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने प्रशासन को निर्देश दिया कि घर क्षतिग्रस्त होने पर प्रधानमंत्री-मुख्यमंत्री आवास, जनहानि, पशुहानि और किसानों की फसल के नुकसान पर सर्वे कराकर किसानों को मुआवजा तत्काल दिलाया जाए, जिससे किसान के साथ सरकार का संबल दिखे।

लापरवाही करने

शिथिलता को निदेशक ने गंभीरता से लिया। उच्चाधिकारियों के निदेर्शों के अनुपालन में गंभीर लापरवाही एवं अपेक्षित कार्रवाई न किए जाने के दृष्टिगत मंडी सचिव श्री मुकेश जायसवाल के निलंबन की कार्रवाई की जा रही है। निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने स्पष्ट किया कि मंडी परिसरों में स्वच्छता, सुव्यवस्था, अतिक्रमणमुक्त वातावरण तथा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो तथा शासन की मंशा के अनुरूप किसानों के हित में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि मंडी व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं किसान हितैषी बनाने के लिए नियमित निरीक्षण एवं अनुश्रवण जारी रहेगा तथा कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

एसआईआर

स्पष्ट किया था कि फॉर्म-6 में शामिल किए गए नए घोषणा-पत्र (डिक्लेरेशन) को सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी हासिल थी। चुनाव आयोग के अनुसार, मतदाता पंजीकरण प्रक्रिया को और अधिक सटीक बनाने के उद्देश्य से यह अतिरिक्त शर्त जोड़ी गई थी। न्यायमूर्ति बागची ने आगे कहा, ₹यदि रिकॉर्ड से यह साबित होता है कि कोई निर्णय सर्वसम्मति से नहीं लिया गया था, तो हम ऐसे फैसलों पर रोक लगाएंगे और उन्हें अधिकार क्षेत्र से बाहर घोषित करेंगे। लेकिन क्या हम पहले ही बिना रिकॉर्ड देखे एकतरफा यह मान लें कि सभी फैसले मनमाने थे? हम आयोग से एक स्पष्ट और पारदर्शी जवाब की अपेक्षा करते हैं।

फॉर्म 6 वह आधिकारिक आवेदन पत्र है, जिसके माध्यम से कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन करता है। इस फॉर्म में आवेदक का नाम, संबंधी (पिता/पति आदि) का विवरण, लिंग, जन्मतिथि, वर्तमान पता और पहचान/सत्यापन दस्तावेज की जानकारी देनी होती है। दिशानिदेर्शों में यह भी प्रावधान है कि यदि आवेदक को अपने निर्वाचन क्षेत्र का नाम या क्रमांक ज्ञात नहीं है, तो केवल इस आधार पर उसका आवेदन खारिज नहीं किया जा सकता। यदि निर्धारित दस्तावेज उपलब्ध नहीं हैं, तो मतदाता पंजीकरण अधिकारी द्वारा सत्यापन किया जाएगा ।हालांकि, आवेदकों को एक घोषणा पत्र भी भरना होता है, जिसमें चेतावनी दी गई है कि झूठा बयान देना लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 31 के तहत दंडनीय है। यह आवेदन आवेदक के सामान्य निवास क्षेत्र के मतदाता पंजीकरण अधिकारी (एफ्ड) को भेजा किया जाता है।

याचिकाकताओं ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग ने 'मतदाता पंजीकरण नियम, 1960' में कोई औपचारिक संशोधन किए बिना ही अपने सॉफ्टवेयर के जरिए फॉर्म-6 में रक्फ़से जुड़ी अतिरिक्त शर्तें जोड़ दी हैं। इसके तहत नए आवेदकों से उनके वंशज (पिता या दादा का विवरण) और पिछले एसआईआर से जुड़े संदर्भ मांगे जा रहे थे। याचिकाकताओं ने यह भी आरोप लगाया है कि चुनाव आयुक्त विवेक जोशी ने प्रक्रियात्मक बदलावों पर कड़ी आपत्ति जताई थी, जिसे बाद में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू का भी समर्थन मिला।

दुर्घटनाग्रस्त होने

बोइंग 777-200ईआर था और करीब 30 साल पुराना बताया गया है। उड़ान भरने के करीब एक घंटे बाद विमान 37 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचा। इसके बाद विमान में अचानक से विमान तेजी से नीचे आने लगा।



दूसरे यूथ टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया 174 पर ऑलआउट

तन्मय बालोदा ने पहली पारी में 6 विकेट लिए, पहले दिन भारत का स्कोर 38/2

एजेंसी



नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम दूसरे यूथ टेस्ट की पहली पारी में 174 रन पर ऑलआउट हो गई। अहमदाबाद में खेले जा रहे मुकाबले के पहले दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 2 विकेट पर 38 रन बना लिए हैं। कुशाग्र ओझा 13 और कप्तान यशबर्धन चौहान 7 रन बनाकर नाबाद लौटे। लक्ष्य रायचंदानी ने 1 और सागर विर्क ने 16 रन बनाए। भारत ने पहला यूथ टेस्ट पारी और 48 रन से जीता था। चार्ली हेंडरसन ने सबसे ज्यादा 37 रन की पारी खेली, जबकि नील पटेल ने 31 और जैकब पिट्ज ने 26 रन बनाए। भारत के लिए तनमय बालोदा सबसे सफल गेंदबाज रहे।

उन्होंने 25 ओवर में 32 रन देकर 6 विकेट लिए। बालोदा ने हेंडरसन, पिट्ज, थॉमस वासेओ, पैट्रिक सुलिवन समेत 6 बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा। अयान अकरम ने 2 विकेट लिए। मोहित उल्वा और प्रियांशु सिंह को 1-1 सफलता मिली। ऑस्ट्रेलिया की पारी में सिर्फ 4 बल्लेबाज ही 20+ रन बना सके, जबकि टीम का रनरेट 2.38 रहा। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की शुरूआत खराब रही। टीम ने 65 रन तक 6 विकेट गंवा दिए। इसके बाद जैकब पिट्ज (26) और चार्ली हेंडरसन (37) ने पारी संभाली और टीम को 135 रन तक पहुंचाया। ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम 174 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत के लिए तन्मय बालोदा ने 6 विकेट लिए। पूर्व भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 2026-27 रणजी ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलने के लिए उपलब्ध हैं। वे मुंबई के पहले एलीट ग्रुप ऊ मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ खेल सकते हैं। मुंबई और चंडीगढ़ के बीच यह मुकाबला 11 अक्टूबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच आईपीएल 2026 में खेला था। वहीं दूसरी ओर इंदौर के होलकर स्टेडियम में 11 अक्टूबर को भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले की तैयारियां तेज हो गई हैं। मैच से पहले दोनों टीमों के खिलाड़ियों की डाइट, हाइड्रेशन और रिकवरी का खास ध्यान रखा जा रहा है। इसी बीच वेस्टइंडीज टीम ने इंदौर में नारियल पानी का एक्स्ट्रा स्टॉक रखने की विशेष मांग की है। वेस्टइंडीज टीम के मैनेजर ने मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन से फोन पर एक्स्ट्रा नारियल पानी उपलब्ध रखने का आग्रह किया है। एमपीसीए के सीईओ रोहित पंडित के मुताबिक, खिलाड़ियों के लिए सामान्य तौर पर नारियल पानी की व्यवस्था रहती है, लेकिन इस बार वेस्टइंडीज टीम ने इसकी अतिरिक्त उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। इंदौर में बारिश के बाद अब तापमान बढ़ने के साथ गर्मी और ड्राई हीट का असर दिखाई दे रहा है। ऐसे में मैदान पर लगातार दौड़ने, फील्डिंग और बल्लेबाजी-गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ियों के लिए हाइड्रेशन अहम है। टीम प्रबंधन चाहता है कि खिलाड़ियों को जरूरत के समय नारियल पानी आसानी से उपलब्ध हो। दोनों टीमों के खिलाड़ियों की पसंद और जरूरत के अनुसार भोजन की व्यवस्था की जा रही है।

डाइट में वेजेटेरियन विकल्प ज्यादा रखे गए हैं। खिलाड़ियों की फिटनेस और मैच के बाद रिकवरी को ध्यान में रखते हुए खान-पान तैयार किया जाएगा। मैच और अभ्यास सत्र के बाद खिलाड़ियों की रिकवरी के लिए आइसबाथ टब की व्यवस्था भी की जा रही है। टी-20 में लगातार शारीरिक गतिविधि के चलते खिलाड़ियों पर पड़ने वाले दबाव को देखते हुए रिकवरी सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भारतीय टीम के लिए रेडिसन होटल और वेस्टइंडीज टीम के लिए मैरियट होटल में ठहरने की व्यवस्था की गई है। दोनों टीमों के इंदौर पहुंचने से पहले होटल, अभ्यास, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। 11 अक्टूबर को इंदौर के होलकर स्टेडियम में भारत और वेस्टइंडीज के बीच होने वाले टी-20 मुकाबले की तैयारियां अब आधुनिक तकनीक के साथ की जा रही हैं।

सूर्यकुमार यादव रणजी ट्रॉफी में वापसी

मुंबई। पूर्व भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 2026-27 रणजी ट्रॉफी खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। वे मुंबई के लिए पहले एलीट ग्रुप डी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ खेल सकते हैं। यह मुकाबला 11 अक्टूबर से मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा। सूर्यकुमार ने आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच आईपीएल 2026 में खेला था। वहीं शार्दूल ठाकुर हाथ की चोट के कारण शुरूआती कुछ मैचों में नहीं खेल पाएंगे। उनकी गैरमौजूदगी में तुषार देशपांडे मुंबई के तेज गेंदबाजी अटैक की अगुआई करेंगे। सूर्यकुमार ने फरवरी 2025 में नागपुर में विदर्भ के खिलाफ मुंबई के लिए आखिरी रणजी मैच खेला था। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, उन्होंने घरेलू रेड-बॉल टूर्नामेंट के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के एक सूत्र ने टाइम्स ऑफ इंडिया से कहा, सूर्या ने एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक को आगामी रणजी ट्रॉफी के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि की है। सूर्यकुमार ने अब तक 86 फर्स्ट-क्लास मैच खेले हैं। उनके नाम 5,758 रन हैं। उन्होंने 144 पारियों में 14 शतक और 30 अर्धशतक लगाए हैं। उनका बल्लेबाजी औसत 42.33 है। टी-20 वर्ल्ड कप 2026 जीतने के बाद सिलेक्शन कमेटी ने उन्हें कप्तानी से हटा दिया और श्रेयस अय्यर को नया कप्तान बनाया। यहां तक आयरलैंड, इंग्लैंड, जिम्बाब्वे, अफगानिस्तान और जापान सीरीज की टीमों में भी उन्हें शामिल नहीं किया गया। सिलेक्टर्स ने उनके खराब फॉर्म को वजह बताया। शार्दूल को लेकर एमसीए के एक सूत्र के मुताबिक, शार्दूल को हाथ में चोट तब लगी, जब आयुष म्हात्रे के लगाए शॉट से गेंद उनके हाथ पर लगी। इस चोट के कारण वह कुछ मैचों से बाहर रह सकते हैं। रणजी ट्रॉफी इतिहास की सबसे सफल टीम मुंबई के लिए सीजन शुरू होने से पहले शार्दूल की गैरमौजूदगी बड़ा झटका है। 34 साल के शार्दूल ने पिछले सीजन मुंबई के लिए छह मैच खेले थे। उन्होंने 13 विकेट लिए थे और आठ पारियों में 130 रन बनाए थे। शार्दूल का आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच वेस्ट जोन के लिए दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल में था। यह मुकाबला बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में नॉर्थ जोन के खिलाफ हुआ था। उस मैच की दोनों पारियों में शार्दुल केवल एक विकेट ले सके थे। तेज गेंदबाज आकाशदीप और मुकेश कुमार की न्यूजीलैंड दौरे से टेस्ट टीम में वापसी हो सकती है। बंगाल से खेलने वाले दोनों पेसर्स ने ईरानी कप में 14 विकेट लेकर अपनी दावेदारी पेश की है। न्यू चंडीगढ़ में शनिवार को भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए तीसरे और आखिरी वनडे में स्लो ओवर-रेट के लिए आईसीसी ने दोनों टीमों पर जुमार्ना लगाया है। भारतीय खिलाड़ियों की मैच फीस का 20% और वेस्टइंडीज खिलाड़ियों की मैच फीस का 10% काटा जाएगा। टाइम अलाउंस को ध्यान में रखने के बाद भारत 4 ओवर और वेस्टइंडीज 2 ओवर पीछे रही। आईसीसी के खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के मुताबिक, तय समय में ओवर पूरे नहीं करने पर हर कम ओवर के लिए खिलाड़ियों की मैच फीस का 5% जुमार्ना लगाया जाता है। इसी नियम के तहत भारत पर 4 ओवर कम करने के लिए 20% और वेस्टइंडीज पर 2 ओवर कम करने के लिए 10% जुमार्ना लगाया गया। आईसीसी इंटरनेशनल पैनल ऑफ मैच रेफरी के प्रकाश भट्ट ने दोनों टीमों पर जुमार्ना लगाया। दोनों कप्तानों ने आरोप स्वीकार कर प्रस्तावित सजा मान ली। इसलिए मामले में औपचारिक सुनवाई की जरूरत नहीं पड़ी। स्लो ओवर-रेट के चार्ज ऑन-फील्ड अंपायर जयरामन मदनगोपाल और सैम नोगाज्स्की ने लगाए। थर्ड अंपायर शराफुद्दौला इब्ने शाहिद और फोर्थ अंपायर वीरेंद्र शर्मा भी चार्ज लगाने की प्रक्रिया में शामिल थे। न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीसरे वनडे में वेस्टइंडीज ने भारत को 5 विकेट से हरा दिया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 7 विकेट पर 351 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने कप्तान शाई होप की नाबाद 162 रन की पारी के दम पर 48.2 ओवर में 5 विकेट पर 352 रन बनाकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



संक्षेप

साउथ अफ्रीका टी-20 लीग के 5 साल पूरे

नयी दिल्ली। साउथ अफ्रीका की टी-20 लीग ने अपने 5 साल पूरे कर लिए हैं। 10 जनवरी 2023 को केपटाउन के न्यूलैंड्स में इसका पहला मैच खेला गया था। अब तक लीग के 16 लाख से ज्यादा टिकट बिक चुके हैं। वहीं टीवी पर 50 करोड़ से अधिक लोगों ने इसके मैच देखे हैं। सोशल मीडिया पर भी लीग के फॉलोअर्स की संख्या 40 लाख पहुंच गई है। 5वां सीजन 17 जनवरी 2027 से शुरू होगा। पहले मैच में पिछले सात के फाइनलिस्ट सनराइजर्स ईस्टर्न केप और प्रिटोरिया कैपिटल्स भिड़ेंगे। एस20 के पहले चार सीजन में सिर्फ दो टीमें चैंपियन बनी हैं। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने 2023, 2024 और 2026 में खिताब जीता। टीम 2025 में भी फाइनल में पहुंची थी। हालांकि तब टक केपटाउन ने अपना ट्रॉफी अपने नाम की। पांचवें सीजन में साउथ अफ्रीका के कई स्टार खिलाड़ी नजर आएंगे। इनमें डेविड मिलर, कगिसो रबाडा, एडेन मार्करम, लुंगी एनगिडी और ryan रिकेल्टन शामिल हैं। इंटरनेशनल खिलाड़ियों में जोस बटलर, सुनील नरेन, राशिद खान, फिल सॉल्ट और मिचेल मार्श भी लीग का हिस्सा होंगे। सीजन-5 के लिए खिलाड़ियों का ऑक्शन 7 अक्टूबर को जोहान्सबर्ग में होगा। इसमें 19 खिलाड़ी स्लॉट उपलब्ध हैं और चार फ्रेंचाइजियों के पास कुल 2.10 मिलियन डॉलर खर्च करने की सीमा है।

पाकक्रिकेटर हसन नवाज का पुराना वीडियो वायरल

नयी दिल्ली। एशियन गेम्स फाइनल में भारत के खिलाफ 96 रन बनाने वाले पाकिस्तानी क्रिकेटर हसन नवाज का पुराना वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वे कहते हैं कि उन्हें भारत के हर गेंदबाज से नफरत है। वीडियो में जब एंकर उनसे पूछते हैं कि क्या दुनिया में कोई ऐसा गेंदबाज है, जिसे वह मैदान पर आते ही निशाना बनाना चाहते हैं। इस पर वे हर भारतीय गेंदबाज का नाम लेते हैं। जापान में एशियन गेम्स का मेंस क्रिकेट फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया था। भारत ने 19 रन से पाकिस्तान को हराकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। हसन नवाज का यह बयान एशियन गेम्स के पहले का है। उनका यह पुराना इंटरव्यू अप्रैल 2026 में सामने आया था। भारत और पाकिस्तान के बीच एशियन गेम्स 2026 का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 211 रन बनाए। अभिषेक शर्मा ने 61 रन की पारी खेली। तिलक वर्मा 51 रन बनाकर नाबाद रहे।

आकाशदीप-मुकेश की न्यूजीलैंड दौरे लिए 14 विकेट

एजेंसी



नयी दिल्ली। तेज गेंदबाज **आकाशदीप** और मुकेश कुमार की न्यूजीलैंड दौरे से टेस्ट टीम में वापसी हो सकती है। बंगाल से खेलने वाले दोनों पेसर्स ने ईरानी कप में 14 विकेट लेकर अपनी दावेदारी पेश की है। रेस्ट ऑफ इंडिया की 167 रन की जीत में आकाशदीप ने 6 और मुकेश कुमार ने 8 विकेट लिए। वहीं, जांघ की चोट से जूझ रहे प्रसिद्ध कृष्णा भी फिटनेस क्लीयरेंस मिलने पर न्यूजीलैंड जा सकते हैं। भारत का न्यूजीलैंड दौरा 22 अक्टूबर से शुरू होगा। जोकि 1 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 5 टी-20, 5 वनडे और 2 टेस्ट खेले जाएंगे। क्रिकबज के मुताबिक न्यूजीलैंड की परिस्थितियों को देखते हुए टीम मैनेजमेंट आकाशदीप को रेड-बॉल प्लान का अहम हिस्सा मान रहा है। वे करीब 6 महीने बाद ईरानी कप से क्रिकेट में लौटे थे।

आकाशदीप ने भारत के लिए अब तक 10 टेस्ट खेले हैं और 28 विकेट लिए हैं। पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम टेस्ट में उन्होंने 10 विकेट भी लिए थे। आकाशदीप ने आखिरी टेस्ट मैच अगस्त 2025 में इंग्लैंड के खिलाफ ओवल मैदान पर खेला था। वे चोट से वापसी कर रहे हैं। मुकेश कुमार ने ईरानी कप में शानदार प्रदर्शन कर चयनकर्ताओं का ध्यान खींचा है। दूसरी पारी में 6 विकेट लेने के बाद उनकी न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में वापसी की संभावना बढ़ गई है। रिपोर्ट मुताबिक, टीम मैनेजमेंट चयनकर्ताओं को आकाशदीप के साथ मुकेश कुमार के नाम पर भी विचार करने की सलाह दे सकता है। मुकेश ने जुलाई 2023 में इंटरनेशनल डेब्यू किया था। वे भारत के लिए 3 टेस्ट खेल चुके हैं। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा भी न्यूजीलैंड दौरे पर जा सकते हैं। 30 सितंबर को गुवाहाटी में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे वनडे के दौरान उन्हें हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई थी। वे मैच में सिर्फ 5 ओवर गेंदबाजी कर सके और तीसरे वनडे से बाहर रहे। रिपोर्ट के मुताबिक, उनकी चोट इतनी गंभीर नहीं मानी जा रही कि उन्हें पूरे न्यूजीलैंड दौरे से बाहर होना पड़े। हालांकि, उनका चयन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (उड्डए) से फिटनेस क्लीयरेंस मिलने पर निर्भर करेगा।

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज और गुरनूर बरार के साथ आकाशदीप और मुकेश कुमार को भी रेड-बॉल टीम में शामिल किए जाने की संभावना है। प्रसिद्ध कृष्णा फिट हुए तो वे भी तेज गेंदबाजी विकल्पों में शामिल होंगे। भारतीय चयन समिति अगले सप्ताह न्यूजीलैंड दौरे के लिए टीम का चयन कर सकती है। मुख्य चयनकर्ता के रूप में अजीत अगरकर का कार्यकाल खत्म हो चुका है और फिलहाल प्रज्ञान ओझा की अगुआई में चार सदस्यीय चयन समिति काम कर रही है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आईपीएल 2026 फाइनल के दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ गेंदबाजी करते फउइ के भुवनेश्वर कुमार।

हॉन्गकॉन्ग सिक्सेस 2026 के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। लंबे समय से भारतीय टीम से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार और ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या को टीम में शामिल किया गया है। टूर्नामेंट 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हॉन्गकॉन्ग के टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड पर खेला जाएगा। इस एडिशन में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी।

बीबीएल खेलने के लिए ब्रेसवेल ने सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट छोड़ा

नयी दिल्ली। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेलने का मौका तलाश रहे हैं। इसके लिए उन्होंने अपनी नेशनल क्रिकेट टीम के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट को छोड़ दिया है। वे 2026-26 सीजन में टीम के साथ कैजुअल कॉन्ट्रैक्ट पर रहेंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने सोमवार को इस बात की पुष्टि की है। बोर्ड ने बताया कि ब्रेसवेल की जगह निक केली को सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में शामिल किया गया है। 33 साल के केली को पहला नेशनल कॉन्ट्रैक्ट मिला है। कैजुअली कॉन्ट्रैक्ट वाले खिलाड़ियों में ब्रेसवेल के साथ फिन एलन, मार्क चैपमैन, लॉकी फर्ग्यूसन, एडम मिल्न और टिम सीफर्ट भी शामिल हैं।

पाकिस्तान से हॉकी में गले मिला भारत, क्रिकेट में नो-हैंडशेक

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत ने जापान के आइची-नागोया में खेले गए एशियन गेम्स में 21 गोल्ड सहित 85 मेडल जीते। भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तानी खिलाड़ियों से हाथ ना मिलाने का सिलसिला जारी रखा। हालांकि हॉकी में दोनों टीमों के खिलाड़ी गले मिले। एथलेटिक्स में वित्या रामराज ने पीटी उषा का 42 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा। महिला हॉकी टीम की गोलकीपर सविता पुनिया ने फाइनल में पेनल्टी स्ट्रोक पर गोल बचाया। इसकी बदौलत टीम ने 44 साल बाद विमेंस हॉकी में गोल्ड जीता। भारतीय मेंस हॉकी टीम ने फाइनल में पाकिस्तान को 4-3 से हराकर गोल्ड जीता। मैच के बाद खिलाड़ियों ने हाई-फाई किया और गले भी मिले। क्रिकेट में हाथ ना मिलाने का सिलसिला जारी रहा। फाइनल में टॉस या मैच के बाद भी खिलाड़ियों ने हैंडशेक नहीं किया। गोल्ड जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ी मैदान में तिरंगा लेकर घूमे। फाइनल में पहली पारी के दौरान पाकिस्तानी खिलाड़ी सईम अयूब ने वैभव सूर्यवंशी को आउट कर बच्चे को गोद में उठाने का इशारा किया। हालांकि सूर्यवंशी बिना कुछ बोले पवेलियन लौट गए। शेफाली ने सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 100 रन बनाए। वे एशियन गेम्स में शतक जड़ने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। वित्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स को 54.75 सेकेंड में कंप्लीट कर भारतीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पीटी उषा के 1984 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के 55.42 सेकेंड को पीछे छोड़ा। वित्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल्स को 54.75 सेकेंड में कंप्लीट कर भारतीय रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने पीटी उषा के 1984 लॉस एंजिलिस ओलिंपिक के 55.42 सेकेंड को पीछे छोड़ा।

पीसीबी की शर्तों पर पाक डब्ल्यूसीएल से बाहर

नयी दिल्ली। पाकिस्तान चैंपियंस ने सोमवार को वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के तीसरे सीजन से नाम वापस ले लिया। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टीम को टूर्नामेंट में खेलने के लिए एनओसी देने पर कुछ शर्तें रखी थीं। सूत्रों के मुताबिक, इनमें पिछले साल के विवाद को लेकर भारतीय खिलाड़ियों से लिखित माफी और इस बार दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हैंडशेक की सहमति शामिल थी। डब्ल्यूसीएल आयोजन समिति ने पीसीबी की इन शर्तों को मानने से इनकार कर दिया। सूत्रों के मुताबिक, आयोजकों ने पीसीबी की व्यावसायिक शर्तें स्वीकार कर ली थीं, लेकिन लिखित माफी और हैंडशेक की मांग नहीं मानी।

89 गेंद पर 111 रन, साउथ अफ्रीका टेस्ट से पहले फॉर्म में लौटे

नयी दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के नंबर-3 बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने करीब 11 महीने बाद शतक लगाकर फॉर्म में वापसी के संकेत दिए हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम साउथ अफ्रीका दौरे पर है और उसे 9 अक्टूबर से पहला टेस्ट खेलना है। इससे पहले पोटचेफस्ट्रूम में क्रिकेट साउथ अफ्रीका इनविटेशनल क के खिलाफ लाबुशेन ने 89 गेंद पर 111 रन की पारी खेली। उन्होंने 76 गेंद पर शतक पूरा किया और 19 चौके लगाए। लाबुशेन ने करीब 11 महीने से किसी भी फॉर्मेट में शतक नहीं लगाया था। लाबुशेन ने आखिरी इंटरनेशनल टेस्ट शतक जुलाई 2023 में इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में लगाया था। उन्होंने उस पारी में 111 रन बनाए थे। इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन गिरा है। इस दौरान उनकी बल्लेबाजी औसत 24.69 रही है। हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज में उन्होंने तीन पारियों में 1, 31 और 4 रन बनाए थे।

लाबुशेन का 11 महीने बाद शतक

बांग्लादेश सीरीज के बाद लाबुशेन की टीम में जगह को लेकर सवाल उठने लगे थे। ऑस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने भी साफ कहा था कि बल्लेबाज से रन की उम्मीद है। मैकडोनाल्ड ने कहा था कि बल्लेबाज क्रीज पर कैसा दिख रहा है, यह तभी मायने रखता है जब उसका असर स्कोरबोर्ड पर भी नजर आए।

अमीर जांगू टी-20 सीरीज के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज ने भारत के खिलाफ आगामी टी-20 सीरीज के लिए विकेटकीपर-बल्लेबाज अमीर जांगू को अपनी टीम में शामिल कर लिया है। उन्हें ज्वेल एंड्रयू के बैकअप के रूप में टीम में जगह दी गई है। एंड्रयू को शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान कैच पकड़ते समय उंगली में चोट लग गई थी। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने इसकी आधिकारिक पुष्टि करते हुए बताया कि एंड्रयू की चोट पर मेडिकल टीम लगातार नजर रख रही है और उनके बैकअप के तौर पर अमीर जांगू को स्क्वॉड में शामिल किया गया है। शनिवार को भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में टीम इंडिया की पारी के 36वें ओवर की आखिरी गेंद पर ज्वेल एंड्रयू को चोट लगी।

कोबुडो चैंपियनशिप में लखनऊ का दबदबा, 9 स्वर्ण समेत 14 पदक जीते

खेल संवाददाता

लखनऊ। कानपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में 3 और 4 अक्टूबर को आयोजित चौथी राष्ट्रीय कोबुडो मार्शल आर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में उत्तर प्रदेश के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश की टीम ने प्रतियोगिता में सबसे अधिक पदक जीतकर पदक तालिका में पहला स्थान हासिल किया। इस सफलता में लखनऊ के खिलाड़ियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। राजधानी के खिलाड़ियों ने अलग-अलग भार वर्गों में 9 स्वर्ण और 5 रजत सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए। प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश ने कुल 40 स्वर्ण, 32 रजत और 18 कांस्य पदक जीतकर पहला स्थान हासिल किया। लखनऊ के खिलाड़ियों ने कोबुडो काता और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स की विभिन्न स्पधाओं में बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया और कई खिलाड़ियों ने एक से अधिक पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। लखनऊ की सिमरन ने 40 किलोग्राम भार वर्ग में कोबुडो काता स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। उन्होंने मुकाबलों में आत्मविश्वास के साथ प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। शुभम श्रीवास्तव ने 56 किलोग्राम भार वर्ग में कोबुडो काता स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बाद उन्होंने रजत पदक अपने नाम किया। 34 किलोग्राम भार वर्ग में सानिया ने दोहरी सफलता हासिल की। उन्होंने कोबुडो काता में स्वर्ण पदक जीता, जबकि मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में रजत पदक हासिल किया। उनके प्रदर्शन ने लखनऊ के पदकों की संख्या बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। 47 किलोग्राम भार वर्ग में ज्योति महंगू ने कोबुडो काता में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके साथ ही उन्होंने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में रजत पदक भी जीता। दो पदक जीतकर उन्होंने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। 48 किलोग्राम भार वर्ग में देव वर्धन लखनऊ के लिए खास आकर्षण रहे। उन्होंने कोबुडो काता और मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, दोनों स्पधाओं में स्वर्ण पदक जीतकर दोहरी सफलता हासिल की। उनके प्रदर्शन से लखनऊ के पदकों में दो स्वर्ण का इजाफा हुआ। आकांक्षा रावत ने 42 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए कोबुडो काता में स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में भी रजत पदक हासिल किया। उनके प्रदर्शन की टीम के पदाधिकारियों ने सराहना की। 43 किलोग्राम भार वर्ग में ज्योति सुंदर ने कोबुडो काता में स्वर्ण पदक हासिल किया।



यमन के अहम शहर पर हूतियों का कब्जा

सऊदी अरब की बढ़ेंगी मुश्किलें, गृहयुद्ध में अब तक 1.50 लाख लोगों की मौत

यमन। यमन में चार साल के युद्धविराम के बाद हूती विद्रोहियों और सऊदी समर्थित सरकार के बीच संघर्ष फिर तेज हो गया है। हूतियों ने रणनीतिक तुर्बाह शहर पर कब्जा कर ताइज की ओर अपनी पकड़ मजबूत कर ली है। जवाब में यमन सरकार ने बड़ा सैन्य अभियान शुरू करने का एलान किया है और सऊदी अरब ने उसे पूर्ण सैन्य समर्थन देने की बात कही है।

ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने दक्षिण-पश्चिमी यमन में एक और अहम इलाके पर कब्जा कर लिया है। रविवार को तुर्बाह शहर पर कब्जे के बाद हूती अब रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण प्रांतीय राजधानी ताइज की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। यह घटनाक्रम सऊदी अरब समर्थित यमन सरकार के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमन सरकार ने हूतियों के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान का एलान किया है। करीब चार साल तक चले युद्धविराम के बाद सऊदी अरब और हूतियों के बीच बढ़े तनाव ने यमन के गृहयुद्ध को एक बार फिर भड़का दिया है। तुर्बाह पर हूतियों का कब्जा रविवार को हुआ। इसके कुछ ही समय बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमन सरकार ने हूतियों के खिलाफ बड़े सैन्य अभियान की घोषणा कर दी। तुर्बाह एक अहम सड़क पर स्थित है, जो प्रांतीय राजधानी




ताइज को बंदरगाह शहर अदन से जोड़ती है। अदन फिलहाल अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त यमन सरकार का अंतरिम केंद्र है। पिछले कई वर्षों से तुर्बाह में सरकारी सैनिकों की अहम तैनाती रही है। यहां से वे हूतियों के खिलाफ ताइज की रक्षा करते रहे हैं। ऐसे में शहर का हाथ से निकलना सरकारी बलों के लिए रणनीतिक और सैन्य, दोनों लिहाज से बड़ा नुकसान है। इससे पहले हूतियों ने ताइज के बाहरी इलाकों में कई गांवों और क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया था। इन लगातार बढ़तों ने विद्रोहियों के लिए ताइज को चारों तरफ से घेरने का रास्ता खोल दिया है। ताइज यमन का तीसरा सबसे बड़ा शहर है और देश में इसका रणनीतिक महत्व काफी ज्यादा है। सितंबर की शुरूआत में ईरान समर्थित हूतियों ने लाल सागर के पश्चिमी तट पर तेजी से आगे बढ़ना शुरू किया था। इस अभियान के दौरान उन्होंने रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मोखा शहर और लाल सागर के कई द्वीपों पर कब्जा कर लिया। इन इलाकों पर नियंत्रण मिलने के बाद हूतियों का यमन की तरफ से बाब अल-मंदब जलडमरूमध्य पर नियंत्रण हो गया है।

बाब अल-मंदब दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री रास्तों में शामिल है। इस संकरे जलमार्ग से दुनिया के करीब 12 फीसदी वैश्विक व्यापार का आवागमन होता है। इसलिए इस इलाके पर किसी भी सशस्त्र समूह का नियंत्रण क्षेत्रीय संघर्ष के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए भी गंभीर चिंता का विषय बन सकता है। रविवार को जारी बयान में सऊदी समर्थित यमन सरकार ने कहा कि वह सरकार के नियंत्रण वाले इलाकों में सैनिकों की तैनाती और लामबंदी कर रही है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अपनी सरकार को समर्थन देने की अपील भी की।

मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था हो रही कमजोर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अमेरिका पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने अपनी पसंद से अकेली ताकत बनने का विकल्प चुना है। मौजूदा अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को लंबे समय तक अमेरिका का भारी समर्थन हासिल था, लेकिन अब उसके बदले हुए रुख से यह व्यवस्था कमजोर हो रही है। अमेरिका और चीन की बढ़ती प्रतिस्पर्धा हर देश के प्रभाव को प्रभावित कर रही है। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में कहा कि रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर भारत का रुख अब सिर्फ शांति की वकालत करने तक सीमित नहीं है, बल्कि भारत अब युद्ध समाप्त कराने के लिए अधिक सक्रिय भूमिका निभा रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि भारत दोनों देशों के बीच व्यावहारिक समाधान और मध्यस्थता की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर ने स्पष्ट किया कि भारत इस समय काला सागर में जहाजों की सुरक्षा, अनाज और ऊर्जा निर्यात, तथा दोनों देशों की तात्कालिक सुरक्षा चिंताओं को दूर करने के लिए मॉस्को और कीव दोनों के साथ निरंतर संपर्क में है। जयशंकर ने आगे कहा, हम इस संघर्ष का अंत देखना चाहते हैं। इसके लिए संवाद और कूटनीति की आवश्यकता होगी। हम कई वर्षों से इसकी वकालत कर रहे हैं, और हाल के महीनों में हमने वकालत से आगे बढ़कर इसमें और अधिक सक्रिय भूमिका निभाई है। हम इस संबंध में



रूस और यूक्रेन दोनों से बातचीत कर रहे हैं। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने म्यूनिख में आयोजित 'लीडर्स मीटिंग' को संबोधित करते हुए कहा कि भारत रूस-यूक्रेन युद्ध में शत्रुता की समाप्ति के लिए व्यावहारिक विचारों पर निरंतर चर्चा कर रहा है। इससे पहले, पीएम मोदी द्वारा रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को युद्ध रोकने का संदेश दिए जाने के तुरंत बाद, जयशंकर ने अपनी यूक्रेन यात्रा के दौरान भी संकेत दिए थे कि भारत युद्ध रोकने के लिए विचार विकसित कर रहा है। भारत के इन प्रयासों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी सराहना हो रही है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है कि शांति स्थापना के लिए पीएम मोदी के पास बेहद व्यावहारिक और अच्छे विचार हैं। वहीं, यूक्रेन के विदेश मंत्री एंड्री सिबिहा ने स्पष्ट किया कि अमेरिका सहित कई देशों से प्राप्त चार शांति प्रस्तावों में से भारत द्वारा पेश किया गया प्रस्ताव सबसे व्यापक और


लंदन-शिकागो फ्लाइट ने जारी किया आपात कोड

डबलिन। लंदन से शिकागो जा रही ब्रिटिश एयरवेज की फ्लाइट बीए295 ने आयरलैंड के ऊपर उड़ान के दौरान अचानक तेज नीचे उतरना शुरू किया। विमान 37 हजार फीट की ऊंचाई से कुछ ही मिनट में 9 हजार फीट तक आ गया। इसके बाद चालक दल ने 7700 आपात कोड जारी किया। विमान को इतनी तेजी से नीचे क्यों लाना पड़ा और क्या फ्लाइट में कोई गंभीर खतरा पैदा हुआ था?

फ्लाईदुबई से जुड़ी घटना के बाद अब एक और यात्री विमान में अचानक आई आपात स्थिति आ गई। ब्रिटिश एयरवेज की लंदन से शिकागो जा रही फ्लाइट बीए295 ने आयरलैंड के ऊपर उड़ान के दौरान अचानक तेजी से नीचे उतरना शुरू कर दिया। विमान कुछ ही मिनट में 37 हजार फीट से करीब 9 हजार फीट की ऊंचाई पर आ गया। इसके तुरंत बाद चालक दल ने 7700 आपात कोड जारी किया।

अमेरिकी शेयर बाजार में 1721% तक बढ़ीं नौकरियां

न्यूयॉर्क। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के कारण इंसानों की नौकरियां छिनेंगी या नहीं, इस बहस के बीच अमेरिकी वित्तीय बाजार वॉल स्ट्रीट से एक सकारात्मक तस्वीर सामने आई है। वित्तीय संस्थानों में एआई ने पारंपरिक नौकरियों पर कैंची चलाने के बजाय नई और अत्यधिक वेतन वाली नौकरियों की बाढ़ ला दी है। वॉल स्ट्रीट के दिग्गज बैंकों में एआई से जुड़ी नौकरियों में सबसे तेजी से उभरने वाली स्किल एजेंट ऑर्किस्ट्रेशन है जिसमें पिछले एक साल के दौरान 1,721% की ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। एंटरप्राइज हायरिंग डेटा फर्म ड्रॉप के ताजा विश्लेषण के मुताबिक, दिग्गज बैंक अब केवल कोड लिखने वालों के बजाय ऐसे पेशेवरों की तलाश कर रहे हैं जो कई एआई एजेंट्स को एक साथ काम पर लगा सकें। इसके लिए सबसे ज्यादा मांग ऐसे इंजीनियरों की है जो सीधे ट्रेडिंग डेस्क या बैक ऑफिस जाकर इन एआई एजेंट्स के कामकाज में समन्वय स्थापित की व्यवस्था लागू करते हैं और यह तय करते हैं कि इंसानी दखल की जरूरत कब पड़ेगी। इस तरह की नौकरियों को एआई के नैतिक और सुरक्षात्मक दायरे तय करने के लिहाज से बेहद अहम माना जा रहा है। इसे ऐसे समझ सकते हैं कि लोन की मंजूरी या ट्रेडिंग डेस्क पर एक एजेंट डाटा की जांच करता है, दूसरा कानूनी दस्तावेजों और तीसरा नियामक नियमों की पड़ताल करता है। बैंक ऐसे पेशेवर तलाश रहे हैं



जो इन सारे एजेंट्स को एक साथ नियंत्रित कर सके, ताकि एजेंट आपस में मिलकर पूरी बैंकिंग प्रक्रिया को अंजाम दे सकें और मैनेजर को फाइनल रिपोर्ट भेजें। ड्रॉप के आंकड़ों के मुताबिक, जेनरेटिव एआई मैनेजर्स को लगभग 190,000 डॉलर यानी करीब 1.80 करोड़ रुपये की सालाना औसत सैलरी मिल रही है, जिसमें बोनस और स्टॉक इंसेंटिव्स का फायदा अलग से ऑफर किया जा रहा है। पहले उन डाटा साइंटिस्ट्स की मांग होती थी जो नए एआई मॉडल बनाते थे। जेपी मॉर्गन चेस, सिटीग्रुप और कैपिटल वन जैसे दिग्गज बैंकों में एआई से जुड़े पदों के लिए कुल विज्ञापनों की संख्या बढ़कर 1,39,819 तक पहुंच चुकी है। एआई मॉडल को ट्रेन करने से जुड़े 8,400 विज्ञापनों के मुकाबले एआई गवर्नेंस, सुरक्षा और ऑडिटिंग से जुड़े पदों की संख्या दोगुनी यानी 16,000 से अधिक हो चुकी है।

इंटरटेनमेंट...

दृश्यम-3 ने 2 दिन में कमाये 177 करोड़

मुंबई। अजय देवगन स्टारर फिल्म 'दृश्यम 3' (दृश्यमः द कंक्लूजन) ने बॉक्स ऑफिस पर मजबूत शुरूआत की है। रिलीज के शुरूआती दो दिनों में ही फिल्म ने दुनियाभर में 177 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। इसके साथ ही यह फिल्म इस साल की टॉप 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों की लिस्ट में शामिल हो गई है।

- सलमान खान की 'सिकंदर' का रिकॉर्ड तोड़ा; 2015 में आई पहली दृश्यम को भी पीछे छोड़ा



घरेलू बॉक्स ऑफिस पर फिल्म ने दो दिनों में 115.50 करोड़ रुपए का नेट कलेक्शन किया है। वहीं, **'दृश्यम**3' के थिएटर्स में आने से पहले से चल रही फिल्म 'हनुमान अंश' की कमाई की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ी है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म 'दृश्यम 3' की एडवांस बुकिंग 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की रही थी। फिल्म ने पहले दिन शुक्रवार को दुनियाभर में 93 करोड़ रुपए का कलेक्शन दर्ज किया था। दूसरे दिन शनिवार को भी फिल्म की अच्छी पकड़ बनी रही। भारत में शनिवार को फिल्म ने 53.50 करोड़ रुपए का नेट बिजनेस किया, जबकि शुक्रवार को 62 करोड़ रुपए की कमाई हुई थी। दो दिनों में फिल्म का भारत में कुल ग्रॉस कलेक्शन 138.60 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। **'दृश्यम** 3' की दो दिनों की कमाई ने कई बड़ी फिल्मों के लाइफटाइम कलेक्शन को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म ने सलमान खान की 'सिकंदर' के 176 करोड़ रुपए के कुल कलेक्शन का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। इसके साथ ही फिल्म ने साल 2015 में रिलीज हुई फ्रैंचाइजी की पहली फिल्म 'दृश्यम' के 107 करोड़ रुपए के लाइफटाइम बिजनेस को भी शनिवार सुबह पार कर लिया। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में फिल्म ने अब तक 4 मिलियन डॉलर (करीब 33 करोड़ रुपए) का कारोबार किया है। अभिषेक पाठक के निर्देशन में बनी इस फिल्म की कहानी 2 अक्टूबर के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में अजय देवगन (विजय सालगांवकर), तबू, श्रिया सरन, रजत कपूर, इशिता दत्ता, मृणाल जाधव और कमलेश सावंत अपने पुराने किरदारों में लौटे हैं। फिल्म में सौरभ शुक्ला का कैमियो रोल है। वहीं, इस तीसरे पार्ट में जयदीप अहलावत और प्रकाश राज नए किरदारों के रूप में फ्रैंचाइजी से जुड़े हैं। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार, 58 दिनों से सिनेमाघरों में चल रही फिल्म 'हनुमान अंश' की कमाई में गिरावट आई है।

मीका ने दिलजीत पर उठाये सवाल, बॉर्डर 2 को नहीं किया प्रमोट

मुंबई। मीका सिंह और दिलजीत दोसांझ ने अब तक एक साथ मिलकर किसी भी गाने में अपनी आवाज नहीं दी है। सिंगर मीका सिंह ने दिलजीत दोसांझ पर बॉलीवुड फिल्मों के प्रमोशन को लेकर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि दिलजीत ने 'बॉर्डर 2' को ज्यादा प्रमोट नहीं किया। मीका के मुताबिक, दिलजीत ने अपनी उस फिल्म के बारे में पोस्ट किया, जिसमें पाकिस्तानी एक्ट्रेस हानिया आमिर थीं। हालांकि, दिलजीत ने 'बॉर्डर 2' का फर्स्ट लुक, ट्रेलर और कुछ इळर वीडियो शेयर किए थे। मीका ने कहा, मुझे दिलजीत से जलन क्यों होगी? मुझे उस पर गर्व है। दलेर पाजी के बाद अगर पगड़ी पहनकर किसी ने सिंगर के तौर पर पहचान बनाई है, तो वह दिलजीत है। वह बहुत अच्छा काम कर रहा है। इसके बाद मीका ने 'बॉर्डर 2' का जिक्र किया। मीका ने कहा, मैं गलत हो सकता हूं, लेकिन मुझे लगता है कि 'बॉर्डर 2' आने पर दिलजीत पाजी ने उसका एक प्रतिशत भी प्रमोशन नहीं किया। उन्होंने सनी



पाजी को एक प्रतिशत भी धन्यवाद नहीं दिया। 'बॉर्डर 2' में दिलजीत ने सनी देओल, वरुण धवन और अहान शेट्टी के साथ काम किया था। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल थी।

'बॉर्डर 2' में दिलजीत ने सनी देओल, वरुण धवन और अहान शेट्टी के साथ काम किया था। अनुराग सिंह के निर्देशन में बनी यह फिल्म 'बॉर्डर' का सीक्वल थी। मीका ने कहा कि उन्होंने दिलजीत को कभी सार्वजनिक तौर पर सनी देओल के साथ काम करने की अहमियत बताते नहीं देखा। उन्होंने कहा, मैंने दिलजीत को कभी यह कहते नहीं देखा कि सनी देओल के साथ मेरी फिल्म आ रही है, यह बड़ी बात है। उन्होंने 'बॉर्डर 2' के बारे में कभी बात नहीं की। फिल्म आने के बाद भी मैंने उन्हें इसके बारे में पोस्ट करते नहीं देखा। मीका ने कहा, 'मैं वापस आऊंगा' भी रिलीज हुई, लेकिन उन्होंने उस पर कोई पोस्ट नहीं किया। उन्होंने सिर्फ उस फिल्म के बारे में पोस्ट किया, जिसमें एक पाकिस्तानी कलाकार था। हालांकि, दिलजीत ने 'बॉर्डर 2' के प्रमोशन से जुड़ा कंटेंट शेयर किया था।

7 अक्तूबर की जीएसटी काउंसिल बैठक में टैक्स अफसरों के सीधे गिरफ्तारी अधिकार खत्म करने और न्यायिक मंजूरी अनिवार्य करने के प्रस्ताव पर फैसला संभव है।

BABU BANARASI DAS EDUCATIONAL GROUP
NAAC Accredited
12500+ More than 1500+ Companies have already hired our Students!
Job offers & still continuing since last 4 years ...
BBD UNIVERSITY Host University for KHELO INDIA
150000+ Alumni
ADMISSION OPEN 2026-2027
BBD UNIVERSITY | www.bbdu.ac.in
COURSES OFFERED
• Engineering • Management • Legal Studies • Pharmacy • Architecture
• Dental Science • Computer Applications • Basic Sciences • Education
• Hotel Management • Agricultural Sciences • Media & Communication • Ph.D. in all Disciplines
Meritorious Scholarships Offered
Highest Package 48.00 LPA Microsoft
Dream Placement 44.15 LPA amazon
Dream Placement 28.88 LPA Google
Courses available in Collaboration with IBM and HCL GUVI
NEW COURSES
Courses in Collaboration with HCL GUVI
B.TECH (CSE) Generative AI | MBA- DS & AI | IMBA- DS & AI
BBA - Marketing | M.TECH (CSE) - AI
BBDCODS www.bbdcods.edu.in BDS Bachelor of Dental Surgery (4 Year Course & 1 Year Rotatory Internship) | M.D.S/Ph.D In all 9 Specialties
BBDITM | AKTU CODE - 054 | www.bbditm.ac.in
B.TECH [CSE, CSE(AI), CSE(AI&ML), CSE(DS),IT, ECE, ME, EE,CE] MBA & M.TECH
BBDNIIT | AKTU CODE - 056 | www.bbdniit.ac.in
B.TECH [CSE,CSE(AI&ML),CSE(AI), IT,ECE, EE, ME,CE] M.TECH, MBA
B.PHARM. M.PHARM. D.PHARM BTEUP CODE- 2746
SCHOLARSHIP @25% All 4 Years in EE, ME, CE and ECE in AKTU Colleges
AMENITIES
Auditorium (1000+ Seating Capacity) | Student's Mall & Cafeteria | Transport & Health Services | Lord Siddhi Ganesha Temple | In Campus Bank and ATM | AC & Non-AC Hostels | BCCI Approved Cricket Stadium | BBD 90.8FM Channel | 24x7 Security & Wifi | Fully Wifi Campus
TOP RECRUITERS
amazon Google IBM adani zomato Grab accenture tcs pwc Microsoft Infosys HARMAN paytm EY Capgemini NEWGEN wipro accenture
BBD Green City, Ayodhya Road, Lucknow, Uttar Pradesh - 226028 India.
www.bbdu.ac.in 0522-6196300/6196222

शिक्षक एकता जिन्दाबाद शिक्षक एकता जिन्दाबाद
लखनऊ शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से शिक्षक विधायक मा. उमेश द्विवेदी
के ऐतिहासिक नामांकन के सुअवसर पर प्रदेश के सभी सम्मानित प्रबुद्ध शिक्षकों का
हार्दिक अभिनन्दन एवं स्वागत
दिनांक 06 अक्टूबर 2026 प्रातः 10 बजे लखनऊ में आप सब
मा. उमेश द्विवेदी जी एमएलसी
के नामांकन की पावन बेला पर सादर आमंत्रित हैं
लगातार तीसरी बार शिक्षक विधायक के गरिमामयी पद पर मा. उमेश द्विवेदी को



निर्वाचित करने के लिए प्रथम वरीयता I के वोट एवं समर्थन का आप सभी से विनम्र निवेदन



सौजन्य से
संतोष द्विवेदी
समाजसेवी लालगंज, प्रतापगढ़

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com